e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 250

**सुविचार**

यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते है, तो पहले सूर्य की तरह जलना सीखिए !

# प्रभात मंत्र

मंगलवार

12.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

## क्विक न्यूज

### भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर सीएम ने उन्हें किया नमन

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने भूदान आंदोलन के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया। आचार्य विनोबा जी के संघर्ष और आदर्शों को आत्मसात करते हुए हमारी सरकार काम कर रही है। ऐसा राज्य में पहली बार हमारी सरकार में हुआ है कि कई लोगों को उनकी जमीन वापस की गयी। राज्य के लोगों को हक-अधिकार देने के लिए काम कर रही है झारखण्ड सरकार। इधर नेपाल में 21 सितंबर से शुरू होने जा रहे सैफ अंडर 19 चैंपियनशिप के लिए भारतीय फुटबॉल टीम में गोड्डा के विजय मरांडी का चयन होने पर सीएम ने बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार विजय। आप खूब खेलो, आगे बढ़ो, यही कामना करता हूँ। आपका यह भाई आपके साथ है।

### घोसी सीट जीतकर न इतराए सपा, 2024 में सभी 80 सीटें जीतेगी भाजपा : स्वाती सिंह

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि घोसी की सीट पहले समाजवादी पार्टी की थी। हम उस पर कमल खिलाने में कामयाब नहीं हो पाये। इससे समाजवादी पार्टी को बहुत ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में कमल ही खिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरे विश्व में है। यहां विपक्ष में उनकी लोकप्रियता के आगे कोई दूर-दूर तक नहीं टिकता।समाजवादी पार्टी के मुखिया द्वारा बार-बार घोसी के उपचुनाव के नतीजों को लेकर आ रहे बयानों स्वाती सिंह ने कहा कि यदि उपचुनाव में भाजपा जीतती तो समाजवादी पार्टी इवीएम पर दोष मढती। जब वह जीत दर्ज कर ली है तो जनता ने उसे बहुमत दिया है। हकीकत तो यह है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सहित पूरे विपक्ष का पत्ता उप्र से साफ हो जाएगा। यहां सभी 80 सीटों पर भाजपा का कमल खिलने वाला है। इसको लेकर विपक्ष की घबराहट अभी से दिखने लगी है।

### कांग्रेस का साथ छोड़ नेता ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली :** राजस्थान में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। पूर्व लोकसभा सांसद ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी भाजपा में शामिल हो गए हैं। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, और राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में पार्टी के दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मुख्यालय में ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर दोनों सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि राजस्थान में परिवर्तन की लहर साफ देखी जा रही है। वहां महिलाएं बिलकुल सुरक्षित नहीं है, हर दिन राजस्थान में महिलाओं के साथ अपराध हो रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस के करीब 40 नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। राजस्थान की यह स्थिति साफ बताती है कि वहां जनता परिवर्तन चाहती है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## उत्तरी छोटनागपुर प्रमंडलीय रोजगार मेला कार्यक्रम के युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

# हजारीबाग में 11,850 युवाओं को मिला ऑफर लेटर : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने घोषित कार्यक्रम में हजारीबाग नहीं जाने पर खेद प्रकट करते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर में खराबी आ जाने के कारण अपने प्यारे युवा भाईयों एवं बहनों के बीच ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सका. उन्होंने कहा कि सरकार में मेरे साथी मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता तथा अन्य विधायकों द्वारा ऑफर लेटर वितरित किया गया. उन्होंने कहा कि राज्य के होनहार स्थानीय युवाओं के बारे में पूर्ववर्ती सरकारों ने कभी नहीं सोचा था.जबकि हमारी सरकार युवाओं को नौकरी और रोजगार प्रदान कर रही है. विगत महीने हमने दस हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर दिया है. हजारीबाग में 11,850 युवाओं को ऑफर लेटर मिला, जिसमें 90 प्रतिशत युवा स्थानीय हैं. इस ऐतिहासिक अवसर पर हम समस्त युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए जोहार करता हूं. मौके पर संसदीय कार्य मंत्री ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के हर चुनौतियों के बीच मजबूती से राज्य के लिए ऐतिहासिक फैसलों एवं निर्णयों से मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने राज्य को तरक्की के मार्ग पर आगे ले जाने का काम किया है। कहा कि गरीब तबके की आर्थिक सुरक्षा एवं लोगों का सहारा सर्वजन पेंशन योजना बना। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर दे रहा है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर आमजन व्यवसाय के मालिक बन रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम से सरकार अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोगों को सम्पति का मालिक बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास से वंचितों को 3 कमरा का आवास योजना शुरू किया जा रहा है। जिसके तहत 2-3 वर्षों में सात से आठ लाख लोगों को इससे अच्छादित किया जाएगा।

### अबुआ आवास से वंचितों को मिलेगा 3 कमरा का आवास



### कार्यक्रम में झारखण्डी लोक नृत्य-गीत की रंगारंग प्रस्तुती दी गई

इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों में प्रमण्डलीय क्षेत्र के 11850 युवक-युवितियों को माननीय अतिथियों के द्वारा नियक्ति पत्र दिया गया। इससे पूर्व अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। मौके पर स्वागत भाषण सचिव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग राजेश कुमार ने दिया। मंच संचालन राजश्री प्रसाद ने किया। साथ ही कला संस्कृति विभाग के विभिन्न कलदलों द्वारा स्थानीय एवं झारखण्डी लोक नृत्य-गीत की रंगारंग प्रस्तुती दी गई।

### रोजगार सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है सरकार भोक्ता

सभा को सम्बोधित करते हुए श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कहा कि 11500 युवक युवतियों को प्रमण्डलीय रोजगार मेला में सरकार रोजगार दे रही है। कहा कि कौशल प्रशिक्षण से शत प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसके अलावे असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रही है। साथ ही समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर गाण्डेय विधायक सरफराज अहमद व बरही विधायक उमा शंकर अकेला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री पहुंचे वाराणसी, हुआ भव्य स्वागत



**एजेंसी**

**वाराणसी :** देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 सम्मेलन में भाग लेने के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ सोमवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तर राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ और उनकी पत्नी कोबिता जुगनाथ का जिला प्रशासन के अफसरों के साथ जन प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट से मेहमान प्रधानमंत्री का काफिला कड़ी सुरक्षा के बीच नदेसर स्थित तारांकित होटल के लिए रवाना हो गया। एयरपोर्ट से शहर तक स्कूली बच्चों ने भारत और मॉरीशस का राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए मेहमान प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। शिवपुर गिलट बाजार में लोक कलाकारों ने ढ़ोल नगाड़े की थाप पर नृत्य से मॉरीशस के प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। वाराणसी में तीसरी बार आये मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवींद जुगनाथ का नदेसर स्थित तारांकित होटल में वाराणसी के कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने फूलों का गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। होटल में कुछ देर विश्राम के बाद मेहमान प्रधानमंत्री गंगा नदी में अपने ससुर की अस्थियां विसर्जित करेंगे, फिर श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगे। शाम को दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती भी देख सकते हैं। होटल में रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह बाबतपुर एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए रवाना होंगे। शहर में मेहमान प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए उनकी सुरक्षा में पुलिस फोर्स के अलावा 10 आईपीएस, पांच एडिशनल एसपी, आठ डिप्टी एसपी, पांच इंस्पेक्टर, 40 महिला-पुरुष सब इंस्पेक्टर, 200 आरक्षी-मुख्य आरक्षी और तीन कंपनी पीएसी के जवान तैनात किये गये हैं। दशाश्वमेध घाट से मणिकर्णिका घाट सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**वाराणसी में तीसरी बार आये मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवींद जुगनाथ का नदेसर स्थित तारांकित होटल में वाराणसी के कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने फूलों का गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।**

## फ्लाइट में महिला से छेड़छाड़, मुंबई से गुवाहाटी जा रहे विमान में किया गया यौन उत्पीड़न, मामला दर्ज




**पीड़िता द्वारा कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने के बाद विमान के गुवाहाटी में उतरने के बाद आरोपी को असम पुलिस को सौंप दिया गया।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** मुंबई से गुवाहाटी जा रही इंडिगो फ्लाइट में एक महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ करने के मामला सामने आया है। आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। असम पुलिस ने आरोपी को पकड़ा इंडिगो के प्रवक्ता के अनुसार, घटना 10 सितंबर को फ्लाइट संख्या 6ई 5319 में हुई। पीड़िता द्वारा कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने के बाद विमान के गुवाहाटी में उतरने के बाद आरोपी को असम पुलिस को सौंप दिया गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा स्थानीय पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर कार्रवाई हुई है।

इंडिगो प्रवक्ता ने कहा कि जहां भी आवश्यक होगी हम जांच में सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने शिकायत मिलते ही तुरंत एक्शन लिया है। इससे पहले दुबई से अमृतसर जा रही एक फ्लाइट में भी छेड़खानी का मामला सामने आया था। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट आ रहे विमान में नशे में धुत आदमी ने फ्लाइट की महिला क्रू मेंबर से छेड़छाड़ की थी। हालांकि, विमान क अमृतसर पहुंचते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।।बता दें कि पिछले दो महीनों में विभिन्न फ्लाइट्स में यौन उत्पीड़न के कम से कम चार मामले सामने आए हैं। इससे पहले 16 अगस्त को दिल्ली-मुंबई स्पाइसजेट फ्लाइट में कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी इस घटना पर दिल्ली पुलिस और डीजीसीए को नोटिस जारी किया था।

# चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के बाद पूरे राज्य में हुआ विरोध प्रदर्शन



**वहीं, विरोध को विफल करने के लिए पुलिस ने लगातार तीसरे दिन पार्टी के कई शीर्ष नेताओं को नजरबंद कर दिया.**

**एजेंसी**

**चित्तूर :** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जिसके बाद राज्य में पार्टी की ओर से बंद का आह्वान किया गया था. सोमवार को इस बंद के कारण टीडीपी के कार्यकर्ताओं ने आंध्र प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया. चित्तूर जिले में सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) की बस डिपो से बाहर निकलते ही टीडीपी कार्यकर्ताओं ने बस पर जमकर पथराव किया. प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर भी जलाए. वहीं, विरोध को विफल करने के लिए पुलिस ने लगातार तीसरे दिन पार्टी के कई शीर्ष नेताओं को नजरबंद कर दिया. जानकारी के मुताबिक, आंध्र प्रदेश पुलिस ने राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कार्रवाई के तौर पर चित्तूर जिले में टीडीपी एमएलसी कंचेरला श्रीकांत सहित कई पार्टी नेताओं को हिरासत में लेने की भी कोशिश की. यहां तक कि जब पुलिस टीडीपी एमएलसी श्रीकांत को हिरासत में लेने के लिए आगे बढ़ी तो उन्होंने सड़क पर धरना देना शुरू कर दिया. इतना ही नहीं उन्होंने प्रदर्शन के दौरान राज्य में जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ नारे लगाए. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत के खिलाफ तिरूपति और पश्चिम गोदावरी जिलों में भी विरोध प्रदर्शन किये गए. गौरतलब है कि विजयवाड़ा की एक अदालत द्वारा नायडू को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद पुलिस ने राज्य भर में रैलियों,जुलूसों और बैठकों पर प्रतिबंध लगाते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दी. सीआरपीसी की धारा 144 का उल्लंघन करते हुए, टीडीपी कार्यकर्ता अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोमवार सुबह सड़कों पर उतर आए.

# सऊदी के क्राउन प्रिंस और पीएम मोदी के बीच हुआ द्विपक्षीय वार्ता

*** अहम समझौतों पर हुए हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री बोले- साझेदारी से बढ़ेगी डिजिटल कनेक्टिविटी**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद से कई मुद्दों पर व्यापक बातचीत की. इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया. दोनों नेताओं ने इंडिया सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल की पहली बैठक के कार्यवृत पर हस्ताक्षर किए. द्विपक्षीय बैठक मे कई एमओयू भी साइन किए गए. जी20 शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद मोहम्मद बिन सलमान इस समय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं.द्विपक्षीय बैठक के दौरान राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग जैसे जरूरी विषयों पर चर्चा हुई. द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले के मुकाबले सऊदी अरब और भारत के संबंध और बेहतर होंगे. बैठक के बाद ज्वॉइंट प्रेस ब्रीफिंग में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,दुनिया की तेजी से बढ़ती और दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते शांति के लिए हमारा आपसी समन्वय और पूरे क्षेत्र में स्थिरता जरूरी है. हमने बातचीत में हमारी साझेदारी को आगे ले जाने के लिए कई पहलों की पहचान की है. आज की बातचीत नई ऊर्जा और हमारे रिश्तों को नई दिशा प्रदान करेगी. ये हमें मानवजाति के कल्याण के लिए साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगी.



### इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर पर भी की बात

भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर ऐतिहासिक इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कल, हमने ऐतिहासिक एकोनॉमिक कॉरिडोर शुरू करने का फैसला किया है. यह कॉरिडोर न सिर्फ दो देशों को जोड़ेगा, बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी प्रदान करने में भी मदद करेगी. आपके नेतृत्व और विजन 2030 से सऊदी में अद्भुत आर्थिक विकास दिखता है. सऊदी अरब पश्चिम एशिया में भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदारों में से एक है. पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के बीच समग्र संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है. दोनों पक्ष अपनी सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं.

### स्टालिन समेत अन्य के खिलाफ कोडरमा में परिवाद पत्र दायर

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने सनातन धर्म के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने से आहत होकर अधिवक्ता रिशिकांत एवं प्रवीण सिंहा के माध्यम से न्यायालय में परिवाद सं 1890/23 दायर किया है। विधायक सह कल्याण एवं खेल मंत्री हैं, ने तमिलनाडु प्रोगेसिव रायटर्स फोरम के सम्मेलन में उत्तेजक एवं भड़काऊ बयान देते हुए इसके उन्मूलन की बात कही।

नयनश्री नेत्रालय

असर्फी हॉस्पीटल

आयुष्मान कार्ड के द्वारा

निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी

77070 13096 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# फंटूश उर्फ राजेश हत्याकांड में चार अपराधी भेजे गए जेल कुणाल सिंह की हत्या के प्रतिशोध में हुआ था मर्डर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज ग्राउंड के पास गत 8 सितंबर की संध्या 6 बजे हुई राजेश कुमार वर्मा उर्फ फंटूस की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. साथ ही हत्या में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिल, एक देशी कट्टा, एक 7.65 की पिस्टल, दो खोखा आदि बरामद किए हैं। इस घटना को पांच अपराधियों ने मिलकर अंजाम दिया था. एक अपराधी फरार है. सभी चारों अपराधियों को सोमवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में राजेश के भाई राकेश वर्मा ने पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को बताया कि 8 सितम्बर शाम 6 बजे राजेश कुमार वर्मा उर्फ फंटूस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजेश का मर्डर हत्या का बदला था। उन्होंने बताया कि जून 2020 शहर थाना क्षेत्र के सुदना में बीसफुटा पुल के समीप अपराधकर्मी कुणाल सिंह की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्या का बदला राजेश कुमार वर्मा उर्फ फंटूस की गोली मारकर ली गयी। कुणाल गैंग का अपराधी होने के बावजूद राजेश ने डब्लू सिंह गैंग से मिला गया था और बताया था कि कुणाल डब्लू सिंह की हत्या की योजना बना रहा है। डब्लू ने कुणाल की हत्या इसी वजह से करा दी थी। एसपी ने बताया कि फंटूस हत्याकांड की योजना कुणाल सिंह के भाई चंदन सिंह ने बनाई थी. प्लानिंग के तहत चंदन सिंह ने इस घटना को अंजाम देने के लिए पहाड़ी मुहल्ला श्मशान घाट के पास रहने वाले तारिक शाह पिता अबूल हसन, अघोर आश्रम रोड के निवासी अमृतेश्वर सिंह उर्फ छोटका बाबू, चेयरमैन रोड निवासी सोनू कुमार चन्द्रवंशी उर्फ यश वर्मा एवं एक अन्य को अपने साथ शामिल किया था। सभी बाइक से राजेश वर्मा के घर के समीप पहुंचे और रास्ते में ही फंटूश पर गोली चला दी।एसपी ने बताया कि गोली सोनू ने मारी थी. उसके खिलाफ लूटकांड का मामला दर्ज है. इसी तरह अमृतेश्वर सिंह के खिलाफ भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. चंदन सिंह के खिलाफ अपहरण सहित अन्य मामले दर्ज हैं. तारिक शाह को पहली बार जेल भेजा गया है।गिरफ्तारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, पु. अ.नि. ऋषिकेश राय, टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, टीओपी 3 प्रभारी मन्तुष्ट महतो, सदर थाना से स.अ.नि. अभिमन्यु कुमार, शहर थाना से स.अ.नि. नबी अंसारी, हवलदार मानवेल मुर्मू, आरक्षी सारीक इरसाद, संतन कुमार मेहता एवं सहायक आरक्षी प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

# पलामू : खनन टास्क फोर्स की बैठक, उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोक लगाने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी श्री रंजन ने पूर्व में अवैध खनन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा किये गये कार्रवाई की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी सीओ को जिले में अवैध खनन के स्थलों चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी सीओ व थाना प्रभारियों को अवैध माइनिंग को लेकर इंडिविजुअल रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिए। इसके अलावे उन्होंने डीएमओ व परिवहन विभाग को आपसी समन्वय से बिना नंबर व ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने की बात कही। उपायुक्त ने क्रशरों से होने वाले प्रदूषण पर रोकथाम के भी निर्देश दिये। बैठक में डीसी, एसपी रीष्मा रमेशन, सदर व छत्तरपुर एसडीओ, सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सभा से स्वास्थ्य सहिया का हुआ चयन



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम पंचायत सचिवालय केतार में सोमवार को स्वास्थ्य सहिया चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उक्त ग्राम सभा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भवनाथपुर के ज्ञापन संख्या 1006, 3सितंबर23 के आलोक में पूर्व के सहिया के द्वारा सहिया पद छोड़ने के पश्चात नई सहिया चयन हेतु किया गया। उक्त ग्राम सभा का अध्यक्षता मुखिया प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया एवं प्राप्त आवेदन को अवलोकन कर अधिक शिक्षण योग्यता को देखते हुए सर्व समिति से सहिया पद हेतु रीना कुमारी पति राकेश रंजन मेहता को पर्यवेक्षक बीटीटी अनुज कुमार के उपस्थिति में चयन किया गया। जिसका औपचारिक घोषणा एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार पाठक के द्वारा किया गया।

# पुराने सीएचसी भवन में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने को उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र




**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त शशि रंजन को मांग पत्र सौंपकर युवा समाजसेवी संतोष प्रजापति ने हरिहरगंज के पुराने सीएचसी भवन में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग की है। उपायुक्त को सौंपे गए पत्र में समाजसेवी ने कहा है कि पिछले वर्ष से हरिहरगंज सीएचसी का संपूर्ण कार्य नवनिर्मित भवन से संचालित होता है। जो शहरी क्षेत्र से लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर बिहार सीमा पर स्थित है। जिससे आम नागरिकों व शहरी क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर दुर्घटना ग्रस्त लोगों को तथा प्रसूति पीड़ित महिलाओं को नजदीकी सुविधा नहीं मिल पाता है। जिसके चलते ऐसे कई मरीज की पूर्व में मौत भी हो चुकी है। हरिहरगंज नगर पंचायत घनी आबादी वाला क्षेत्र है। ऐसे में मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग पर पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन में स्वास्थ्य सुविधा बहाल हो जाने से लोगों को नजदीक में ही प्राथमिक और इमरजेंसी सुविधा मिल जाएगी।

# रामविलास पासवान सेवा समिति के तत्वाधान में पासवान समाज के युवाओं की बैठक युवा समाज सेवी की अध्यक्षता में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय जलक्रांति भवन परिसर में सोमवार को रामविलास पासवान सेवा समिति के तत्वाधान में पासवान समाज के युवाओं की बैठक युवा समाज सेवी रमेश पासवान उर्फ सोनू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रामविलास पासवान सेवा समिति के संस्थापक अनुराग पासवान ने समिति के उद्देश्यों की चर्चा करते हुये कहा कि यह कोई राजनीतिक संगठन नही है। इसे राजनीति से कोई लेना देना नही है.उन्होंने कहा कि यह समाज को आगे बढ़ाने, समाजिक कुरीतियों को दूर करने, समाज के बच्चों को शिक्षा पर ध्यान दिलाने जैसे समाजिक कार्यो के लिये है.उन्होंने जिले में ब्लड बैंक खोलने की चर्चा करते हुये कहा कि इससे आवश्यकता पड़ने पर सभी जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध हो सकेगा.उन्होंने समाज के युवाओं को इस समिति से जुड़ने तथा इसे आगे बढ़ाने के लिये प्रेरित किया। बैठक में रितेश पासवान, किशोर पासवान, सुमेर पासवान, नरही पंचायत के उपमुखिया शारदा पासवान, गुड्डू पासवान, कबीर पासवान, निरंजन पासवान, रितेश पासवान, रामप्रताप कुमार, प्रिंस कुमार, विष्णु कुमार, छठन पासवान, रंजीत कुमार, अमरेन्द्र पासवान, रामानंद पासवान सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक सह जनसमस्या निवारण शिविर को लेकर किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** प्रखंड मुख्यालय मे आगामी शनिवार को कांग्रेस के तत्वावधान में कार्यकारिणी बैठक सह जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन रमना हाई स्कूल के सभागार मे किया जाना है। आयोजन को लेकर सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एक बैठक का आयोजन किया। बैठक को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मसूर अंसारी ने कहा कि गढवा जिले के सभी प्रखंडों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है.उन्होंने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं को लेकर ग्रामीण परेशान रहते हैं. उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन के लिये इस तरह का शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस किसी के पास यदि कोई समस्या है तो वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलकर आवेदन दें,उनकी समस्याओं का निदान शीघ्र कराने का प्रयास किया जायेगा। वरिष्ठ कांग्रेसी सोनू सिंह ने कहा जो भी समस्या आयेगा, हमे अवगत करावें आपके समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास रहेगा और कहा की कांग्रेस हमेशा से गरीबों के साथ रही है.ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं, उनका निदान तत्काल कराने का प्रयास किया जायेगा. शिविर में आये आवेदनों में से कई आवेदनों का निष्पादन उन्होंने दूरभाष द्वारा पदाधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट कराया जायेगा कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन के लिये कांग्रेस ततपर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को लिखित रूप में कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता को उपलब्ध करावें। उन्होंने कहा कि उनके समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का पहल किया जायेगा। बैठक मे प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी सोनू सिंह, आनंद कुमार, उमर अंसारी, संतोष कुमार, असर्फी राम, मुख्तार अंसारी, आशीष चौधरी, सत्येंद्र साह, नथुनी मेहता, इरफ़ान अंसारी, असूलीदीन अंसारी, इस्लामुदिन अंसारी जमालूदिन अंसारी और कई कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

# भैंसा के पटकने से 18 वर्षीय युवती की हुई मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल



**विशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बलुआखाड़ निवासी ब्रह्मदेव यादव की लगभग 18 वर्षीय पुत्री बबीता कुमारी की मौत भैंस को पटकने से हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक बबीता कुमारी प्रत्येक दिन की तरह अपने भैंस चराने गई थी। इसी बीच भैंसा को खेती खाते देख डंडा लेकर वहां से भागने लगी इसी बीच भैंस ने बबीता कुमारी पर हमला बोल दिया और युवती बुरी तरह से घायल हो गई। परिजनों ने घायल अवस्था में घर लाया जहां उसकी मौत हो गई। जैसे ही खबर गांव की चारों ओर फैली देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी, आसपास के लोगों ने बताया की मृतक बबीता कुमारी प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरीकला में 12 वीं की छात्रा थी, वह पढ़ने में काफी मेहनती थी।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में पढ़ रहे बच्चों के बीच नोट बुक का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पाटन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में छात्र-छात्राओं के बीच नोटबुक का वितरण किया गया। इस मौके पर पाटन प्रखंड के बीआरपी बृजकिशोर तिवारी जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, शैक्षणिक समस्याओं का निवारक यंत्र है पुस्तिका- उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह के प्रांगण में पुस्तिका सह नोटबुक वितरण के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उक्त बातें पाटन प्रखंड के बीआरपी ब्रज किशोर तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे अपने विषयगत कठिन बिंदुओं को बार-बार लिखने का प्रैक्टिस करेंगे तो परीक्षा के समय उन्हें काफी सहूलियत होगी राइटिंग मैक्स ए मैन परफेक्ट कहावत को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बच्चे लिखने की आदत डालें उन्हें कठिन पाठ भी सहज लगने लगेगा सुंदर और स्पष्ट लेखन बच्चों के व्यक्तित्व को निखरता है। सहायक अध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार सिंह, सहायक अध्यापक अखिलेश कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रीमा देवी, संजू जी का कांति देवी आदि उपस्थित थे।

# पिपरा ब्लॉक प्रमुख ने नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू ने सोमवार को अंधारीबाग खुर्द गांव में पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। पन्द्रहवें वित्त आयोग के मद से करीब 2 लाख 48 हजार की राशि के लागत से गांव स्थित पीडब्ल्यूडी रोड से नहर तक नाली निर्माण किया जाएगा। मौके पर प्रमुख ने कहा कि गांवों के विकास में नाली की अहम भूमिका होती है। घरों के पानी खुले में बहने से गंदगी और बीमारी फैलती है। नाली बनने से जगह-जगह पानी जमा नहीं होगा तथा ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपमुखिया जनेश्वर यादव वार्ड सदस्य अरूण मेहता, ललन पासवान, रामप्रवेश गुप्ता, विष्णु पासवान, गिरजा पासवान, बबलू सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को आपुर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, सोना-सोबरन धोतीसाड़ी योजना, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना, आदि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये.इसके पूर्व उन्होंने डीएसओ प्रीति किस्कू से जिले में विभिन्न कार्डधारियों की संख्या, गोडाउन से डीलर तक राशन पहुंचाने वाले वाहनों की संख्या से अवगत हुए।

**ग्रीन राशन कार्ड में पेंडेंसी व धोती-साड़ी वितरण योजना की भी हुई समीक्षा :** उपायुक्त ने ग्रीन राशन कार्ड में पेंडेंसी की प्रखण्डवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी बीएसओ को उनके लॉगिन में पड़े आवेदनों का वेरिफिकेशन के पश्चात डीएसओ लॉगिन में भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि वैलिड डॉक्यूमेंट के बगैर डीएसओ लॉगिन में आवेदन भेजने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। इसी तरह उपायुक्त ने सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत धोती-साड़ी लुंगी का वितरण ससमय करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने शत- प्रतिशत आधार सीडिंग पर बल दिया।

# पूर्व मंत्री ने चार बिंदुओं पर सूचना की मांग की



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत बनने के बाद पहली बार कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र चौधरी का पदस्थापन हुआ है। जिससे नगर पंचायत वासियों में खुशी है। नये पदाधिकारी के आने से सही व सुचारू रूप से श्री बंशीधर नगर का विकास होगा। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। उन्होंने कहा है कि विगत कई वर्षो से नगर पंचायत क्षेत्र का काम प्रभार में चलते आ रहा है.उन्होंने कहा कि इस पद पर जिम्मेवार पदाधिकारी नही होने के कारण इसके पूर्व लगभग सभी कार्यो में काफी अनियमितता बरती गई है,जिसकी जांच में श्री बंशीधर नगर के तत्कालीन बीडीओ सह पूर्व प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार दोषी पाये गये हैं. कार्मिक विभाग ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है.उन्होंने कहा है कि तत्कालीन प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा पूर्व में की गई कार्यो में अनियमितता को लेकर चार बिंदुओं पर सूचना की मांग किया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश संख्या 155 दिनांक 16 दिसम्बर 20 गठित जांच टीम द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में अभी तक क्या क्या कार्रवाई हुई सहित अन्य तीन बिंदुओं पर साफ साफ अभिप्रमाणित सूचना उपलब्ध कराने की मांग किया है।

# प्रखंड में स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजें उपायुक्त : सरोजनी लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सरोजनी लकड़ा, भाश्पुश्सेश, कार्यकारी निदेशक खेल प्राधिकरण झारखंड रांची एवं उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर के द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, गढ़वा में निर्माणाधीन स्टेडियम का स्थल निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि उक्त स्टेडियम एक्सीलेंसी सेंटर हेतु सारी अहर्ता पूर्ण करती है। उक्त स्टेडियम में एक्सीलेंस सेंटर खोलने के प्रस्ताव को विभाग को भेजने हेतु निर्देशित किया गया। गढ़वा जिला अंतर्गत रामासाहू आउटडोर एवं इंडोर स्टेडियम का स्थल जांच भी किया गया, जिसके क्रम में खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण हेतु मल्टी जिम अधिष्ठापन के लिए प्रस्ताव विभाग को भेजने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही स्टेडियम एवं खिलाड़ियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से गार्ड की नियुक्ति के लिए झारखंड खेल प्राधिकरण रांची को प्रस्ताव भेजने की बात कही गई। सरोजिनी लकड़ा (भारतीय पुलिस सेवा) कार्यकारी निदेशक, खेल प्राधिकरण झारखंड रांची के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा को निदेशित किया गया कि जिन प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया है, उन प्रखंड में स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को उपायुक्त स्तर से भेजें। उक्त स्टेडियमों के निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा, राज महेश्वरम, जिला खेल पदाधिकारी, उमेश लोहरा समेत गढ़वा जिला के एथेलेटिक्स संघ के सचिव, फुटबॉल संघ के सचिव, क्रिकेट संघ के सचिव एवं साइकलिंग संघ के सचिव भी उपस्थित थें।


# 3 करोड़ 84 लाख कि लागत से सड़क का किया शिलान्यास भानु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** भानु प्रताप शाही ने सगमा प्रखण्ड के चैनपुर गांव में सड़क का शिलान्यास किया गया। आपको बताते चलें कि रविवार के दिन विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा मकरी चौराहा पर 3 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से मकरी से चैनपुर होते हुए उत्तर प्रदेश सिमा तक लगभग चार किलोमीटर सड़क निर्माण का शिलान्यास गांव के बुजुर्ग राम वृक्ष ठाकुर, जिप सदस्य अंजू यादव, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के साथ विधायक ने पूजा पाठ के बाद नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास के बाद चैनपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप विशाल शिलान्यास सभा का आयोजन किया गया। उक्त सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने हेमन्त सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झामुमो व कांग्रेस गठबंधन की सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है, स्थिति यह है कि प्रखण्ड अंचल से लेकर जिला राज्यस्तर तक लूट मचा हुआ है। इस सरकार में बिना रिस्वत दिए कोई काम नही हो रहा है। जनता सब देख व समझ रही है, प्रदेश की जनता आने वाले समय मे सबक सिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखण्ड का जन्म मेरे कार्यकाल में हुआ था। इसे सजाने व सवारने कि जिम्मेवारी भी हमारी है। सगमा की जनता द्वारा किए गए मांगों को पूरा किया गया अब बहुत जल्द दशहरा पूजा के अवसर पर सोनडीहा के मलिया नदी पल का शिलान्यास किया जाएगा। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न पार्टी से टूटकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। शामिल होने वालों की विधायक द्वारा अंग वस्त्रम व माला पहनाकर स्वागत किया गया ।साथ ही असहाय व विधवा महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया जबकि पढ़ने वाले बच्चों के बीच कॉपी कलम का वितरण हुआ ।सभा को संबोधित करने वालो में मुख्यरूप से भगत दयानंद यादव पूर्व जीप सदस्य नन्दगोपाल यादव भाजपा के वरिष्ट नेता राजेश जयसवाल सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद यादव बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, विनोद कुमार राम, इंद्रमणि जयसवाल का नाम शामिल है। पार्टी कार्यकर्ताओं में बब्लू ठाकुर, राजेश बैठा, दिनेश शर्मा, राजू गुप्ता, नीलम ठाकुर, संतोस कुशवहा, हीरा यादव, योगेंद्र प्रसाद यादव, राजेश यादव, ताराचंद यादव, सुरेश प्रसाद यादव, रामेन्द्र मिश्रा, प्रताप यादव, रविरंजन यादव, का नाम मुख्यरूप से शामिल है। सभा का संचालन मण्डल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव के द्वारा किया गया।

# ट्रेन की चपेट में आकर 57 वर्षीय व्यक्ति की मौत




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कठौन्धा निवासी स्वर्गीय चतुर्गुण भुइयां के पुत्र यदु भुइयां उम्र 57 वर्ष की सोमवार की सुबह ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह शहर थाना की पुलिस को सूचना मिली थी की शहर थाना क्षेत्र के रामनगर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है।घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना के एएसआई अनिल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस मृतक के परिजनों का पता लगाने में जुट गई है। यदि कोई भी व्यक्ति इस आदमी को पहचानते हैं तो उनके परिजन को सूचना देने का कृपा करें।

## संक्षिप्त खबरें

### एसबीआई लाइफ की बीमित व्यक्तियों ने अपनी बीमा पॉलिसी सरेंडर कर दी

**रांची।** देश के 71 प्रतिशत गैर-बीमाकृत लोगों को लगता है कि फिनांशियल इम्यूनिटी के लिए बीमा महत्वपूर्ण जरिया है - एसबीआई लाइफ की फिनांशियल इम्यूनिटी स्टडी 3.0 का निष्कर्ष पिछले पांच साल में (47 फीसदी) बीमित व्यक्तियों ने अपनी बीमा पॉलिसी सरेंडर कर दी देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपना व्यापक उपभोक्ता अध्ययन - फाइनांशियल इम्युनिटी स्टडी (एफ.आई.) 3.0 फीसदी (वित्तीय प्रतिरक्षा अध्ययन 3.0) का तीसरे संस्करण पेश किया, जिसका शीर्षक है उपभोक्ताओं के भ्रम का खुलासा (डीमिस्टीफायिंग द कन्ज्यूमर्स इल्यून) है।एसबीआई इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी, महेश कुमार शर्मा ने कहा, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में, हमारा ध्यान, हमेशा लोगों की जरूरतों को सुरक्षित कर, उन्हें अपने प्रियजनों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आजाद करने पर रहा है।

### बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील तिवारी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील तिवारी ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र लिखा है। इसमें उनसे कहा है कि पूर्व में राज्य सरकार के स्तर से उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाया जा चुका है। इसके बाद अब वे सरकार संरक्षित अपराधियों के निशाने पर हैं। पत्र में आगे लिखा कि सरकार के संरक्षण में भ्रष्टाचार में लिप्त लॉबी उनकी जान के पीछे पड़ी है। षडयंत्रकारी, आपराधिक गिरोहों के द्वारा न सिर्फ उन पर नये सिरे से फर्जी केस करवाया जा सकता है। बल्कि उनके हत्या तक की साजिश की जा सकती है। इस स्थिति को देखते षडयंत्रकारियों से उन्हें और उनके परिवार को किसी तरह के नुकसान से बचाने को सुरक्षा दी जाए।

# डेंगू व चिकनगुनिया रोकने के लिए स्वच्छता पर तेजी लाए निगमः सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सांसद संजय सेठ ने आज रांची नगर आयुक्त अमित कुमार से शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर बातचीत की। जिसमें प्रमुख रूप से शहर में फैल रहे डेंगू, चिकनगुनिया और शहर की स्वच्छता, साफ सफाई का मुद्दा अहम रहा। सांसद सेठ ने नगर आयुक्त को बिंदुवार रांची शहर की समस्याओं से अवगत कराया और उसके तत्काल समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने घरों से लार्वा मिलने पर घरों के मालिक से जुर्माना लेने के बजाय पहले अपनी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित और दुरुस्त करने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि अगर यदि नगर निगम अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ले तो ऐसी नौबत ही नहीं आएगी। शहर की साफ सफाई और फॉगिंग यह ऐसी चीज हैं, जिसपर अमल करें तो काफी हद तक डेंगू और



चिकनगुनिया के प्रकोप को रोका जा सकता है। इस मुद्दे पर नगर आयुक्त ने संसद से कहा कि शहर की फॉगिंग और साफ सफाई का कार्य चल रहा है। इसमें और युद्ध स्तर पर तेजी लाई जा रही है। वहीं सांसद ने बड़ा तालाब के समीप अवधूत आश्रम सहित शहर के कई क्षेत्रों में कचरा डंप करने पर रोक लगाने और जमा कचरा को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का बेहतर रखरखाव करने को कहा। इसके अलावे बड़ा तालाब के किनारे पर स्थित शाहदेव घाट की ग्रिलिंग करने का निर्देश भी सांसद ने नगर आयुक्त को दिया। सांसद ने नगर आयुक्त को बताया कि झिरी में गेल के द्वारा कचरा संधारण प्लांट लगाया जा रहा है परंतु वहां गीला और सूखा कचरा अलग-अलग आना चाहिए, ऐसी व्यवस्था की गई है। अभी भी गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र नहीं किया जा रहा है। यह व्यवस्था सख्ती से सुनिश्चित की जाए ताकि वह कचरा संधारण प्लांट ससमय चालू हो सके और उसका लाभ भी मिल सके। रांची शहर के हर मोहल्ले में खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करने और मोहल्ले, गलियों में पर्याप्त और समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस पर नगर आयुक्त ने बताया कि अभी उनके पास 12000 लाइट आई है, जहां भी आवश्यकता होगी, वह इस लाइट को लगाकर और प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सेठ ने कहा कि शहर में तीन-तीन फ्लाई ओवर का काम चल रहा है। जिसकी वजह से जहां-तहां गड्ढे हो गए हैं। उन गड्ढों के आसपास पानी जमा हो रहा है। इससे भी महामारी फैलने की आशंका है। इसलिए यह आवश्यक है कि इन स्थानों पर भी ब्लीचिंग और फागिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिस पर नगर है इतने सहमति प्रदान की। शहर में लगे सार्वजनिक शौचालय की नियमित साफ-सफाई के लिए भी सांसद ने नगर आयुक्त को कहा ताकि महामारी को फैलने से रोका जा सके।

# झारखंड सरकार से जुड़ी प्रत्येक खबरों पर नजर रखने के लिए प्रिंट मीडिया मॉनिटरिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने सरकार से जुड़ी प्रत्येक खबरों पर नजर रखने के लिए प्रिंट मीडिया मॉनिटरिंग पोर्टल को लॉन्च किया है। इसके अंतर्गत अगर अब समाचार पत्रों, ई-पेपर, वेबसाइट इत्यादि में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकाशित वैसी खबरें जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है, इसकी सत्यता की जांच की जायेगी।

अगर खबर सत्य आधारित होगी तो त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जायेगी और इसका एटीआर भी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को सौंपा जायेगा। वहीं, अगर खबरें भ्रामक, फेक या सत्यता से परे होंगी तो अखबारों, पोर्टल इत्यादि को खंडन छापना होगा। खंडन प्रतिवेदन संबंधित विभाग तैयार करेंगे और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को भेजेंगे।

सूचना जनसंपर्क विभाग की यह जिम्मेदारी होगी कि वे संबंधित अखबारों-पोर्टल इत्यादि में खंडन प्रकाशित करायें। निराकरण, अनुपालन प्रतिवेदन इत्यादि सारी प्रक्रिया सात से 15 दिनों के अंदर करके पोर्टल में अपलोड किया जायेगा।

झारखंड सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं ई-गर्वनेंस विभाग के सचिव विप्रा भाल ने इस आशय की जानकारी सभी विभागों के प्रधान सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों को दी है और प्रिंट मीडिया मॉनिटरिंग पोर्टल से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किया है। राज्य स्तर से जुड़ी खबरों व जिला स्तर की खबरों को पोर्टल के माध्यम से जांच के लिए अलग-अलग दिशा-निर्देश दिए गये हैं। सभी विभागों को कहा गया कि इस कार्य के लिए एक नोडल पदाधिकारी को नियुक्त करें ओर लॉगिन-पासवर्ड उसका तैयार करें। आईटी विभाग को इसका प्रतिवेदन देने को कहा गया है।

मीडिया में प्रकाशित खबरों की विस्तृत जानकारी विभागों को पोर्टल में देनी होगी। इससे संबंधित स्रोत न्यूजपेपर क्लीपिंग, ई-पेपर, वेबसाइट यूआरएल इत्यादि अंकित करना अनिवार्य किया गया है। पोर्टल पर इमेज, ऑडियो, वीडियो अथवा डॉक्यूमेंट अपलोड किया जायेगा। यदि कोई खबर अतिमहत्वपूर्ण है तो उसमें हाई इम्पैक्ट डालना अनिवार्य किया गया है।

खबरों को संबंधित विभाग, निदेशालय, एजेंसी जिला इत्यादि को दिया जायेगा। खबरों की सत्यता की जांच कर उस पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी, गलत खबरों पर संबंधित अखबारों, पोर्टल इत्यादि से संपर्क कर खंडन छपवाया जायेगा।

## झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने निशक्तता आयुक्त, झारखण्ड, राज्य को पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से कहा कि झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में झारखण्ड राज्य के सभी जिलों (मुख्यत राँची) के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में दिव्यांगग बच्चों एवं बच्चियों हेतु व्यापारिक प्रतिष्ठानों को चिन्हित करते हुए रेम्प की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दिशा-निर्देश अपने स्तर से दिया जाय। इसकी सूचना बराबर आयोग को प्राप्त हो रही है। उन्होंने उक्त मामले आयोग गंभिरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए अपने सतर से दिशा-निर्देश दिया जाय एवं कृत कार्रवाई से आयोग को भी

**पत्र के माध्यम से कहा कि झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में झारखण्ड राज्य के सभी जिलों (मुख्यत राँची) के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में दिव्यांगग बच्चों एवं बच्चियों हेतु व्यापारिक प्रतिष्ठानों को चिन्हित करते हुए रेम्प की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दिशा-निर्देश अपने स्तर से दिया जाय।**

अवगत कराया जाय। उक्त मामले की सूचना अध्यक्ष झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं माननीय मंत्री के आप्त सचिव, सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को भी दी गई है।

## कांग्रेस के जनसुनवाई में मंत्री आलमगीर ने लोगों की समस्याओं को सुना, दिये कई निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में सोमवार को जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने लोगों की समस्याओं को सुना। राज्य के अलग-अलग जिलों से आये लोग जनसुनवाई में पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री ने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से कई दिशा-निर्देश दिये। जनसुनवाई कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, गुमला, गिरिडीह, बोकारो, हजारीबाग जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग पहुंचे थे। इसमें सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, जमीन संबंधित मामले जैसे रसीद, मोटेशन, पुल-पुलिया का निर्माण, इंदिरा आवास, कब्रिस्तान की सुन्दरीकरण, पंचायत




भवन, हाईस्कूल निर्माण, अंबेडकर आवास, जैसी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। इसके साथ ही वाणिज्यकर विभाग अंतर्गत निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर अनुशंसित अभ्यार्थियों की नियुक्ति जल्द हो इसके लिए रामगढ़ के प्रमोदकर माली की ओर से मंत्री से आग्रह किया गया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि तमाम जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कारवाई करते हुए अधिनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

## नागपुरी भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित हुए डा. सुबास साहु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बिरसा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के सभागार में ट्रेनिंग प्रोग्राम व वर्कशॉप का आयोजन किया गया, इस अवसर पर राँची विश्वविद्यालय के एस एस मेमोरियल कॉलेज के नागपुरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुबास साहु को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि बिरसा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय व सीडैक (इलेक्ट्रोनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ) के कोलकाता केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में झारखण्ड के कृषि उत्पादन की चहुमुखी विकास व किसानों को आधुनिक टेक्नोलोजी से आसानी से जोड़ने के उद्देश्य से किसानों को अपनी मातृभाषा में

**अनदाता किसानों को अपनी मातृभाषा में किसानी कार्यों की बारीकियों को समझने जानने में बहुत सहूलियत हो रही है।**

अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए किसान डायरी जैसे और भी जानकारियों को नागपुरी भाषा में अनुवाद कर अंदाता किसानों को लाभ पहुंचाने में अपनी नागपुरी भाषा के माध्यम से सेवा / भूमिका को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं। अनदाता किसानों को अपनी मातृभाषा में किसानी कार्यों की बारीकियों को समझने जानने में बहुत सहूलियत हो रही है।

## शहरी क्षेत्र के विभिन्न जल स्रोतों के आसपास से हटाया जाएगा अतिक्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र के विभिन्न जल स्त्रोतों के आस पास से प्रदुषण रोकने एवं अतिक्रमण हटाने के संबंध में टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उपायुक्त रांची राहुल सिन्हा ने एवं नगर आयुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में बड़ा तालाब, हरमू नदी, हिनू नदी, स्वर्ण रेखा नदी,कांके डैम् एवं अन्य नदी / जलाश्यों के सीमाना से 15 मीटर के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी अनाधिकृत भवनों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई हेतु संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया है। बड़ा तालाब के आस पास से अंचलाधिकारी शहर की अध्यक्षता में - 08.09.2023 से 09.09.2023 तक



अतिक्रमण हटाने की कार्रवई की जायेगी। हरमू नदी के आस पास से अंचलाधिकारी हेहल की अध्यक्षता में दिनांक- 11.09.2023 से 12.09.2023 तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवई की जायेगी। हिनू नदी के आस पास से अंचलाधिकारी अरगोड़ा की अध्यक्षता में दिनांक- 13.09.2023 से 14.09.2023 तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवई की जायेगी। कांके डैम के आस पास से अंचलाधिकारी हेहल की अध्यक्षता में दिनांक- 15.09.2023 से 16.09.2023 तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवई की जायेगी। अतः उपरोक्त गठित टीम को उनके दायित्व के अनुसार संयुक्त रूप से वैसे सभी अनाधिकृत संरचना जो की नदी के सीमाना से 15 मीटर के अन्तर्गत है एवं उसे हटाने की कार्रवाई करेंगे। अनाधिकृत संरचना को हटाने हेतु उपयोग में आने वाले मशीन उपकरण को रांची नगर निगम ॥ रांची के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

## प्रशिक्षु आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव का समाप्त हुआ प्रशिक्षण अवधि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नामकुम थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव के प्रशिक्षण अवधि समाप्त हो गई। इसके बाद नामकुम थाना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पदस्थापित अधिकारियों, कर्मियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने श्रीवास्तव को माला पहनाकर, अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। आईपीएस श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी नौकरी में प्रशिक्षण सबसे महत्वपूर्ण है।नामकुम थाना क्षेत्र में बेहतर



माहौल में प्रशिक्षण करने का मौका मिला।नामकुम थाना के मुंशी से लेकर अधिकारियों एवं क्षेत्र के लोगों का पूरा सहयोग मिला।बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। मौके पर पूर्व नामकुम थाना के प्रभारी सह सोनाहातू सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, खरसीदाग ओपी प्रभारी सुखदेव साहा,एसआई बोयस मुंडू,एसआई रवि केशरी,एसआई धीरज सिंह, एसआई अविनाश राज,बबलू कुमार,सभी एएसआई, थाना के सभी पुलिसकर्मी सांसद प्रतिनिधि, उपप्रमुख,जिप सदस्य, समाजसेवी गोपाल लोहिया,शमशाद आलम सहित कई उपस्थित थे।

## शहरवासियों को महिला उद्यमियों के हाथों से बने उत्पाद लुभायेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** फैशन डिजाइनर हनी मीढा सिन्हा द्वारा 13 सितंबर से 15 सितंबर तक अपर बाजार स्थित महाराज अग्रसेन भवन महाराज अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय ÷जलसा÷ सीजन 1 प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। आयोजनकर्ता हनी मिड्ढा सिन्हा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए ÷जलसा÷ का शुभारंभ किया जा रहा है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह एक पहल है। हर वर्ग की महिलाएं यहां अपने प्रतिभा को उजागर कर सकती है। दुर्गा पूजा, दिवाली के साथ अन्य त्यौहार नजदीक आ रहे हैं, इसके मद्देनजर महिलाओं से जुड़ा हर प्रकार का सामान यहां उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे एक स्थान पर ही खरीदारी कर सके। श्रीमती हनी ने कहा कि झारखंड में उन्होंने कई प्रदर्शनिया देखी थी, जिसके बाद उन्होंने महिलाओं के लिए ऐसा मंच उपलब्ध कराने की ठानी,महिलाओं का सशक्तिकरण हमारे समाज के विकास का आधार है और उनके नेतृत्व विशेष रूप से जमीन स्तर पर हमारे समावेशी और दीर्घकालिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि बुधवार से आयोजित हो रहे प्रदर्शनी में महिला परिधान, खिलौने, स्टेशनरी के सामान, फुटवियर ,बेड शीट्स,दोहर, दिवाली के सामान, हस्तशिल्प की वस्तुएं, पर्स, होम डेकोर,घर के बने खाखरे, पापड़, मठरी, खिचिया , ऑर्गेनिक दाले, होममेड बेकरी सहित कई प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होंगे।प्रदर्शनी में आइटम्स के साथ ही टैरो कार्ड रीडर शालिनी सिंह से आप अपनी भविष्य की जानकारी ले सकते हैं।इसमें नए व विशेष उत्पाद किफायती दर पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची :** निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 15 सितंबर को निर्धारित की गई है। नीरज की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने बहस की। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की।

## स्कूल बस खराब होने पर ट्रैफिक जाम में फंसे रहे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सोमवार को करीब 2 : 30 बजे के आसपास लालपुर थाना क्षेत्र के लालपुर चौक स्थित स्मार्ट काम्प्लेक्स एवं हरिओम टावर के करीब पीले रंग की स्कूल बस जिसका नंबर जेएच01एफडी 8696 खराब हो गई। स्कूल बस में कई बच्चे भी सवार थे। और इसी दौरान दूसरी ओर से भी स्कूल बस आ रही थी, जगह कम होने के कारण ओवरटेक होने लगा और देखते ही देखते गाड़ियों की लंबी कतार लगने लगी । सभी वाहनों एक के बाद एक जाम में फंसते चले गए और लोग परेशानी होने लगी। इसी बीच रांची एसएसपी



चंदन सिन्हा भी अपने निजी वाहन से गुजर रहे थे वह भी कुछ देर इस जाम में फंसे रहे। वहीं स्कूल बस में बैठे बच्चे भी गर्मी से काफी परेशान हो रहे थे । आसपास यातायात पुलिस भी नहीं थी , लेकिन धीरे-धीरे लोग किसी न किसी तरह से अपनी वाहनों को निकाल कर आगे बढ़ते जा रहे थे । कुछ देर बाद इसकी जानकारी यातायात डीएसपी जीतवाहन को दी गई तब वे यातायात पुलिस कर्मियों को इसकी सूचना दी और फिर धीरे-धीरे जाम हटाया गया । फिर वाहनों का आवागमन बेहतर तरीके से होने लगी।

कहने का तात्पर्य यही है कि स्कूल बस की स्थिति अब भी जस की तस है। वाहनों की फिटनेस जांच होना बहुत जरूरी है । इस तरह से सड़कों पर गाड़ी खराब हो जाने से न सिर्फ सड़कों पर चलने वालों को परेशानी होती है, बल्कि स्कूल बस में बैठे बच्चों को अधिक परेशानी होती है।

## सचिवालय घेरने निकले तेजस्विनी कर्मचारियों को पुलिस ने रोका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को सचिवालय का घेराव करने निकली।

लेकिन तैनात पुलिसकर्मियों ने सभी को प्रभात तारा मैदान के समीप बनाये गए बैरीकेडिंग के पास रोक दिया है। इससे पहले राज्यभर से तेजस्विनी कर्मचारी संघ की महिलाएं रांची के प्रभात तारा मैदान में जमा हुई।

तेजस्विनी कर्मचारी संघ के घेराव को लेकर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। घेराव के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से धुर्वा गोलचक्कर और सचिवालय क्षेत्र में धारा 144 लगायी गयी है। मौके पर हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा और कई पांच थानेदार मौजूद है।

झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आशीष विजय ने बताया कि अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सचिवालय घेराव करने जा रहे थे।

लेकिन हमलोगों को बैरीकेडिंग के पास रोक दिया गया।उन्होंने बताया



कि हमारी पांच सूत्री मांगों में बीआरआईयू संकुल कर्मी और युवा उत्प्रेरक के बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान करने, 17 जिला के बीआरआईयू, संकुल कर्मी और युवा उत्प्रेरक का माह अप्रैल 2023 से अगस्त 2023 तक का सेवा अवधी विस्तार एवं लंबित मानदेय भुगतान यथाशीघ्र करने और महिला कर्मचारियों को कार्य क्षेत्र में सुरक्षा की गारंटी और मातृत्व अवकाश देने की मांग शामिल है। उल्लेखनीय है कि राज्य में कार्यरत तेजस्विनी कर्मचारियों की संख्या लगभग 10 हजार से भी अधिक है, इनमें आठ हजार महिलाएं मूलनिवासी हैं।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने मनाया विश्व साक्षरता दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की ओर से कोकर स्थित निरामया हॉल में विश्व साक्षरता दिवस पर सोमवार सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ शशि कुमार गुप्ता ने कहा कि यह दिन किसी कि व्यक्तिगत गरिमा के लिए साक्षरता के महत्व कि याद दिलाता है। हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार होना चाहिए। हमें राष्ट्र के योगदान के लिए




साक्षरता के महत्व को जन जन पहुंचाने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से सुनील केडिया, उमा राजगढ़िया, कृष्ण अग्रवाल, आनंद माणिक,संजय पोद्दार, राजीव रंजन, भारतेंदु झा, अनिता झा, आशुतोष द्विवेदी, शिवानी, विजय सिंह सहित आदि उपस्थित थे।

## धंमधमिया बी टाइप दुर्गा पूजा कमिटी का हुआ गठन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**:धंमधमिया बी टाइप शिव काली मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया.जिसका अध्यक्षता पयहारी भगत ने किया .बैठक के दौरान पिछले साल का आय व्यय प्रस्तुत किया गया.इस बैठक में सर्वम्मति से दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया.जिसके लिए एक कमिटि का गठन किया गया.जिसका अध्यक्ष नेपाल सिंह,उपाध्यक्ष गोपाल सिंह,राजकुमार पासवान, जलेश्वर यादव,सचिव नंदू कुमार मेहता, सह सचिव महेंद्र यादव,अजय कुमार सिंह,प्रेम ठाकुर,किशुन बेदिया,कोषाध्यक्ष फुलदेव भगत,सह कोषाध्यक्ष केशव प्रजापति,अंकित कुमार सिंह,संगठन मंत्री पयहारी भगत,राधवेंद्र पासवान,संरक्षक सुधीर कुमार सिंह,अजय सिंह,दिलीप गोस्वामी,उमाकांत सिंह, सनु ठाकुर,बसंत मिश्र एव कार्यकारिणी सदस्य रामकिशन करमाली,उजाला कुमार, प्रित सिंह,मनोज कुमार,विवेक प्रजापति,मुरारी रजक,रूपेश कुमार,गणेश कुमार,प्रमोद ठाकुर,रोहित उरांव,सूरज सिंह का नाम शामिल है.

## खेल और खिलाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हूं : कमलेश राम

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कांके विधानसभा क्षेत्र बुढ़मू प्रखंड के चैनगड़ा में आयोजित शिव शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता कमलेश राम शामिल हुए। और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक कर फाइनल मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच एनजेवाईवीसी अगडू तथा बड़कीटांड के मध्य खेला गया। जिसमें अगडू की टीम 1-0 से विजयी हुई। कमलेश ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होनें कहा कि गांव स्तर पर इस तरह के आयोजनों से छिपी हुआ प्रतिभा को मंच मिलती है। और खिलाड़ियों को निखरने का भी मौका मिलता है।यही खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाते हैं। खेल और खिलाड़ियों के हरसंभव मदद के लिए सदैव तैयार हूं। मौके पर शंकर महतो, अमित महतो, राजू पहान, संदीप सिंह, विजय सिंह, जलेश्वर महली, सत्यनारायण पहान, विनोद पहन, प्रकाश मुंडा, गंगाधर महतो, अखिलेश, प्रशांत, संजय पटेल, राज कुमार सिंह, मनोज मुंडा, देव गंझू, सुरेंद्र मुंडा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह, संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। राज्य के विभिन्न प्रखंडों से आए 28 प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण मे भाग लिया । रूडसेट संस्थान के निदेशक श्री संजीत कुमार ने प्रशिक्षण लेने आए प्रशिक्षणार्थीयो को खुद का रोजगार करने का संदेश दिया । संस्थान में अगामी 15 सितम्बर से बकरी पालन प्रक्षिक्षण शुरु किया जाएगा । यह निशुल्क एवं आवासीय होगा। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार , जगदीश चंद्र महतो, अमित कुमार, दशरथ कुमार महतो , महेश रूहीदास , सुनील मुंडा , उपस्थित रहे।

## विधायक प्रतिनिधि व जिप उपाध्यक्ष ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के नागेडीह पंचायत के आमटीकरा गांव में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह व जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। 200 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य विधायक मद की राशि से किया जाना है। इस अवसर पर जयपाल सिंह ने कहा कि लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब लोगों को सहूलियत होगी। उन्होंने संबेदक को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पुर्व शिक्षक शंकर मुंडा, पुर्व मुखिया डबलु महली, त्रिलोचन महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, परशुराम महतो, शंकर महतो, भूदेव महतो, देवेंद्र नाथ महतो, अखिलेश्वर महतो, भीम मुंडा, सुनैना देवी, लक्ष्मी देवी, प्रमिला देवी, सविता देवी, आलोचना देवी, मीना देवी, सुशीला देवी, मंजू देवी, रोहिणी देवी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## जीवन है अनमोल रतन, सड़क सुरक्षा का पालन करे : विधायक शिल्पी

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को समुदायिक पुलिसिंग योजना के तहत् प्रखंड स्तरीय एसएसपी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। मैच का उदघाट्न विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फुटबॉल किक मारकर किया। फाईनल मैच जामटोली और नेहालु पंचायत के टीम के बीच में खेला गया। जहां जामटोली की टीम ने 1-0से विजय रहा, विजेता उपविजेता टीम को ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, डीएसपी रजत मणिक बाखला,इंसपेक्टर अरुण कुमार थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम व उपप्रमुख मोदसीर हक ने शिल्ड मेडल व हेलमेट दे कर सम्मानिता किया।मौके पर मैच में आये टीम के सभी खिलाडियों से विधायक व एसएसपी ने मुलाकात कर शुभकानायें दिया, सभी का हौसला बढ़ाया. विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ये सौभाग्य की बात है कि झारखंड गठन होने के बाद पहली बार मांडर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड में सड़क सुरक्षा जागरूता को लेकर मैच का आयोजन किया गया है। वहीं ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि मेरे परिवार व दोस्तो को जब ट्रैफिक पुलिस सुरक्षा को लेकर पकड़ा मैनें कोई मदद नहीं की। यहाँ तक मेरे बिना हैलमेट पहने मिलने आने वाले अपने या आगंतुक का बाईक रख लेता हूँ जब हैलमेट लेकर आते तभी बाईक ले जाने देते है. आप भी अपनी सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियम का पालन करे। मैच में कुल 17 टीम भाग लिया। वही टुनामेंट का सफल आयोजन डे-बोड़िंग के कोच अनमोल विनय तिर्की के देख रेख में किया गया, मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, जिपस बेरोनिका उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह,पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, रमेश उरांव,सेलबेस्टर मिंज,विशेश्वर उराँव, अनमोल विनय तिर्की, बिरेन्दर उरांव, रूसतम अंसारी, अजीज अंसारी व शंभु बैठा उपस्थित थे।

## महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत राजकीय कृत मध्य विद्यालय टुटकी में महिला सुरक्षा तथा महिलाओं के अधिकार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सिल्ली थाना के अवर निरीक्षक अजय कुमार कर रहे थे। उन्होंने महिला सुरक्षा तथा महिलाओं के अधिकार के बारे में विद्यालय के बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया इसी क्रम में उन्होंने कहा कि महिलाओं के द्वारा ही हमारे समाज और देश का विकास होता है। प्राचीन काल से ही महिलाओं पर अत्याचार और अन्य होते आ रहे हैं हमें इन अत्याचारों को रोकने का प्रयास करना चाहिए तथा आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने महिलाओं के प्रमुख अधिकार के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया तथा स्त्री शिक्षा को अनिवार्य बताया तथा महिला की क्षमता को नजर अंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है।

**BEFORE THE NOTARY PUBLIC , BOKARO**

I, SOURABH KUMAR,s/o Manoj Kumar,aged about-22 years,by faith -Hindu Resident of- chandrapura, P.O.& P.S - chandrapura, dist. - Bokaro, Jharkhand, Aadhar No -8325-5308-4160 do hereby solemnly affirm under oath as follows:-

1. That I am Citizen of India .
2. That my original migration & transfer certificate of khandoli institute of technology of giridih, vide regd. No . -19801030042 issued by khandoli institute of technology of giridih on the year 2019-2022 has been lost in Ranchi station while traveling from Ranchi to Bhubneshwar for taking admission in Bhubneswar college on 21-08-2023
3. That in spite of my best efforts it's could not be traced out as yet.
4. That I am swearing this affidavit for a token of proof and submitting at concern police station and for SANAHA/F.I.R. lodge for needful purpose

# बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातु में शिक्षक दिवस सह शिक्षक सम्मान समारोह में पहुंचे विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के ऊपर बालालौंग पंचायत के बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातु में सोमवार को शिक्षक दिवस सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ,विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल , भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राय , पंचायत प्रतिनिधि सहित , अभिभावक एवं विभिन्न गांव से पहुंचे ग्रामीण उपस्थित थे ।विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर स्कूली बच्चियों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 36 वर्षो से इस विद्यालय के



शिक्षक निस्वार्थ भाव से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं जिन्हें कोई भी सरकारी सुविधा नहीं मिलती है इस सेवा के क्रम में यहां के विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई पदों पर योगदान देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है । प्रतिवर्ष मैट्रिक का रिजल्ट अन्य स्कूलों की अपेक्षा उत्कृष्ट होता है उन्होंने बताया कि विद्यालय का जमीन सीएनटी एक्ट के अधीन होने के कारण विद्यालय का प्रशिकृति का मामला लंबित है ,इस समस्या को सुलझाने का सरकार प्रयास कर रही है ,जल्द ही समाधान निकल आएगा । उन्होंने आस्वस्त किया कि दिसंबर महीने तक विद्यालय का कायाकल्प कर दिया जाएगा। ग्रामीण ने सालगाडीह से राउता नहर पथ 16 किलोमीटर तक जर्जर सड़क के निर्माण के लिए गुहार लगाई ,जिस पर विधायक ने ग्रामीणों को बताया कि सड़क निर्माण की तकनीकी स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है उन्होंने बताया कि यह सड़क ग्रामीण विकास विभाग के अधीन है जिसे बदलकर पथ निर्माण विभाग के पास तकनीकी स्वीकृति के लिए भेज दिया है ।जो एक महीने के अंदर स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा ।कार्यक्रम के अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राय ने तत्काल विद्यालय के सहयोग राशि हेतु?25000 का चेक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका मालती देवी के हाथों सौंपा ।उन्होंने ग्रामीणों को संबोधन करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में संसद सह जनजाति मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा को भी इस कार्यक्रम में भाग लेना था पर कतिपय कारणों से वे शामिल नहीं हो पाए जिसका हमें खेद है उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी तो विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का कायाकल्प किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने मे संजय महतो,सागर मुंडा,प्राध्यापिका मालती देवी,ऊपर बालालौंग मुखिया अमित मुंडा,सारगेया मुखिया जयंती देवी शिक्षागण सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

# राजकीयकृत मध्य विद्यालय लुण्डरी में प्रबंधन समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** सोमवार को चान्हो प्रखंड के लुण्डरी पंचायत स्थित राजकीयकृत मध्य विधालय मे प्रबंधन समिति के सदस्य, बच्चे के अभिभावक एवं बच्चों के साथ बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। बैठक मे विधायक ने सम्बोधित करते हुए बच्चों के अभिभावक से कहा कि अच्छा है बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए एवं शिक्षा के लिए स्कूल भेज रहे है। लेकिन बच्चों को स्कूल भेजने तक मे आपका काम ख़त्म नही हो जाता है। बच्चों के स्कूल लौटने के बाद आप पूछे स्कूल मे क्या पढ़ाई हुआ, और क्या होम वॉर्क मिला है। साथ ही प्रत्येक दिन कुछ घंटा घर मे बैठक कर पढ़ने के लिए निर्देश दे या साथ बैठे। साथ ही घर मे गलत लोगो को बुलाकर खराब माहौल नही बनाये जिससे बच्चों के जीवन मे गलत असर पड़ता है। विधायक ने बैठक मे



प्रबंधन समिति के सदस्याओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने ताकत को जाने और उसका उपयोग करे।

आपका फर्ज बनता है कुछ समय निकाल कर स्कूल का निरीक्षण करे, और जानने का प्रयास करे कि स्कूल मे ठीक तरह से बच्चे आते है या नही। शिक्षक ठीक से बच्चों को पढ़ाते है या नही। स्कूल की स्थिति ठीक है या नही। अगर इन सभी चीजों मे कुछ कमी दिखे तो आने वाले बैठक मे इन सभी बिन्दुओ पर चर्चा करे। अगर आपकी बातो को गंभीरता से नही लिया जाता है तो उसकी जानकारी ऊपर सरकारी पदाधिकारियो को दे। विधायक बैठक मे टीचरों को भी सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे एक गीली मिट्टी के समान है आप जैसा उसे आकर देंगे वे अपने को वैसा आकर लेगा। मलतब बच्चों को जैसा शिक्षा देंगे बच्चे वैसा शिक्षा ग्रहण करेंगे। बच्चों को अपने बच्चों की तरह पढ़ाई और शिक्षा देने का प्रयास करे। बैठक के तत्पश्चात विधायक ने स्कूल मे अपनी सेवा दी एक टीचर को शॉल ओढ़ कर सम्मानित किया साथ ही स्कूल मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किये छात्र-छात्राओ को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## चेहल्लुम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगता 30 सितंबर को

**खलारी :** नई बस्ती डकरा भूत नगर में चेहल्लुम मेला को लेकर एक बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता इमामुद्दीन अंसारी ने किया .मेला कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि इस बार भी चेहल्लुम मेल सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर भूतनगर डकरा मैदान में लगाया जाएगा. इस मेल में रांची लोहरदगा गुमला लातेहार सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग चालीस टीम के लोग लाठी खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे .मेला कमेटी के द्वारा निर्णय लिया गया है इस बार यह मेला व खेल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा .इस बैठक में मुख्य रूप से सलामत अंसारी, मुस्तफा अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, मुस्लिम अंसारी ,रियाज अंसारी, फिरोज अंसारी, विकास लोहार, सोनू ठाकुर ,फिरोज अंसारी, अशोक सिंह ,अमजद खान आदि लोग शामिल थे.

## आर्ट ऑफ लिविंग ने किया दरी का वितरण

**ओरमांझी :** सोमवार को आर्ट ऑफ़ लिविंग कर्म योग के द्वारा बाल विकास केंद्र ओरमांझी में दरी का वितरण किया गया।बच्चों को बैठकर पढ़ने के लिए दरी वितरण किया गया। मौके पर ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाइक ने कहा कि बच्चों को बैठकर पढ़ने के लिए दरी का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि बच्चे देश का भविष्य होता है। और पढ़ाई लिखाई करके आगे चलकर राज्य व देश का नाम रोशन करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाइक,आर्ट ऑफ़ लिविंग के सोनाराम महतो,संगीता झा,विनीता भगत, मुन्नी देवी,मीना देवी उपस्थित थे।

# पिपरवार के बचरा-राय मुख्य मार्ग की स्थति हुई बदहाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा से राय तक के मुख्य मार्ग इन दिनो अपनी ही बदहाली पर आंसु बहा रहा है।सड़क जर्जर होने के कारण आवागमण करने वाले लोगो को काफी परेशानी हो रही है।सड़क की इस बदहाल स्थिति को ठीक कराने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन को आवेदन देकर इसकी मरम्मत कराने की मांग भी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कमांड क्षेत्र में आने वाले राय पंचायत से बचरा जाने वाले रास्ते पर बड़े बड़े गड्ढे एवं कोयले का कीचड़ हो जाने से आम राहगीरों का इस सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।



सबसे ज्यादा परेशानी बचरा हाई स्कूल और डीएवी सहित अन्य स्कूलो में पढ़ने के लिए राय से बचरा जाने वाले बच्चों को होती है।यह सड़क ट्रांसपोर्टिंग सड़क से सटे हुए होने के कारण हमेशा कोयला के कीचड़ से सना हुआ रहता है इसके कारण पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों के युनिफोर्म पर कीचड़ पड़ने से उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है।

कोयले के कीचड़ की वजह से आये दिन दो पहिया चालकों की बाईक फिसलने की घटनाएं होती है, जिसमें लोग घायल हो रहे है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बचरा पेट्रोल पंप से लेकर राय स्वामी नगर तक सड़क की जर्जर स्थिति हो चुकी है। बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को रास्ते का अनुमान नहीं हो रहा है और लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।कोल वाहनो के परिचालन के कारण सड़क की जर्जर स्थिति हुई है।ग्रामीणों ने स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निलामी सूचना**

1) एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राँची स्थित Dismantling of Old Residential Building in the Campus of Krishi Bhawan at Kanke Road, Ranchi भवन को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक 20.09.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 20.09.2023 को 3.30 बजे अपराह्न में आपके समक्ष/आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में खोली जायगी।
2) प्रत्येक नीलामी देने वाले को निलामी की राशि की 5% (पाँच प्रतिशत) राशि का अग्रधन राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवा निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की Fixed Deposit (छः माह के लिए वैध) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
3) तुलनात्मक विवरणी स्वीकृति के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामीदाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के नाम से जमा कर देना होगा। ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) का बना होना चाहिए एवं मुख्य शाखा राँची के नाम से भुगतेय होना चाहिए।
4) नीलामी की न्यूनतम राशि क्रमशः रूपये 71,540/–(एकहत्तर हजार पाँच सौ चालीस) मात्र होगी।
5) आदेश की तिथि से एक माह के अन्दर भवन को तोड़ने एवं भवन सामग्री रबीश (कचरा) आदि को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि लौटायी जा सकेगी, अन्यथा यह जब्त कर ली जायेगी।
6) भवन को तोड़ते समय यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी, बल्कि नीलामीदाता की होगी।
7) नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति भवन के नीलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को निरीक्षण कर सकते हैं।
8) बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
9) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल सं०–1, राँची

PR 306628 Building(23-24)#D

## रनिया प्रखंड में हाथियों का झुंड पहुंचा ग्रामीणों में दहशत

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बैल चराने के क्रम में रानियां प्रखंण्ड बनई पंचायत के डेम्बुकेल निवासी तुरतान गुड़िया को हाथी ने सुड़ से पकड़ कर पटक दिया और पैर से कुचल दिया जिससे तुरतन की हड्डी टुट गई और सर में भी चोट लगी है। लेकिन हिम्मत दिखा कर किसी तरह हाथी से बच कर वहां से ऊठा और साथियों को अवाज दी। साथियों ने हल्ला मचया जिससे हाथी भाग गया।उसके साथियों ने मोबाईल से झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह पुर्व प्रत्याशी सुदीप गुड़िया एवं बनई मुखिया बरदानी कन्डुलना को दिया।जनकारी मिलने पर झामुमो युवा नेता सुदीप गुड़िया, झामुमो नेता कल्याण कन्डुलना एवं अनुज गुड़िया,छोटु केशरी घटना स्थाल कि ओर गये।घयाल व्यक्ति के साथियों को रास्ता तरफ घयाल को निकालने बोले और एम्बुलेंस बुला कर रेफरल अस्पताल भेज दिया।



## विधायक के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सोमवार को प्रखंड के एसएस हाई स्कूल स्टेडियम में टूर्नामेंट का दूसरा दिन विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच खेला गया। टूर्नामेंट में 36 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार के अध्यक्षता में किया गया। तथा संयोजक हरिमोहन महतो एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी का विशेष भूमिका रहा है। रमेश उरांव विधायक सलाहकार ने कहा कि 36 टीमों ने भाग लिया।और फुटबॉल टीम को जर्सी और फुटबॉल पूरे सेट के साथ दिया गया। आगे कहा की प्रथम राउंड टूर्नामेंट खेलाया जा रहा है। फुटबॉल खेल प्रेमियों ने अपने प्रतिभा को निखारते में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं एवं शानदार अपना खेल का प्रदर्शन किया जा रहा है।अंतिम मैच चकला और जवाबेडा के बीच खेला गया। जिसमें चकला के टीम 01 गोल से विजय रहा है। अभी तक कूल 89 टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।



## पिपरवार के साप्ताहिक हाट बाजारो में कुड़े कचरों का लगा अंबार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजारो में कुड़े कचरों का अंबार लग गया है।क्षेत्र में लगने वाले दो प्रमुख साप्ताहिक हाटों में राय बाजार में मंगलवार को एवं बचरा में रविवार को बड़े पैमाने पर बाजार लगता है जहां से स्थानीय लोगों के साथ सीसीएल कर्मी एवं अन्य कंपनियों के लोग सप्ताह भर की सब्जी लेते है। लेकिन इन दोनों हाटों में सब्जी विक्रेताओं द्वारा फेंकी गई सड़ी गली सब्जियों के साथ अन्य प्रकार के कुड़ो से माहौल काफी गंदगी भरा हो गया है।इस संबंध में कोई भी स्थानीय जनप्रतिनिधि या सीसीएल प्रबंधन सजग नहीं है।बरसात का मौसम आने के कारण बाजार में फैले कुड़ो से बदबू भी आने लगती है, जिससे बिमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है।इस संबंध में सब्जी बेचने वाले किसानों ने बताया कि जगह नहीं होने के कारण बाजारों में कूड़े कचरो के अगल-बगल और उस पर बैठकर सब्जी बेचने को मजबूर हैं।सब्जी बेचने के दौरान कचरा से गंदगी और बदबू से लोग परेशान हैं।लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है। बाजार में साफ सफाई कराने के बाद सब्जी बेचने वालों को भी गंदगी नहीं करने की हिदायत देने की जरूरत है।



## बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट पर कल्याणपुर की टीम ने जमाया कब्जा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के बुकरू खेल मैदान मे चल रहे बीपीएल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के किताब पर कल्याणपुर की टीम ने कब्जा जमाया है।जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कल्याणपुर बनाम कामता टीम के टीम के बीच खेला गया।टॉस जीतकर कल्याणपूर की टीम ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।कल्याणपूर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर मे 96 रन बनाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी कामता की टीम ने 9 विकेट खोकर 63 रन ही बना सकी और कल्याणपूर की टीम ने 33 रनो से मैच जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – 13/2023-24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 16.09.2023 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 19.09.2023 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 19.08.2023 को 03.30 बजे अपराहन में। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 6. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में। |
| 7. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 8. | कार्य मद | :– | नीति आयोग (Aspirational District Programme) |
| 9. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डुमरी | Construction of E.G.S/I.C.D.S. Center (Anganwadi) at Birri. | 1312800.00 | 26500.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 2 | डुमरी | Construction of E.G.S/I.C.D.S. Center (Anganwadi) at Chiraiya. | 1312800.00 | 26500.00 | 2500.00 | 03 माह |

**निविदा की शर्ते:–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. ग्रामीण विकास विभाग में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला

PR 306642 NREP(23-24)#D

## 80 लिटर देशी महुआ शराब के साथ दो पकड़ाए, गए जेल

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सालुकडीह गांव के पास केनाल सड़क पर दो अवैध देशी शराब माफिया को ईचागढ़ पुलिस द्वारा करीब 80 लिटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में सरायकेला जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में दोनों का पहचान सोनाहातु थाना क्षेत्र के रानाडीह गांव के 33 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह मुण्डा व जोजोपीड़ी गांव के 36 वर्षीय जर्मन महतो के रूप में किया गया। वहीं अनुसंधानकर्ता मनिन्दर सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा तलाशी के क्रम में बाइकों पर दोनों ओर टंगा हुआ विभिन्न झोला के अंदर पोलेथिन में करीब 80 लि अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया गया।

## पातकुम-चौका सड़क पर लावारिस हालत में एक टाटा इंडिगो जब्त

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम-चौका सड़क पर लावारिस हालत में एक टाटा इंडिगो कार सड़क किनारे बरामद किया गया। कार पर नंबर प्लेट भी नहीं है। ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गस्ती के क्रम में एक लावारिस हालत में एक कार सड़क किनारे खड़ी थी। बहुत देर तक लोगों को पुछताछ के बाद भी किसी का पता नहीं चला। कार में कागजात व नंबर प्लेट भी नहीं है, जिससे कार का इंजन नंबर से पता लगाने के लिए डीटीओ कार्यालय भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जिसका भी कार है वे अपनी कार का दस्तावेज दिखाकर कार ले जा सकते हैं। लावारिस कार का स्टेशन डायरी किया गया है।

## टाटा-रांची राष्ट्रीय राजपथ पर सड़क दुर्घटना में चार घायल

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टाटा-रांची राष्ट्रीय राजपथ 33 पर सोमवार को अहले सुबह हुई सड़क दुर्घटना में कार सवार चार लोग घायल हो गए. चौका थाना क्षेत्र के दुबराजपुर के पास भोर करीब साढ़े चार बजे अज्ञात वाहन ने एक कार को जोरदार टक्कर मारा. इस टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए. वहीं कार पर सवार एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए. घायलों में चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. दुर्घटना की सूचना मिलते ही चौका थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए चांडिल स्थित अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया. मिली जानकारी के अनुसार बिहार के नवादा से मुन्ना कुमार दुबे, आलोक तिवारी, शीतल दुबे और कुंदन कुमार कार संख्या बीआर 01एचसी 1583 से जमशेदपुर जा रहे थे. दुर्घटना में कुंदन कुमार व महिला शीतल दुबे को अधिक चोट लगी है. चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया.

## सांसद ने टाटा- आरा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:टाटानगर रेलवे स्टेशन से सोमवार को संसद विद्युत वरण महतो ने टाटा आरा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन पहले टाटा से दानापुर तक जाती थी। लेकिन, आज सोमवार से यह ट्रेन आरा तक जाएगी। इस ट्रेन का रेलवे ने विस्तार कर दिया है। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने जब संसद विद्युत वरण महतो रेलवे स्टेशन पहुंचे तो रेलवे के अधिकारियों ने उन्हें पौधा भेंट कर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद सांसद ने टाटा आरा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और उसे रवाना किया। सांसद ने बताया कि वह टाटा दानापुर ट्रेन का विस्तार करने के लिए प्रयासरत थे। रेल मंत्री से बात हुई थी। उन्होंने टाटा दानापुर ट्रेन को आरा तक विस्तार देने पर रेल मंत्री का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि आरा जंक्शन पर ट्रेन की वॉशिंग से लेकर सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। पत्रकारों से बात करते हुए सांसद ने कहा कि साउथ बिहार एक्सप्रेस टाटा से राजेंद्र नगर तक जाती है। इस ट्रेन को बक्सर तक विस्तार देने का प्रयास किया जा रहा है। बिलासपुर पटना साप्ताहिक ट्रेन टाटानगर से होकर चलती है। इसको भी विस्तार देने की कोशिश हो रही है।

## हरहरघुटु काली मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा मंडप हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सोमवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत हरहरघुटू काली मंदिर परिसर में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा दुर्गा पूजा मंडप निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें यजमान के रूप झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता के युवा महाबीर मुर्मू और समाजसेवी अशोक सिंह शामिल हुए। पुरोहित ओम केशवर बनर्जी के द्वारा वैदिक मंत्र के साथ भूमिपूजन किया गया। पूजा मंडप का थीम आदियोगी चेन्नई का मंदिर का मॉडल बनाया जाएगा जो बंगाल सीमांतो टेंट के कारीगर के द्वारा तैयार किया जाएगा। पंडाल की लागत करीब 20 लाख रुपए आयेगी एवं डेकोरेशन बंगाल के मोना लाईटिंग द्वारा की जाएगी। पंडाल का उद्घाटन पंचमी के दिन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनीष महाकुड़, नरेश सोय, संदीप सिंह, बनारस दास, प्रीतम सिंह, विशाल सिंह, राजीव कुमार, चंदन पांडे, रॉकी सिंह, गणेश पात्रो, कार्तिक पात्रो, आशीष साहू, कुणाल, सनन, तुषार एवं बहादुर आदि उपस्थित थे।

## भारत भवन मिनी फुटबॉल स्टेडियम में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चक्रधरपुर भारत भवन में स्थित मिनी फुटबॉल स्टेडियम में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन मोहम्मडन स्पोर्टिंग दनदासाई चक्रधरपुर के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पीपल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने शिरकत की। फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजक समिति के द्वारा उन्हें शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मुकाबला मामू ग्रुप चोंगासाई और कराईकेला एफसी टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ एक एक गोल मारकर खेल को काफी रोमांचक बनाया । उसके बाद प्लाटिंग का दौर चला जिसमें मामू ग्रुप चोंगासाई ने जीत हासिल कर विजेता बना। इस दौरान डॉ. विजय सिंह गागराई व अतिथियों के हाथों विजेता, उपविजेता को बड़ा सील्ड कप एवं नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौके पर विजय दत्ता उर्फ बापी दा ,मुन्ना जी, हेड कोच इकबाल खान ,एमडी जलाल, कलीम ,मंटू , चुन्नू रहमान,मोहम्मद मुमताज,मोहम्मद इस्लाम, राम राई समाड ,मरकुज गागराई, फिरोज खान एवं फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजक समिति के सदस्य एवं अन्य मौजुद थे।

### पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का संगठनात्मक सशक्तिकरण बैठक आयोजित

# कांग्रेसजन संगठन को करें मजबूत नही तो छोड़े पद : जिलाध्यक्ष

**– 231 पंचायत में सभी पंचायत समितियों का गठन चार दिनों के अंदर करें**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में संगठनात्मक सशक्तिकरण बैठक बारीडीह स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष ने सभी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारियों, सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं सभी मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि चार दिनों के अंदर अविलंब प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का सत्यापन करें, निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर करें तथा सक्रिय सदस्यों को अविलंब पदाधिकारी के रूप में नियुक्त करें। ग्रामीण क्षेत्रों में 231 पंचायत के अंतर्गत सभी पंचायत समितियों का गठन तत्काल प्रभाव से चार दिनों के अंदर संपादित करें। जिला अध्यक्ष ने कड़े शब्दों में कहा कि जो भी प्रखंड अध्यक्ष संगठन के कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं या कार्यक्रमों में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उनके विरुद्ध प्रतिवाद पत्र जारी करें। आवश्यकता पड़ने पर निष्क्रिय प्रखण्ड अध्यक्षों को बदलने के कार्यवाही को प्रारंभ करें। बैठक में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, बृजेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद, प्रखंड अध्यक्षों में अतुल गुप्ता गोलमुरी, धर्मा राव साकची, आशीष ठाकुर जमशेदपुर ग्रामीण, संजय शाह मुसाबनी, राजेश कुमार टेल्को एवं मंडल अध्यक्ष में राज नारायण यादव बागबेड़ा, मिठू अग्रवाल करनडीह-घाघीडीह, अली राजा खान बिस्टुपुर, सुभद्रा कर्मकार परसुडीह, अजय महतो सुंदरनगर, देवाशीष घोष टेल्को कॉलोनी, मुन्ना मिश्र टाटानगर, गुरुपदो गोराई बिरसानगर, संजय कुमार जेम्को एवं प्रखंड संगठन प्रभारी में अपर्णा गुहा, जितेंद्र सिंह, सनातन भकत, ज्योति मिश्रा, अंसार खान मण्डल पर्यवेक्षक में काशीनाथ गिरी, भारत सिंह, सूरज मुंडा मुख्य रूप से शामिल हुए।

## एक्सएलआरआइ व सीएमसी लुधियाना के बीच हुआ एमओयू, मार्च में लांच होगा कोर्स



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश की प्रसिद्ध मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) लुधियाना के बीच एक एमओयू हुआ है. हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के लिए उक्त दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से कार्य करेंगी. साथ ही हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर एक कोर्स डिजाइन किया जायेगा, जो हेल्थकेयर क्षेत्र के लिए प्रबंधन कार्यक्रम व सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए मददगार होगा. उक्त एमओयू पर सीएमसी लुधियाना में संयुक्त रूप से हस्ताक्षर हुआ. जिसमें एक्सएलआरआइ दिल्ली कैंपस के डायरेक्टर फादर केएस. काश्मीर एसजे, सीएमसी लुधियाना के डायरेक्टर डॉ विलियम भट्टी, सीएमसी लुधियाना के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ एलेन जोसेफ, सीएमसी वेल्लोर के एचआर एंड एडमिन के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ सैमुअल एनजे डेविड, एक्सएलआरआइ के फैकल्टी डॉ परमज्योत सिंह व डॉ संतोष संगेम उपस्थित थे.

मौके पर मौजूद फादर काश्मीर ने कहा कि भारत की सतत और समावेशी विकास की यात्रा में सस्ती, सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है. वहीं, सीएमसी लुधियाना के डायरेक्टर डॉ विलियम भट्टी ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि दोनों ही संस्थान समाज हित में कार्य करने के लिए हमेशा संवेदनशील रहे हैं. कहा कि करीब एक दशक डॉ. एडिथ मैरी ब्राउन ने भारत के लोगों की सेवा को अपना मिशन बनाया और लुधियाना में क्रिश्चयन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की स्थापना हुई.

### कुचाई के छोटासेगोई स्कूल में एसएमसी की बैठक

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटासेगोई में एसएमसी पर एक बैठक आयोजित गई जिसमें मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ नाथो महतो ने उपस्थित सभी शिक्षक व सीआरपी को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ बैंक खाता आधार वेरीफिकेशन एसडीएमआई एस एमडीएम एसएमएस विकास राशि पोशाक शिक्षक की उपस्थिति उपस्थिति के साथ शौचालय नल व स्कूल प्रांगण की साफ सफाई रखने का दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो, सीआरपी सुधीर महतो, जोएल ओमंग तिलक महतो, मुकेश कुमार सोय, नंदकिशोर प्रधान समेश्वर महतो जयशंकर मुंडा मुनी किंडो राम किशोर सोय रेशमी गोप आदि उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर थाना में सदर डीएसपी के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कपिल चौधरी का ट्रांसफर होने के बाद सदर डीएसपी दिलीप खालको ने अतिरिक्त प्रभार चक्रधरपुर डीएसपी का लिया। प्रभार लेने के साथ ही उन्होंने शहर में विधि व्यवस्था कायम रहे इसे लेकर शांति समिति की बैठक चक्रधरपुर थाना में बुलाई गई । बैठक में डीएसपी दिलीप खालको के साथ चक्रधरपुर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार मौजूद थे। इस दौरान डीएसपी ने कहा कि तेजी से युवाओं के बीच नशा का शौक जाग रहा है।

गांजा, ब्राउन शुगर ,नकली शराब ,महुआ शराब आदि चीजों की आदत नौजवानों को लग रही है। जिसमें स्कूल कॉलेज के भी बच्चे हो सकते हैं इसलिए अभिभावक अपने बच्चों का बैग वगैरा भी चेक जरूर किया करें। अपने अगल-बगल आसपास नजर रखे और एक मुहिम के तहत इसे खत्म करने में पुलिस का साथ दें। अशांति फैलाने वाले आसामाजिक तत्वों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। उन पर एफ आई आर एवं 107 केस दर्ज की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने आने वाले दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। वहीं उन्होंने बैठक के दौरान सभी लोगों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान मौके पर प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव सह रामगढ़ प्रभारी सौरभ अग्रवाल, शांति समिति वरिष्ठ सदस्य अनवर खान चाचा, राजेश गुप्ता संजय पासवान दिनेश जीना रमेश ठाकुर शाहबाज उर्फ सज्जू नसीम रवानी आदि मौजूद थे।

### फदलोगोड़ा सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का हुआ भूमि पूजन

**चांडिल :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के फदलोगोड़ा में सोमवार दुर्गोत्सव के लिए पूजा पंडाल बनाने का काम शुरू किया गया. समिति के संरक्षक सह जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमहंत विद्यानंद सरस्वती व ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण का काम शुरू करवाया. फदलोगोड़ा में पूजा पंडाल और प्रतिमा निर्माण के लिए पश्चिम बंगाल के कुशल कारीगर को आमंत्रित किया गया है. दुर्गा पूजा को लेकर हुई समिति की बैठक में इस साल भी धूमधाम एवं भव्य रूप से मां दुर्गा की पूजा करने का निर्णय लिया गया है.

## हाथियों पर नियंत्रण रखने में वन विभाग विफल किसानों के फसल नष्ट हो रहे हैं : हरेलाल महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** दो दिन पहले कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत चुनचुड़िया गांव समेत आसपास के गांवों में हाथियों ने उत्पात मचाया था। शनिवार सुबह हाथियों के झुंड ने कई ग्रामीणों का फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो सोमवार को चुनचुड़िया गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। हरेलाल महतो ने हाथी भागने के लिए सहयोग के रूप में निजी स्तर से चुनचुड़िया गांव के करीब 20 लोगों को टॉर्च लाइट, पटाखा इत्यादि का वितरण किया। हरेलाल महतो ने कहा कि हाथियों पर नियंत्रण रखना वन विभाग का दायित्व है लेकिन विभाग विफल है। उन्होंने कहा कि वन विभाग भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास है। जो व्यक्ति सरकार संभालने में विफल है, वह ग्रामीणों का भला कैसे कर सकता है। हरेलाल महतो ने कहा कि सालभर मेहनत करने के बाद किसानों की फसल तैयार होती है, जिसे हाथियों द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। यह सरकार की नाकामी के कारण होती हैं। इस मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, बुद्धदेव बनर्जी, सुनील महतो, सुकेन महतो, महेंद्र महतो, बुधेस्वर महतो,विष्णु महतो,गुरु चरण महतो आदि मौजूद थे।

## बोड़ाम में सहिस ने आजसू कार्यकर्ताओं को संगठन का विस्तार हेतु दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम स्थित आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में आजसू पार्टी की सांगठनिक बैठक माणिक महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री सह पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के साथ ही वर्तमान राज्य सरकार के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मुफ्त बिजली के नाम पर गरीब उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना बड़ी उपलब्धि है जबकि आज भी क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे बिजली मिलनी तो दूर लगातार कई घंटों तक भीषण गर्मी में भी बिजली नहीं मिल पा रही है। इस दौरान पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी और बूथ प्रभारियों की समीक्षा की गई और बूथ स्तर पर संगठन को विस्तार करने एवं स्थानीय समस्याओं का समाधान करने का दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में आजसू नेता श्याम कृष्ण महतो, मानिक महतो, मृत्युंजय सिंह सरदार, छुटुलाल सिंह, रमानाथ महतो, पूर्ण महतो, देवजानी दास, मेनका किस्कू, रेणुका महतो व ललिता महतो के साथ-साथ बोड़ाम प्रखंड के सभी पदाधिकारी, वरीय नेता, महिला नेत्री एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्वालिटी कॉन्सेप्ट में विवेक विद्यालय को मिला गोल्ड अवार्ड

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ़ इंडिया बोकारो चैप्टर द्वारा आयोजित क्वालिटी कॉन्सेप्ट के 31वाँ कन्वेंशन-2023 में विवेक विद्यालय, जमशेदपुर के टीम को गोल्ड




अवार्ड से सम्मानित किया गया द्य मुख्य अतिथि, बोकारो स्टील लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (वर्क्स) ने बच्चों को गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 8 और 9 सितंबर 2023 को एच.आर.डी. सेंटर बोकारो, स्टील लिमिटेड बोकारो में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी थीम पर आधारित थी द्य इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न उद्योगों, उपक्रमों एवं विद्यालयों के 60 से अधिक टीमों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विवेक विद्यालय के छात्रों ने वेस्ट पेपर मैनेजमेंट पर आधारित प्रोजेक्ट बनाया, जिसके द्वारा उन्होंने वेस्ट पेपर को रिड्यूस और रिसाइकिल करके नई पेपर नोटबुक, क्राफ्ट, मॉडल्स एवं लिखने योग्य पेपर बनाया। विवेक विद्यालय के इस प्रोजेक्ट को और टीम के सदस्यों- अश्लेषा भदौरिया, शीतल मिश्रा, पायल कोटल तथा शिक्षिका निकेता श्रीवास्तव एवं शुषमा नामता शामिल थे।

## अंकिता सिन्हा ने बैंकॉक में दी शानदार प्रस्तुति, मिला सम्मान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शहर की कवयित्री अंकिता सिन्हा ने बैंकॉक में आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर वहां रहने वाले भारतीयों का दिल जीत लिया। संस्था की




ओर से अंकिता को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन का आयोजन केंट फार्मास्युटिकल्स के संरक्षक सोमनाथ ने जबकि सुप्रसिद्ध आयोजक, चिकित्सक मंच संचालक वीरेंद्र यादव ने किया। केंट फार्मास्यूटिकल्स होम्योपैथी दवाओं की प्रसिद्ध कंपनी बैंकॉक के द्वारा काव्य संगम का शानदार आयोजन किया गया। बैंकॉक फार्मास्यूटिकल्स के संरक्षक (प्रोपराइटर ) सोमनाथ की ओर से हर साल यहां देश विदेश के 200 से जयादा सुप्रसिद्ध चिकित्सकों का सेमिनार होता हैं। यह खुशी कि बात हैं इस काव्य धारा एवं सम्मान समारोह श्रृंखला में भारत से सुप्रसिद्ध कवयित्री अंकिता सिन्हा को जमशेदपुर से अगले वर्ष के लिए भी आमंत्रित किया गया है।

## हरतालिका तीज पर महिलाओं को साड़ी और सूट का तोहफा 17 को

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के प्रशंसक के रूप में शहर में अपनी पहचान बना चुके पप्पू सरदार द्वारा इस साल पहली बार हरतालिका तीज के शुभ अवसर पर उपवास रह कर पूजा करने वाली महिलाओं को रविवार 17 सितम्बर को सुबह 11 से दोपहर 01 बजे तक



माधुरी दीक्षित के नाम पर तोहफा स्वरूप साड़ी और सूट निःशुल्क दिया जायेगा। यह जानकारी देते हुए पप्पू सरदार ने आगे बताया कि परिवारिक कारण से इस साल हरतालिका तीज पर मेंहदी लगावने का कार्य नहीं किया जा रहा है। लेकिन मंगलवार 12 सितम्बर से रविवार 17 सितम्बर (छह दिन) तक हरतालिका तीज का पूजा करने वाली सभी बहनों को एक भाई की तरफ से निःशुल्क मेंहदी उपलब्ध कराया जायेगा। ये सभी कार्यक्रम मनोहर चाट दुकान साकची में होगा। मालूम हो कि इस साल 18 सितंबर सोमवार को हरतालिका तीज मनाई जाएगी।

## मोटर दुर्घटना वाद एवं एमवी एक्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: माननीय झालसा के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा




प्राधिकार सरायकेला द्वारा मोटर दुर्घटना वाद एवं एमवी एक्ट से संबंधित विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन पीडीजे विजय कुमार, जिला न्यायाधीश, चांडिल, सचिन्द्र सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार द्वारा किया गया। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना वाद तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित कानून को लेकर तीन विभिन्न सत्रों में कानून के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिले के सभी थाना के पदाधिकारी, कार्यपालिका के पदाधिकारी, डॉक्टर, एलईडीसीएस, पैनल लॉयर तथा पैरा लीगल वालंटियरों ने हिस्सा लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, कुमार क्रांति प्रसाद ने उपस्थित लोगों को मोटर दुर्घटना वाद तथा एम वी एक्ट से संबंधित कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सत्र को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंजू कुमारी तथा डीएसपी मुख्यालय चंदन कुमार वत्स ने भी संबोधित किया।

## ग्रामीण विकास एवं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का उपायुक्त ने किया समीक्षा

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित कर ग्रामीण विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।



पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन, प्राप्त आवेदनों के निष्पादन तथा चयनित लाभुकों के बीच पशु वितरण की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन प्राप्त कर योजना अंतर्गत शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान करने तथा चयनित लाभुकों के बीच यथा शीघ्र पशु वितरण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा, आवास योजना समेत अन्य योजनाओं को निर्धारित समयावधी में पूर्ण करने, शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं द्वारा लाभान्वित करने हेतू योजनाओं का प्रखंड स्तर पर समीक्षा करने, योजनाओं के स्थल निरीक्षण कर लाभुकों को आवास योजना के लंबित कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## संपादकीय

# भारत का जी-20

राजधानी नई दिल्ली 'अभेद्य दुर्ग' बनी है और दुल्हन की तरह सजी-धजी भी है। भारत के लिए ये ऐतिहासिक क्षण हैं। जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन का शंखनाद आज होना है। लगभग सभी राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री भारत के आंगन में पहुंच चुके हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के तौर पर जोसेफ बाइडेन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक पहली बार भारत आए हैं। करीब 10,000 विदेशी मेहमान भारतीय आतिथ्य का आनंद लेंगे। मोटे अनाज के पकवान और मिष्ठान्नों का लुत्फ उठाएंगे। जी-20 महज एक भू-राजनीतिक और आर्थिक विकास का मंच नहीं है। यह ऐसा जी-20 सम्मेलन है, जिससे भारत 'विश्व-मित्रों' की जमात में आ गया है। अब वैश्विक नेताओं के सामने भारत की क्षमता, ताकत और सांस्कृतिक विरासत के अध्याय खुले हैं। वे आकलन और विश्लेषण कर सकते हैं। भारत ने अपने विदेशी अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक विनम्रता के साथ किया है। हमारे देवी-देवताओं के कल्पना-चित्र, प्राणी-संसार, कलाकृतियां, सांस्कृतिक धरोहरों, नृत्य, झरने और सभास्थल 'भारत मंडपम' के प्रवेश-द्वार पर भगवान नटराज की अद्भुत प्रतिमा की उपस्थिति बेहद कलात्मक लगती है। भारत के रोम-रोम में कला, संस्कृति और संस्कार बसे हैं। नई दिल्ली किसी विशाल बाग में बसा शहर लग रही है। जमीन से आसमान तक ऐसे सुरक्षा-घेरे तैनात किए गए हैं, जो 'चक्रव्यूह' का एहसास कराते हैं। हमारे प्रिय अतिथियों को पल भर की बेचैनी, असुरक्षा, असुविधा न हो, लिहाजा राफेल, मिराज सरीखे लड़ाकू विमान, कम दूरी की मिसाइलें, एंटी ड्रोन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम और जासूस हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। जमीन पर करीब 1.30 लाख पुलिसकर्मी, अद्र्धसैनिक बलों के जवान, सैनिक और कमांडोज को देखकर लगता है मानो भारत किसी 'युद्धक्षेत्र' में मौजूद है। बहरहाल जी-20 शिखर सम्मेलन से यह भ्रम टूटता दिखाई देगा कि यह सिर्फ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, क्योंकि अपनी अध्यक्षता में भारत का आग्रह है कि आर्थिक विकास में पिछड़े 'अफ्रीकी संघ' को भी जी-20 में शामिल किया जाए। विकसित, विकासशील और तीसरी दुनिया के एक साथ, एक मंच पर आने से विकास को समग्रता मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी का विचार और संकल्प है कि अर्थव्यवस्था जीडीपी के बजाय मानव-केंद्रित होनी चाहिए, तभी वैश्विक विकास और भाईचारा संभव है। अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत के संकल्प को ही 'जी-20 का विजन' स्वीकार किया है। वैश्विक राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री और विशेषज्ञ जिस एजेंडे पर विमर्श करेंगे, उसमें खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा-संकट और स्वच्छ ऊर्जा, विश्व-व्यवस्था, विकास, जलवायु परिवर्तन, महामारी, रोजगार, सप्लाई चेन, आतंकवाद, हरित पर्यटन, ग्लोबल साउथ, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आदि मुद्दे महत्त्वपूर्ण हैं। दरअसल यह एजेंडा भारत ने ही तैयार किया है, जिस पर जी-20 के मंच पर विमर्श किया जाएगा। यह भारत का ही जी-20 है, क्योंकि यह सम्मेलन भारत की चौतरफा समृद्धि का सत्यापन भी है। यह आकलन भी सामने आया है कि विमर्श के दौरान सभी देश 200 अरब डॉलर के आपसी कारोबार और औद्योगिक समन्वय का लक्ष्य तय करेंगे। अब भी दुनिया का करीब 75 फीसदी व्यापार जी-20 के देश ही करते हैं। भारत का विश्व-मंच पर उभार भी बढ़ेगा। ताकतवर देशों के साथ हमारी साझेदारी बढ़ेगी, तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत को गढ़ बना कर अपने प्लांट शुरू करेंगी। उत्पादन यहीं होगा, तो रोजगार भी यहीं बढ़ेगा। अमरीका भारत में 6 परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। प्रीडेटर ड्रोन के खरीदने और भारत में ही उसका उत्पादन-केंद्र बनाने की बात अंतिम दौर में है। इसरो और नासा मिलकर रणनीतिक फ्रेमवर्क और मिशन तय करेंगे। फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी समेत कई और देशों के भारत के साथ काम करने के अपने-अपने लक्ष्य हैं। गौरतलब यह है कि भारत जनवरी, 2024 के 'गणतंत्र दिवस' के मौके पर अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया सरीखे 'क्वाड' के साथी देशों को आमंत्रित करना चाहता है, ताकि चीन को कड़ा संदेश दिया जा सके।

भारत ने अपने विदेशी अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक विनम्रता के साथ किया है। हमारे देवी-देवताओं के कल्पना-चित्र, प्राणी-संसार, कलाकृतियां, सांस्कृतिक धरोहरों, नृत्य, झरने और सभास्थल 'भारत मंडपम' के प्रवेश-द्वार पर भगवान नटराज की अद्भुत प्रतिमा की उपस्थिति बेहद कलात्मक लगती है। भारत के रोम-रोम में कला, संस्कृति और संस्कार बसे हैं। नई दिल्ली किसी विशाल बाग में बसा शहर लग रही है। जमीन से आसमान तक ऐसे सुरक्षा-घेरे तैनात किए गए हैं, जो 'चक्रव्यूह' का एहसास कराते हैं। हमारे प्रिय अतिथियों को पल भर की बेचैनी, असुरक्षा, असुविधा न हो, लिहाजा राफेल, मिराज सरीखे लड़ाकू विमान, कम दूरी की मिसाइलें, एंटी ड्रोन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम और जासूस हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। जमीन पर करीब 1.30 लाख पुलिसकर्मी, अद्र्धसैनिक बलों के जवान, सैनिक और कमांडोज को देखकर लगता है मानो भारत किसी 'युद्धक्षेत्र' में मौजूद है। बहरहाल जी-20 शिखर सम्मेलन से यह भ्रम टूटता दिखाई देगा कि यह सिर्फ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, क्योंकि अपनी अध्यक्षता में भारत का आग्रह है कि आर्थिक विकास में पिछड़े 'अफ्रीकी संघ' को भी जी-20 में शामिल किया जाए। विकसित, विकासशील और तीसरी दुनिया के एक साथ, एक मंच पर आने से विकास को समग्रता मिलेगी।

## कुछ अलग

# आपके स्वागत के लिए

यह नया हिमाचल है जो गिर कर संभलने का दस्तूर जानता है। आपदा के बीच ग्रहण लगी आर्थिकी को ढांढस बंधाता, उसे पटरी पर लाने के लिए हिमाचल सरकार ने फिर से 'बांका हिमाचल' का संदेश देना शुरू किया है। सोशल मीडिया पर निकले हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने बाकायदा पर्यटकों से सीधा राफ्ता कायम करते हुए इस बात की गारंटी दी है कि प्रदेश ने फिर से अपनी खासियत को बरकरार रखते हुए, मनोरंजन की राहों को दुरुस्त किया है। सरकार ने अगले कुछ महीनों के पर्यटन कैलेंडर में कई गतिविधियों के सृजन करने की ठानी है। यानी हालात को फिर से रौनक का इंतखाब करने की स्थिति तक पहुंचा कर हिमाचल न केवल अंदरूनी तौर पर सुदृढ़ हो रहा है, बल्कि बाहरी जगत को दावे से कह रहा है कि हम आपके स्वागत के लिए तैयार हैं। इस बरसात में बहुत खोया है हिमाचल ने और अगर पर्यटन तथा पर्यटन के जरिए हुए नुकसान का आकलन करें तो कमाई के पंद्रह सौ करोड़ तो यूं ही बह गए जबकि इससे जुड़े बाकी सारे अध्याय अपनी-अपनी हानि का सदमा लिए संघर्षरत हैं। आपदा के बीच और आपदा के बाद केवल मनोबल ही नहीं, आत्मचिंतन और जीने का तसव्वुर सारी राहों को सुनिश्चित करता है। अगर मुख्यमंत्री खुद सामने आकर बता रहे हैं कि प्रदेश अब पर्यटन के लायक है, तो यह आगे बढने का ऐसा मील पत्थर है जिसे सरकार अपना नाम देना चाहती है। यह एक तरह से पर्यटन को प्रश्रय देने की मुहिम है जो देश को बता रही है कि हिमाचल के लिए अब डेस्टिनेशन होने का अर्थ क्या है, लेकिन प्रदेश के भीतर भी तो पर्यटन को संबोधित करने की जरूरत है। हिमाचल पर्यटन को अपने पार्टनरशिप में होटल मालिकों, टैक्सी व टूअर आपरेटरों, ढाबा मालिकों तथा पूरी ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए एक समन्वित व स्थायी बोर्ड का गठन करना चाहिए, जिसके तहत पूरी इंडस्ट्री के प्रबंधन की एक पद्धति विकसित करने के साथ सहयोग व सामंजस्य की परिपाटी बनानी होगी। प्रदेश में पांच करोड़ पर्यटकों का नारा हिमाचल का शायद ही भला करेगा, बल्कि तमाम उपलब्ध सुविधाओं के लिए जी का जंजाल बन सकता है। जिस प्रदेश में पहले ही बाइस लाख पंजीकृत वाहन सत्तर लाख लोगों की परिवहन सेवाओं को पूरा करते हैं, तो पांच करोड़ सैलानियों की मांग में वाहनों की संख्या सात गुना बढ़ जाएगी। यानी वर्तमान बाइस लाख को इसी तुलना में आगे बढ़ाना होगा तो पांच करोड़ पर्यटकों के लिए ही करीब डेढ़ करोड़ वाहन अतिरिक्त रूप से बढ़ जाएंगे। क्या उस स्थिति में हिमाचल अपने राज्य में पंजीकृत वाहनों के अलावा डेढ़ करोड़ वाहनों की पार्किंग का प्रबंध कर पाएगा। हिमाचल को तलाश होनी चाहिए एक ऐसे पर्यटक की जो प्रदेश में ज्यादा व्यय करता हुआ उपलब्ध अधोसंरचना का कम से कम हफ्ता भर उपयोग करे। इस तरह अगर एक करोड़ हाई एंड टूरिस्ट हिमाचल आने के लिए एक हफ्ते का कार्यक्रम बनाएं, तो व्यावहारिक दृष्टि से वह सात करोड़ पर्यटक दिवसों का सृजन करेंगे।

## पार्टी के आंतरिक सर्वे में करीब 16 सीटें ऐसी मिली हैं, जहां पर पार्टी की स्थिति अत्यंत कमजोर है

# उत्तर प्रदेश की दर्जन भर लोकसभा सीटों ने बढ़ा रखी है भाजपा नेतृत्व की टेंशन


स्वदेश कुमार

भाजपा की कोशिश सहयोगी दलों से बेहतर समन्वय स्थापित कर चुनावी मैदान में उतरने की है। टिकट बंटवारे के समय एनडीए के सहयोगियों के बीच में किसी प्रकार की खींचतान का न होना, इस बार सकारात्मक संदेश दे रहा है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में सीटों को लेकर दावेदारी बढ़ने लगी है। बीजेपी इस बात से भी खुश है कि बसपा सुप्रीमो मायावती विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे बड़ा खतरा बनती दिख रही हैं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता भले ही सार्वजनिक रूप से अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत का दावा कर रहे हों, लेकिन अंदर खाने की खबर यही है कि फिलहाल बीजेपी आलाकमान 68-70 सीटों से आगे जीत का अनुमान नहीं लगा पा रहा है। बीजेपी मुस्लिम बाहुल्य कुछ सीटों पर हमेशा से कमजोर रही है तो कई मौजूदा सांसद जनता के बीच अपनी खराब छवि के चलते पार्टी के लिए बोझ बन गए हैं। अब आलाकमान को यह तय करना है कि ऐसे सांसदों का क्या किए जाये जो इस बार बीजेपी के लिए जीत की गारंटी नहीं रह गए हैं। यह सब बातें बीजेपी के आंतरिक सर्वे में भी सामने आ चुकी हैं। इसीलिए पार्टी ने कुछ लोकसभा सीटों के प्रत्याशी बदलने का भी मन बना लिया है।

सूत्र बताते हैं कि पार्टी के आंतरिक सर्वे में करीब 16 सीटें ऐसी मिली हैं, जहां पर पार्टी की स्थिति अत्यंत कमजोर है। इन सीटों पर जीत के लिए पार्टी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अच्छी बात यह कि इन सीटों पर भी बीजेपी हार की संभावना के बीच भी लड़ती हुई नजर आयेगी। पार्टी के भीतर कुछ सांसदो का टिकट काटे जाने की चर्चा शुरू होते ही उन सांसदों ने दिल्ली से लेकर लखनऊ तक में बैठे अपने आकाओं के यहां दौड़ लगाना शुरू कर दिया है, जिनकी टिकट बंटवारे में अहम भूमिका रहती है। लेकिन बीजेपी आलाकमान इन सब बातों को अनदेखा करते हुए मिशन 80 पूरा करने में लगा है। उत्तर प्रदेश में मिशन 2024 के तहत पार्टी सभी 80 सीटों पर जीत की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा की कोशिश सहयोगी दलों से बेहतर समन्वय स्थापित कर चुनावी मैदान में उतरने की है। टिकट बंटवारे के समय एनडीए के सहयोगियों के बीच में किसी प्रकार की खींचतान का न होना, इस बार सकारात्मक संदेश दे रहा है।

दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में सीटों को लेकर दावेदारी बढ़ने लगी है। बीजेपी इस बात से भी खुश है कि बसपा सुप्रीमो मायावती विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे बड़ा खतरा बनती दिख रही हैं। बसपा के उम्मीदवार चुनावी मैदान में किसी भी दल के प्रत्याशी का खेल ऊपर-नीचे कर सकते हैं। मायावती का चुनावी मैदान में उतरना विपक्षी गठबंधन के लिए किसी भी स्थिति में सही नहीं होगा। विपक्ष मान रहा है कि



आमने-सामने का मुकाबला हो तभी भाजपा को हराना संभव हो पाएगा। ऐसे में विपक्ष को एक पाले में लाना होगा। वहीं, भाजपा 50 फीसदी से अधिक वोट शेयर हासिल करने के लिए लोकसभा क्षेत्रवार अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गई है। भाजपा का पहला लक्ष्य 2014 में जीती हुई सीटों को वापस हासिल करना है। वर्ष 2014 में भाजपा ने 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, सहयोगी अपना दल-एस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी को 5 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। लेकिन, 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के कारण बसपा के सीटों की संख्या बढ़कर 10 हो गई। कांग्रेस एक सीट पर सिमटी। सपा ने एक बार फिर 5 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा के सीटों की संख्या घटकर 62 रह गई। अपना दल-एस ने अपने 2 सीटों के आंकड़े को बरकरार रखा।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा यूपी की हारी हुई सीटों को रेड जोन में रखा है। साथ ही, जिन सीटों पर सांसदों का परफॉर्मेंस खराब है, उसे भी रेड जोन में रखते हुए तैयारियां चल रही हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि उसके आदेशों को अनदेखा करके जो सांसद अभी तक अपनी छवि सुधारने में नहीं जुटे हैं। ऐसे बेपरवाह रहने वाले सांसदों का टिकट इस बार कट सकता है। वैसे कुछ सांसद नेतृत्व के निर्देशानुसार टिकट कटने की स्थिति से बचने के लिए क्षेत्र में अपनी छवि चमकाने की कवायद में जुट गए हैं।

इस बार भाजपा के अंदरूनी सर्वे में वर्ष 2019 के चुनाव में जीती गई फिरोजाबाद, बदायूं और इटावा जैसी लोकसभा सीटों को सबसे मुश्किल श्रेणी में में रखा गया है। इसी तर भले ही भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ उप चुनाव में जीत हासिल की हो, लेकिन दोनों सीटों पर अभी भी बीजेपी जीत का दावा करने की स्थिति में नहीं हैं। इन सीटों पर जीत हासिल करन के लिए विशेष तौर पर रणनीति तैयार की जा रही है। बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कि जाए तो यहां की मुरादाबाद, संभल, रामपुर, नगीना, बिजनौर, बदायूं, फिरोजाबाद, इटावा और मैनपुरी सीटों को जीतने के लिए पार्टी द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है। वहीं, पूर्वी यूपी की आजमगढ़, घोसी, लालगंज, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकरनगर जैसी सीटें भी भाजपा की चिंता बढ़ा रही हैं। वर्ष 2014 में भाजपा ने मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अंबेडकर नगर, नगीना, गाजीपुर, घोसी और लालगंज में जीत हासिल की। भाजपा की कोशिश इन सीटों को फिर से जीतने की है।

वहीं, 2019 में बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर नगर, गाजीपुर, श्रावस्ती, मैनपुरी, सहारनपुर, आजमगढ़, रामपुर और नगीना में मिली हार को जीत में बदलने की भी कोशिश होगी। खैर, बात मीडिया सर्वे के आधार पर लोकसभा चुनाव में हार-जीत की कि जाए तो टाइम्स नवभारत और ईटीसी के सर्वे के अनुसार एनडीए गठबंधन को 69-73 सीटों पर जीत मिलते नजर आ रही है। जिसका मतलब यह है कि अगर वर्तमान में लोकसभा चुनाव कराए जाएं तो यूपी में एनडीए को 70 से ज्यादा सीटें जीतने को मिल सकती हैं। वहीं इंडिया गठबंधन जिसमें समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर देखे जा रहे हैं उसे सिर्फ 5 से 9 सीटें ही मिल रही हैं।

वहीं बसपा को शुन्य से एक सीट पर जीत मिल सकती है और अन्य के खाते में 1 से 3 सीट जाते हुए नजर आ रही है। फिलहाल इस सर्वे की सबसे बड़ी बात यह है कि 70 से ज्यादा सीटें बीजेपी के खाते में जा रही है, वहीं समाजवादी पार्टी का गठबंधन अपना पिछला आंकड़ा भी नहीं छू पा रहा है। सर्वे के अनुसार वोट शेयर की बात करें तो एनडीए को 51.2 प्रतिशत वोट शेयर, इंडिया गठबंधन को 38.2 प्रतिशत वोट शेयर, बसपा को 6.4 प्रतिशत वोट शेयर और अन्य के खाते में 4.2 प्रतिशत वोट शेयर जा रहे हैं।

# भाकपा माले ने रामगढ़ में जनाक्रोश प्रतिवाद मार्च निकाला

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रामगढ़ :** भाकपा माले रामगढ़ जिला कमेटी के हजारों महिला-पुरुष, नौजवानों के जनाक्रोश प्रतिवाद मार्च रामगढ में निकाला। सभी लोग अपने हाथों में तीर- धनुष, झंडा-बैनर,टमक की शंखनाद के साथ नारों में जोश से भरा आक्रोशपूर्ण आवाज में चलते हुए तूफानी प्रतिवाद मार्च में नारा लगा रहे थे। घाटो थाना प्रभारी को मुअत्तल करो, बर्खास्त करो और एसटी/एसी मुकदमा दर्ज करो, रामगढ़ में पुलिसिया गुंडागर्दी नहीं चलेगी, पुलिस जुल्म के खिलाफ जनसंघर्ष तेज करो,पुलिस की मनमानी नहीं चलेगी,पुलिस राज मुर्दाबाद,पुलिस प्रशासन हाय-हाय। यह जनाक्रोश प्रतिवाद मार्च दमोदर नदी के सामने अंबेडकर पार्क में एकत्रित होकर चिलचिलाती धूप में हजारों की संख्या में मार्च निकाला गया जो रामगढ़ शहर के मेन रोड़ में झंडा चौक, सुभाष चौक, बस स्टैंड,बिजुलिया होते हुए ओवरब्रिज पार कर रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय तक पहुंच कर यह प्रतिवाद मार्च सभा में तब्दील हो गया।सभा का संचालन हीरा गोप ने किया और संबोधन में भाकपा माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया कहा कि भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सह इंक्लाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर हंसदा को घाटो थाना में बुलावा कर घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे के द्वारा सीधे गाली ग्लौज, मारपीट कर थाना में बंद कर दिया गया। जिसके विरोध में तुरंत आरा-सारुबेडा के सड़कों मे विरोध दर्ज किए फिर तीसरे दिन सारुबेड़ा में सैंकड़ों महिला-पुरुष,नौजवानों ने एक लाठी मार्च निकाला गया और आज के रामगढ़ प्रतिवाद मार्च निकाला गया है। इसके अलावे आरवाईए के प्रदेश अध्यक्ष सचिव अविनाश,संदीप और जयवीर हंसदा, महादेव मांझी,जगलाल सोरेन,रीता सोरेन, रामसिंह मांझी, देवकीनंदन बेदिया ने संबोधित किए।

प्रतिवाद सभा से निम्न मांग की गई।1.घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे को तत्काल मुवतल करो।

2. घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे के ऊपर एसटी/एसी मुकदमा दर्ज करो।

कार्रवाई नहीं करने पर आगे की ली गई योजना-

3. 19 सितंबर 2023 को घाटो चलो का आह्वान किया गया जिसमें दासियों हजार जनता की भागीदारी में जनसुनवाई हेतू जनअदालत लगाई जाएगी।

4. 25 सितंबर 2023 को जयंत गांगुली स्मृति सभा के अवसर पर संकल्प सभा के माध्यम घाटो ओपी थाना प्रभारी के खिलाफ आंदोलन तेज करने का घोषणा की जाएगी। भाकपा माले रामगढ़ जिला कमेटी के सचिव भुनेश्वर बेदिया, हीरा गोप, जयवीर हंसदा, लाली बेदिया, रामसिंह मांझी, महादेव मांझी, देवानंद गोप,नीता बेदिया, सरयू बेदिया, नरेश बडाईक, अमल कुमार, बिगेन्द्र ठाकुर, जयनंदन बेदिया, बिजेंद्र प्रसाद नेतृत्व में और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के सुभाष बेदिया, नागेश्वर मुंडा,मनोज मांझी, मनाराम आदि थे । मांझी, भारत जकात मांझी परगना महल के सोहराय किस्कू,मणेन्द्र मांझी,सुनिल किस्कू,जोधन मांझी,इंक्लाबी नौजवान सभा-अवविनाश,संदीप व जयवीर हंसदा,अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के रीता सोरेन,कांति देवी की भागीदारी में हजारों महिला-पुरुष, नौजवानों के जनाक्रोश प्रतिवाद मार्च में शामिल हुये।

# कुज्जू पुलिस द्वारा एक ट्रक बियर जब्त की गई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के द्वारा गठित टीम को दिनांक 10.09.2023 को रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि बोकारो रामगढ़ की तरफ से एक 12 चक्का वाहन पर अवैध शराब लोड कर हजारीबाग की ओर ले जाया जा रहा है। मिली गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई ओ0पी0 में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ कुज्जू ओ0पी0 क्षेत्र में सूचना संकलन करते हुए आरा- कांटा चेक पोस्ट के पास पहुंचा तो देखा कि एक 12 चक्का ट्रक वाहन माण्डू की तरफ जा रही जिसे रुकने का इशारा किया तो वाहन चालक पुलिस गाड़ी को देखकर वाहन को भगाने लगा, जिसे पिछा कर नया मोड़ पुल के पास वाहन को चालक के सहित पकड़ा गया। वाहन चालक पुलिस को देखकर भागने तथा वाहन को लोड वस्तु के बारे में पूछने पर बताया कि वाहन पर राशन का सामान लोड है। तत्पश्चात ट्रक के डाला की जांच किया तो पाया कि वाहन पर गॉडफादर बियर का पेटी लोड है। चालक से कड़ाई से पुछने पर बताया कि बियर की पेटी को वाहन पर दूसरे चालक के द्वारा बोकारो जिला में लोड कराया गया है। दूसरे चालक के कहने पर बोकारो से वाहन को जंगल के रास्ते से छुपते छुपाते माण्डू ले जाया जा रहा था। जिसे माण्डू के जंगल क्षेत्र में जाकर खड़ा कर देना था जिसके बाद दुसरा वाहन चालक आकर उसे आगे की तरफ ले जाता पकड़ाये वाहन चालक से आवश्यक पूछताछ करने एवं पकड़ाये ट्रक वाहन नं0 जे एच 10ए ई -4271 तथा उस पर लदा बियर शराब का आवश्यक जांच हेतू कुजू ओ0पी0 लाया गया।

# ठाकुर गांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार पर लगा आरोप बेबुनियाद

प्रभात मंत्र संवाददाता




**ठाकुर गांव :** ठाकुर गांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार पर दारू का नसे में धुत होकर और बेरहमी से पिटाई का आरोप बिल्कुल ही बेबुनियादी पाया गया।

**क्या है मामला**

दिनांक 10/09/2023 रात्रि का 10 बजे का है जब एक महिला थाना में में पहुंची अपने ही देवर और भतीजे के खिलाफ केस दर्ज करवाने क्योंकि महिला का देवर और उसके बेटे ने ही महिला को बेरहमी से मारा था, पूरा सच सुन के थानेदार ने महिला के देवर का नम्बर ले के किशोर बैठा और उसका बेटा शीतल बैठा को रात में ही फोन कर बुलाया और उठक बैठक कर के माफी मंगवा कर घर भेज दिया। उसके बाद किशोर बैठा ने थानेदार पर गंभीर आरोप लगाया की थानेदार ने दारू के नसे में आ के किशोर बैठा और उसका पुत्र शीतल बैठा का पिटाई किया, इसके वजह से किशोर बैठा बेहोश हो गया और 11/09/2023 को गांव वाले उसे ले के थाने पहुँचते है, फिर थाना का घेराव कर हंगामा करता है, फिर किशोर बैठा और उसका बेटा शीतल बैठा को थाना के पुलिस द्वारा स्पर्श हॉस्पिटल लाया गया जहां जांच कर डॉ ने बताया कि किशोर बैठा को दमा की बिमारी है, जिसके वजह से उसका तबियत बिगड़ा था फिर पूरी जांच किया गया और इलाज किया गया। किशोर बैठा अब पूरी तरह स्वस्थ है। जब किशोर बैठा से पूछा गया तो बताया कि घबरा के थानेदार के खिलाफ बोल दिया था। थानेदार बिल्कुल निर्दोश है, वे नशा में नहीं थे।

**ठाकुर गांव थाना मामले में अनावश्यक तूल दिया जा रहा है**

जबकि मामला साधारण है। हर बार पुलिस को अनावश्यक बदनाम करना लोगों की आदत बनती जा रही है जब इसका पूरा मामला का जांच करने पर पता चला की यह एक पारिवारिक कलेश का मामला था और इसमें पुलिस को शराब पी कर मारने की जो बात की जा रही है वो हमारे जांच के बाद गलत साबित हुई।

# जांच अभियान में दो राशन डीलरो का लाइसेंस हुआ रद्द, एक के विरुद्ध दर्ज कराया गया एफआईआर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा अनियमित तरीके से राशन के वितरण संबंधित शिकायतों के आलोक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो के द्वारा रामगढ़ एवं पतरातू क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया।जांच अभियान के दौरान पाया गया कि रामगढ़ शहर अंतर्गत राशन डीलर सागरमल अग्रवाल द्वारा अगस्त माह में किसी भी लाभुक को राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है वही उनके द्वारा जांच में भी किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया गया जिसके उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी, रामगढ़ श्रीमती रीना कुजूर द्वारा की गई जांच में स्टॉक में काफी गड़बड़ी पाई गई जिसे लेकर तत्काल रूप से सागरमल अग्रवाल अनुज्ञप्ति संख्या 37/95 का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है वहीं उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराया गया है।पतरातु प्रखंड अंतर्गत लादी चिकोर क्षेत्र में चलाए गए जांच अभियान के दौरान देवन्त कुमार रवि, अनुज्ञप्ति संख्या 5/ 2017 द्वारा लाभुकों को निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में राशन उपलब्ध कराने का दोषी पाया गया वहीं उनके द्वारा गलत तरीके से बायोमेट्रिक प्रणाली का इस्तेमाल करने का भी मामला सामने आने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा देवव्रत कुमार रवि से स्पष्टीकरण पूछा गया। स्पष्टीकरण का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तत्काल रूप से उनका लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।आमजनों की शिकायतों के आलोक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में राशन डीलरों की जांच करने का निर्देश दिया गया है वहीं किसी भी राशन डीलर द्वारा अनियमित तरीके से राशन का वितरण किए जाने संबंधित मामला सामने आने पर त्वरित रूप से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

# गलत तरीके से सीएनटी जमीन की खरीद बिक्री मामले में उपायुक्त ने प्राथमिकी दर्ज कराने का दिया निर्देश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गलत तरीके से सीएनटी जमीन के खरीद बिक्री मामले के अंतर्गत विक्रेता नंदलाल दास द्वारा जमीन खरीदने के दौरान रविदास जाति( सीएनटी के अंतर्गत आते हैं) डिड में दर्शायी गई थी जबकि नंदलाल दास द्वारा 6 सितंबर 2023 को प्रदीप उपाध्याय व उर्मिला देवी को जमीन बेचने हेतु दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर डीड में कायस्थ जाति दर्शाय जाने संबंधित मामले में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

# टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है : सुनील करमाली

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदरूकलां के महथा बगीचा मैदान में आयोजित झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत सिकीदीरी बनाम ओरमांझी के बीच रोचक मुकाबला हुआ. जिसमें सिकीदीरी की टीम 1-0 से विजय हुई। जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश की. मैच के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। इस कमेटी का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना है. सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चल रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों के प्रतिभा निखारा जा सके और जिला, राज्य व राष्ट्र स्तर पर खेल का बेहतर प्रदर्शन कर सकें.इससे पूर्व यहां पहुँचे अतिथि को स्वागत बुके देकर किया गया. मौके पर बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो, अध्यक्ष निरंजन बेदिया, सचिव शैलेन्द्र महतो, कोषाध्यक्ष खेमन महतो,आदि थे ।

# बालूमाथ में अपराध की योजना बना रहे दो अपराधी पिस्टल के साथ गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस ने पिस्टल के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है ।इस संबंध में सोमवार को बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने बताया की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग का बलेनो कार जिसका नंबर जेएच 05 सीएम 8057 में कुछ अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से बालूमाथ थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना के सत्यापन हेतु छापेमारी टीम का गठन किया गया ।जिसमें बालूमाथ थाना एस0आई नीतीश कुमार एवं सशस्त्र बल द्वारा रविवार की देर रात करीब दो बजे झारखंड ढाबा के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें उजला रंग के बोलेनो कार को से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें अकरम कुरैशी 25 वर्ष पिता फहीम कुरैशी, कुरैशी मोहल्ला लोहरदगा, तोहिद आलम 27 वर्ष पिता मो0 नन्हे न्यू रोड मिल्लत कॉलोनी लोहरदगा निवासी शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और एक बलेनो कार जब्त किया गया। वही इस छापेमारी दल में बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार, एसआई नितीश कुमार, धीरज कुमार, दुति कृष्ण महतो,कैलाश बाड़ा समेत बालूमाथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# हर घर में पानी कनेक्शन नहीं मिल पाने से लोगों ने जताई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड की नावागढ़ पंचायत ग्राम नावागढ़ के कई टोलों में घर घर नल जल निर्माण योजना के तहत सभी घरों में कनेक्शन नहीं मिलने से ग्रामीणों ने नारजागी जताई है।इस मौके पर पंसस गफार अंसारी, पूर्व उप मुखिया जवाहर प्रजापति ने कहा कि यह नल जल योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है।इस योजना के तहत घर-घर पानी कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन यहां आबादी के अनुसार टंकी नहीं दिया गया है। 150 घरों के बीच में तीन टंकी लगाया गया है, जिससे हर घर को पानी मिल पाना मुश्किल है। वहीं नावागढ़ पंचायत मुखिया प्रवेश उरांव ने कहा कि जल ही जीवन है,हर हाल में हर घर तक पानी पहुंचाने का काम करुंगा चाहे इसके लिए सरकार से भी लड़ाई लड़ना पड़े तो लड़ने को तैयार हुं। आगे उन्होंने कहा कि इस मामले में वरीय पदाधिकारी को सूचना दी गई है और साथ ही संवेदक से भी बात हुई है। कार्य को दुरुस्त कराया जाएगा एवं आवश्यकता अनुसार टंकी भी लगवाया जाएगा। जिससे सभी घरों को पानी मिल सके। मौके पर दिलीप प्रजापति,जवाहर प्रजापति, चमन प्रजापति, विनोद प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, मोबिन अंसारी, रमेश प्रजापति, रामलाल प्रसाद, मोती प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, विश्वनाथ प्रजापति, सुरेश नायक, मनोज प्रजापति, नन्हक नायक, रुस्तम अंसारी, उमेश प्रजापति स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# सीसीएल दे रही है अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण




**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र के सी. एस. आर. के तहत हस्तशिल्प प्रशिक्षण के अंतर्गत झारक्राफ्ट द्वारा निशुल्क दो महीने का अधिरोपण (अप्लिक) एवं हस्थ्करघा प्रशिक्षण तथा एक महीने का उत्पादन किया जाने वाला है। इसके लिए इच्छुक लोग फॉर्म प्राप्त एवं जमा सी. एस. आर. विभाग, कुण्डी ऑफिस, मगध से कर सकते है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु को प्रतिदिन के हिसाब से दो महीने तक वजीफा (stipend) का भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण झारक्राफ्ट के प्रशिक्षक एवं डिज़ाइनर द्वारा पिट ऑफिस चमातु में कराया जायेगा। दो महीने के प्रशिक्षण के बाद उत्पादन हेतु बाज़ार से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा, ताकि प्रशिक्षु को सतत आजीविका मिल सके। इसके लिए वैसे लोग योग्य है जो माइंस से 25 किलोमीटर के दायरे के स्थायी निवासी हो एवं उनके परिवार में सी. सी. एल. की तरफ से कोई नौकरी नहीं दि गई हो। फॉर्म जमा करने की आखिरी तिथि 22 सितम्बर 2023 है। अधिरोपण (अप्लिक) में कुल 30 सीट एवं हस्थ्करघा प्रशिक्षण में 20 सीट है। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं पासबुक की छाया प्रति संगलंग करना होगा।

# बिजली विभाग के द्वारा लगाया गया शिविर

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमू चौंक स्थित यात्री शेड के प्रांगण में बरवाडीह सहायक विद्युत अभियंता के निर्देशानुसार कनिय अभियंता बिरेंद्र चौधरी के उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिजली विभाग के उपभोक्ताओं ने अपनी अपनी बकाया बिजली बिल भुगतान कर रसीद प्राप्त किया। मौके पर बिजली विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार, ऊर्जा मित्र राकेश कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र में मार्केटिंग स्किल प्रशिक्षण का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और आईआईएम, रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव द्वारा आज सोमवार को आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची के माध्यम से लोहरदगा जिला में स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के स्वरोजगार से जुड़े सदस्यों को मार्केटिंग (विपणन) कौशल प्रदान करने हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग से प्राप्त अवार्ड मनी से जिला के लिए कुछ नया करने की योजना सोच थी। कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें प्रशिक्षण और ऋण प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है लेकिन उन्हें मार्केटिंग तरीका पता नहीं होने की वजह से उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ता है। हमलोगों ने यह कार्यक्रम तय किया और आईआईएम, रांची से बातचीत की। आईआईएम,रांची के द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में चलाया जाएगा जिसमें 10 दिनों तक उत्पादों के मार्केटिंग का तरीका के साथ-साथ कई सारी बातें बतायी जाएंगी। उपायुक्त ने सभी 30 प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना किसी संकोच के यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करें। आनेवाले समय में भी जिला प्रशासन की ओर से ऐसे रोजगारन्मोखी कार्यक्रम चलाये जाते रहेंगे। आईआईएम, रांची के निदेशक ने कहा कि मार्केटिंग के प्रशिक्षण के लिए यह कार्यक्रम काफी अच्छे तरीके से तैयार किया गया है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को कुशल बनाया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में काफी सरल शब्दों का प्रयोग किया गया है। आईआईएम संस्थान आगे भी ग्रामीण विकास और सामाजिक विकास में अपना योगदान देता रहेगा। आपको अपने उद्योग में सफल उद्यमी बनने के तरीकों को आपको बताया जाएगा।

# गणेश पूजा : कार्यपालक पदाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी 19 सितंबर को गणेश पूजा लातेहार सहित देशभार में धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इसे लेकर जहां एक ओर पूजा समितियां तैयारी में जुट गई है। वहीं दूसरी ओर लातेहार नगर पंचायत भी पूजा स्थलों की साफ सफाई और व्यवस्था को लेकर हरकत में आ गया है। इसे लेकर सोमवार को लातेहार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का स्थल निरीक्षण कर वहां की स्थिति से रू-ब-रू हुए। इस अवसर पर जहां उन्होंने पूजा समितियों से जुड़े लोगों को आवश्यक जानकारी दी वहीं अपने साथ आए नप के कर्मियों को पूजा स्थलों पर विशेष साफ सफाई पर ध्यान देने का निर्देश दिया। प्रतिमा के अंतिम रूप देने में जुटे मुर्तिकार गणेश उत्सव को लेकर शहर में तैयारी शुरू हो गई है। मूर्तिकार गणेश प्रतिमा को आकार देने में युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। गणेश चतुर्थी 19 सितंबर से शुरू हो रही है। विघ्नहर्ता के आकर्षक मूर्ति बनाने में मुर्तिकार कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। छोटे-छोटे गणेश की मूर्तियों का निर्माण अंतिम चरण में है। लातेहार शहर स्थित अम्बाकोठी निवासी सह मुर्तिकार कुल्दीप ने बताया कि इस वर्ष महंगाई का असर गणेशजी की मूर्ति पर भी पड़ने लगा है। यहां मिट्टी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं मूर्ति निर्माण में सहायक अन्य सामग्री के दाम में भी वृद्धि के चलते गणेश जी की प्रतिमा की कीमत इस साल काफी बढ़ गई है।

# राजद पंचायत कमिटी का हुआ गठन

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के मोरवाई कलां पंचायत के सैदुप ग्राम में बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय जनता दल पंचायत कमिटी गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजद प्रखंण्ड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव ने किया। सर्वसहमति से अध्यक्ष के रुप में नन्हकु सिंह को बनाया गया। उपाध्यक्ष दाउतकौन गाड़ी, उपाध्यक्ष बिनोद राम, माहसचिव कौरोलिना होरो सचिव विरेन्द्र सिंह, सचिव संतरी तोपनो, कोषाध्यक्ष भगरति उंराव, उपकोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह,युवा अध्यक्ष सोहराई सिंह उप युवा अध्यक्ष कैलदर पासवान, महिला पंचायत अध्यक्ष सबिता देवी को बनाया गया।

# रितेश कुमार व राजेश महतो पर्यवेक्षक के मौजूदगी में खूंटी चैंबर चुनाव हुआ संपन्न



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी के नगर भवन सभागार में खूँटी चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव, लोहरदगा अध्यक्ष रितेश कुमार व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो पर्यवेक्षक के मौजूदगी में हुआ संपन्न कुल 36 प्रत्याशी ने इस चुनाव में अपना भाग्य आज़माया। जिसमें प्रियांक भगत बने अध्यक्ष, मुकेश कुमार जायसवाल बने सचिव, परमानन्द कश्यप सह सचिव, उपाध्यक्ष ज्योति सिंह, कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष चुने गये सुमित जैन, जबकि इसके अलावे 15 कार्यकरिणी सदस्य भी नवनिर्वाचित हुए। 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को खूंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स सत्र 2023-25 के नई कार्यकारिणी की गठन हेतु नियमित चुनाव सम्पन्न करवाने की जिम्मेवारी फेडरेशन आफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव पदाधिकारी श्री पवन शर्मा द्वारा पत्र जारी कर लोहरदगा चैम्बरऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार व FJCCI क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो को पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने का निर्देश दिया गया। जिसका बखूबी पहल करते हुए लोहरदगा से चलकर खूंटी नगर भवन पहुंचे अध्यक्ष रितेश कुमार व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो ने शांतिपूर्ण माहौल में स्थानीय नियुक्त पर्यवेक्षको के साथ मिलकर चुनाव संपन्न कराया यह चुनाव 9:00 बजे से लेकर 3 बजे तक चली। कुल 972 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। फिर 4 बजे शाम से मतपत्र गणना का काम प्रारम्भ हुआ, जिसका अंतिम नतीजा आते आते रात 11 बज गये।जिसमें अधिकतम मतों की प्राप्ति के आधार पर प्रियांक भगत अध्यक्ष, मुकेश कुमार जायसवाल सचिव, उपाध्यक्ष ज्योति सिंह कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, सह सचिव परमानंद कश्यप,सह कोषाध्यक्ष पद के लिये सुमित जैन विजयी घोषित किये गये। जबकि इनके अलावे 15 कार्यकरिणी सदस्य भी चुने गये। जिन्हें नियमानुसार चुनाव समिति द्वारा विजयी प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बतलाया कि वर्षो से खूँटी चैंबर का चुनाव नही होने के कारण व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण नही हो पा रहा था तथा व्यापारी एकता खण्डित हो गयी थी,जो चुनाव के बाद फिर से पुनर्जीवित हो चुकी है। अब व्यापारियों की समस्या का निराकरण नवगठित कमिटी पूरे ताकत के साथ करेगी तथा व्यापारियों को एकजुट करने में सफल होगी। जबकि रितेश कुमार ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए बतलाया कि खूँटी चिरकाल से नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है तथा हमेशा से यहाँ के व्यापारिक गतिविधि बाधित रही है एवं नक्सलवाद का दंश झेला है। अब प्रशासन के मुस्तैदी के कारण खूँटी विकास की ओर चल चुकी है। चैंबर के नवगठन से यहां के व्यापार को पुनर्जीवन मिलेगा। सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु स्थानीय पर्यवेक्षक निरंजन प्रसाद, गिरीश जी, पंचू महतो, गंझू जी तथा शशी कुमार पाण्डेय के टीम की अथक प्रयास को भी बहुत बहुत बधाई दिये।

# संकल्प महा सभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता होंगे शामिल : विधायक किसुन दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर सिमरिया खादी भंडार के सामने मैदान में संकल्प महा सभा मंच सज धज कर तैयारभो गया है। कल यानी मंगलवार को झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम सभी विधान सभा स्तरीय किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के सुविधाओं के लिए सभी तरह का व्यवस्था मौजूद रहेगा। यह बातें किसान भवन में सिमरिया विधानसभा के विधायक किसुन दास ने प्रेस वार्ता कर बताया। आगे कहा कि यह सिमरिया के लिए पहला मौका है जहां बाबूलाल मरांडी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद सिमरिया में संकल्प महासभा को संबोधित करेंगे। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष दयानिधि सिंह, अक्षयवट पांडेय, अरविन्द सिंह शामिल थे।

# सड़क सुरक्षा व पंचायती राज के अधिकारों को लेकर जागरूकता जरूरी : रविन्द्र तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को बरवाडीह सभागार प्रांगण में अखिल भारतीय पंचायती राज समिति के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने की। जहां बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पंचायती राज परिषद के उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद भारत सरकार के केंद्रीय सदस्य रविंद्र तिवारी की मौजूदगी रही। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत के 29 विभाग के अधिकारों को लेकर परिचर्चा की गई। मौके पर तिवारी ने पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि पंचायतीराज परिषद के निर्वाचित पदाधिकारियों को सरकार के द्वारा उनके अधिकारों का जो हनन किया जा रहा है इसके मुख्य कारण पंचायत प्रतिनिधियों में जागरूकता की कमी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के उनके सभी अधिकार प्राप्त करना तभी संभव है जब वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और इसके लिए सरकार से सीधे संघर्ष करना होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में भी पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराया, इस बीच झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य के पति अफजल अंसारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिला अधिकारियों के निर्देश पर बरवाडीह में जगह जगह पर पुलिस के द्वारा हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है पर वाहन चालकों के द्वारा सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करने वाले का वाहन जब्त कर लिया जा रहा है और बताया जा रहा है कि जिला से चालान कटवाकर लाया जाए इसके लिए मौके पर चालान काटने की व्यवस्था हो ताकि वाहन चालकों को परेशानी नहीं उठानी पड़े। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह एजीएम अनुज शरण, प्रखंड समन्वयक पंचायतीराज मंजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य गण, पंचायत मुखिया के साथ वार्ड कमिश्नर की उपस्थिति रही।

# प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम में दिखा अव्यवस्था का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय में सोमवार को खेलो झारखण्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अव्यस्था का आलम देखने को मिला। कार्यक्रम में बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय से आये विद्यार्थियों ने भाग लिया था। चिलचिलाती धूप में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए बच्चे पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते दिखे। सभी विद्यालयों से आये बच्चे सुबह दस बजे तक कार्यक्रम में पहुंच गए थे। लेकिन कार्यक्रम 11:30 बजे शुरू हुआ ।खुद प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला लता देर से कार्यक्रम में पहुंची। आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए बच्चे दोपहर 2:30 बजे तक चिलचिलाती धूप में भूख और पानी के अभाव में तड़पडे रहे। भूखे पेट रहने के कारण दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले रही शेरेगड़ा उच्च विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा मुस्कान कुमारी बेहोश हो गयी। जहां मेडिकल टीम नही रहने के कारण 5 मिनट तक छात्रा फील्ड में गिरी पड़ी रही लेकिन कोई भी आयोजक कमिटी द्वारा उसे देखने तक नही पहुँचा। उसके बाद मैदान में दर्शक दीर्घा में मौजूद खेल देख रहे लोगो ने बच्ची को उठाकर पानी छिड़का तब जाकर उसे होश आया। वही मध्य विद्यालय लक्षीपुर से खेल में भाग लेने आये खिलाड़ी करन कुमार समेत कई बच्चों ने बताया कि वह सुबह 10 बजे हाई स्कूल बालूमाथ पहुंचा जहाँ दोपहर ढाई बजे तक खाना नही बना हुआ था। साढ़े तीन बजे खाना भी मिला तो आधा पेट दिया गया। खेलने आए सभी बच्चों को जिस जगह पर बैठाकर खाना खिलाया गया उसके आसपास गंदगी का अंबार भरा हुआ था। वही आयोजित कार्यक्रम में मैदान की साफ सफाई भी नहीं करवाई गई थी जिससे प्रतिभागियों को दौड़ने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था कई खिलाड़ी गिरकर चोटिल भी हुवे और मेडिकल किट नही होने की वजह से परेशान दिखे। वही इस संबंध में पूछे जाने पर कार्यक्रम के प्रभारी बीआरपी निरंजन सिंह ने बताया कि आयोजन को लेकर मेडिकल टीम की व्यवस्था के लिए चिकित्सा प्रभारी को मौखिक रूप से कहा गया था लेकिन मेडिकल टीम नही आयी। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम के लिए सरकार दारा आबंटन उपलब्ध कराई गई है फिर भी अवेवस्था का आलम देख शिक्षा विभाग पर प्रश्न चीन खड़ा होता नजर आ रहा है। एवं पैसे की बंदर बांट करने हेतु कार्यक्रम में सिर्फ खाना पूर्ति की गई।

# सिमरिया क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक चरम पर है, सुखाड़ से परेशान किसानों के लिए बना आफत


## जंगली हाथियों के झुंड ने कसारी पंचायत के केंदू गांव में किसानों का फसल रौंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक चरम पर जारी है। एक तरफ सुखाड़ से किसान परेशान है वहीं हाथियों का झुंड परेशानी का सबब बन गए हैं। मुश्किल से किसानों ने जिन फसलों को तैयार किया है, उसे हाथीयों द्वारा बर्बाद कर दे रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से लगातार हाथियों के द्वारा क्षेत्र में फसल को बर्बाद कर दिया जा रहा है। प्रखण्ड के जंगली इलाके में बसे ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों का झुंड अपना बसेरा बना लिया है। ग्रामीण इलाकों के आसपास स्थित जंगलों में हाथी दिनभर विचरण करते रहते हैं। रविवार रात को जंगली हाथियों ने केंदू गांव में पहुंचकर दो दर्जन से अधिक किसानों के फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया जंगली हाथियों का झुंड गांव में आया और उनके खेतों में लगे मकई का फसलों को बर्बाद कर दिया। किसानों ने वन विभाग से फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा राशि देने की गुहार लगाया है। **किसानों के लिए अब एक तरफ खाई एक तरफ गड्ढा, जाए किधर, मौत हीं मौत :** किसानों ने कहा कि एक तो बारिश नहीं होने के कारण अधिकांश खेत खाली पड़े हुए हैं। कुछ किसान नदी और तालाबों से सिंचाई कर किसी प्रकार कुछ खेतों में फसल लगाए हुए हैं। पर जंगली हाथियों का झुंड प्रतिदिन किसानों के फसलों को बर्बाद कर रहा है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हाथियों का आतंक इतना अधिक बढ़ गया है कि जंगल की ओर जाने में भी अब डर लगने लगा है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जंगली हाथियों से हो रही परेशानी की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को भी है। वैसे में किसानों के लिए एक तरफ कुआं एक तरफ खाई नजर आता नजर आ रहा है चरों तरफ मौत हीं मौत का दृश्य दिखाई दे रहा है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में बैंक की स्थापना हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज सोमवार को केंद्र प्रायोजित आरकेवीवाई-आरएएफटीएआर योजनांतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मशीनाइजेशन (एसएमएएम) उप योजना हेतु अंतर्गत 80 प्रतिशत अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस और जिला सहकारिता पदाधिकारी लोहरदगा से प्राप्त कुल 15 स्वयं सहायता समूहों सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। आज की बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल,भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डीपीएम जेएसएलपीएस अनीता कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र




## संक्षिप्त खबरें

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक संपन्न

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों के बीच बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में अध्यक्ष प्रमोद यादव की अध्यक्षता में पहली बैठक आयोजित हुई।बैठक में पूजा को भव्य रूप से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि इस वर्ष बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति अपने श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षक एवं अद्भुत आयोजन करने जा रही है। वहीं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए लॉटरी ड्रा की व्यवस्था की जाएगी। लॉटरी ड्रा का कूपन जल्द ही बाजारों में उपलब्ध हो जाएगा। साथ ही बैठक में पूजा की हर गतिविधि पर विस्तार से चर्चा किया गया सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति इस वर्ष माता रानी के आशीर्वाद से 23 वे वर्ष में प्रवेश कर रही है।वहीं सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि महासमिति अपनी कमेटी में कोई फेरबदल नहीं करेगी। बैठक में अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीपनारायण निषाद, दिलीप जायसवाल, संदीप सिंह, महेंद्र गुप्ता, गुड्डन सोनकर, लखन निषाद, दिलीप सोनी, सुरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रदीप जैन, अर्जुन यादव, सुशील शर्मा, रितेश खण्डेलवाल, आशुतोष चौधरी, सिद्धांत मद्धेशिया,पंकज कसेरा, अनिल मद्धेशिया, अनिल केसरी, अभय निषाद, संतोष गुप्ता मोहित सोनी, रवि शंकर पांडे, जितेंद्र सोनी, संजय सिंह एवं सोकले निषाद सहित कई लोग मौजूद थे।

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा रसोईया को लेकर हुई बैठक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार संध्या समस्त रसोईया धमना पंचायत सहित आस पास के ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ साव साव व संचालन प्रो बद्री साव ने किया। बैठक में सार्वजनिक दुर्गा पूजा रसोईया धमना के सफल आयोजन को लेकर कई विषयों पर चर्चा हुई। तत्पश्चात एक पूजा समिति का चयन किया गया। जिसमे सर्वसहमति से राम लखन राम गुप्ता को अध्यक्ष, संतोष कुमार को सचिव, टुकलाल साव को कोषाध्यक्ष, उपमुखिया बिरेंद्र कुमार, हिरामन साव, तारकेश्वर प्रसाद, हरि यादव, राजेश साव, बासुदेव साव, राजकुमार साव को उपाध्यक्ष, प्रभु साव को सह कोषाध्यक्ष, नितेश कुमार एवं अनुज यादव को मीडिया प्रभारी, प्रो बद्री साहू को संयोजक, तापेश्वर साव को सजावट प्रभारी, राजदेव यादव को मंच संचालक, रघुनाथ साव, कारू चौधरी, मुखिया गोविंद प्रसाद, राजेंद्र साव, अशोक प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र साव, सोमर साव, डालो साव, किशोरी साव को संरक्षक एवं सुनील साव, बिनोद रविदास, महेश साव, नंदकिशोर साव, अरविंद कुमार, राजेंद्र साव, गणेश साव, दीपक कुमार आदि को कार्यकारणी सदस्य में रखा गया। बैठक में उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तो में एक स्वर में कहा की आगामी दुर्गा पूजा काफी हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा।

### प्रवासी मजदूर की मौत, राजद नेता ने परिजनों का बंधाया ढाढस

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बनवारी टोला बड़कीटांड पंचायत शिलाडीह थाना गोरहर निवासी बब्लू मांझी,पिता विशुन मांझी का शव प्रयागराज स्टेशन उत्तरप्रदेश में मिला.परिजनों नें बताया कि बब्लू बीते 01 सितंबर को मजदूरी करने के लिए मुंबई निकले थें।जहां मुंबई में कंपनी के द्वारा इनका बीपी जांच किया गया।इसका बीपी हाई बता दिया तो जो लोग इनके साथी थें।सब लोग काम करने चले गए इनको बोला गया कि आप रूम में रहिए.जब साथी लोग काम करके वापस रूम लौटे तो देखा कि बबलू साथियों को बगैर बताए रूम से निकल गया है।हमलोग काफी खोजबीन किए।लेकिन कोई पता नहीं चल रहा है अचानक आज तीन बजे दिन में घरवालों के पास फोन आता है कि इनका रेलवे स्टेशन में मृत्यु हो गया है.इसका शव स्वरूप रानी मेडीकल कालेज प्रयागराज उत्तरप्रदेश में है आकर ले जाइए।घरवालों को समझ में नहीं आ रहा है मामला क्या है।कल शव लानें परिजन उतरप्रदेश जायेंगे इनका तीन बेटी है.और ये अकेला घर का कमाऊ व्यक्ति था.शव लाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीणों ने आपस में चंदा इकट्ठा करके पीडित परिवार को मदद किए हैं।सूचना पाकर राजद जिला महासचिव सह् बरकट्ठा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के भावी उम्मीदवार असमत अली ने उनकी परिवार वालों से मिले और हर संभव मदद करने की सांत्वना दिए।वंही स्थानीय जिप प्रतिनिधि शमिम अंसारी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बब्लू के परिजनों को तत्काल सरकार के द्वारा चलाया जा रहा योजना के तहत लाभ दिलाने का मांग किया गया है।मौके पर संजूल मुर्मू ,किशन हंसदा, केशोलाल मुर्मू,जगदीश किस्कू राजेंद्र मुर्मू आदि लोग थें।

### प्रवासी समाजसेवी दीपक राणा की हुई मुंबई में मौत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड कटकमसांडी ग्राम रोमी निवासी दीपक राणा पिता स्व मोती राणा जो मुंबई में काम करते थे जिनका कई दिनों से तबियत खराब चल रहा था , हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया ,ततपश्चात डॉक्टरों ने उन्हें घर भेज दिया घर आने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। दीपक राणा मुंबई में ही लगभग 35 सालों से कारपेंटर का काम कर के अपने परिवार का भरण पोषण काम करते थे। साथ ही झारखंड जन कल्याण सेवा संघ के अध्यक्ष पद पर प्रवासी मजदूरों के हित मे कई सामाजिक कार्य इनके द्वारा किया गया। उनके एक लड़का तीन लड़की और घर मे बूढ़ी माँ है। समाजसेवी किशोरी राणा ने कहा कि इस मामले को झारखंड सरकार के श्रम एवं नियोजन विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को इस मामले को मिलकर जानकारी देंगे। साथ कहा की देश-विदेश रोजी रोटी कमाने के लिए जाते हैं झारखंड के नौजवानों के वहां फजीहत में पढ़कर मौत के मुंह में समा जाने की पहली घटना नहीं है! इससे पहले कई प्रवासी मजदूरों की मौत हो चुकी है! आए दिन लगातार प्रवासी मजदूरों की मौत हो रही है! और सरकार की तरफ से परिवार वालों को सहयोग नहीं मिल पाता है ! ऐसे में राज्य सरकार की प्रवासी मजदूरों के हित में ठोस कदम उठाना चाहिए। और सरकारी योजना के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिया जाए। झारखंड जन कल्याण सेवा संघ एंव राणा विश्वकर्मा सेवा समिति के सभी पदाधिकारियो ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिए।

### सरकारी राशि गबन मामले में बरही पुलिस ने एक को भेजा जेल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सोमवार को बरही थाना कांड सं0-526/22, दिनांक-29/12/22, धारा- 406/409/420/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त मो. मेहताब आलम उम्र करीब 28 वर्ष, पिता-महबुब आलम सा0-गरजामो थाना बरही जिला हजारीबाग को सरकारी राशि का ग़बन के आरोप में विधिवत गिरफ्तार कर उचित अभिरक्षा में मार्गरक्षी दल के साथ माननीय न्यायालय हजारीबाग में उपस्थापन हेतु भेजा गया ।

### चितरपुर महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2023- 27 के छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर के सभागार में नूतन वर्ष सेमेस्टर-द्व सत्र 2023-27 के छात्र-छात्राओं के लिए महाविद्यालय में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा थीं। कार्यक्रम के शुरुआत में सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। फ़िर उसके बाद सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर उन्हें बधाई दिए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने अपने संबोधन में सबसे पहले छात्र-छात्राओं को बधाई देकर महाविद्यालय के सभी विभाग के शिक्षकों से छात्र-छात्राओं का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी को अपनी कक्षा में निरंतर उपस्थित रहना है जिससे आपके शैक्षणिक विकास के साथ-साथ आपका मानसिक विकास भी होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पुस्तकालय भी जहाँ से आप अपने संबंधित विषयों की पुस्तकें पढ़कर लाभ ले सकते हैं तथा दूर-दराज़ से आने वाली सिर्फ़ छात्राओं के लिए महाविद्यालय की ओर से बस की भी सुविधा है। महाविद्यालय में फ्राष्ट्रीय सेवा योजनाफ इकाई-द्व भी कार्यरत है जिससे आप जुड़कर सामाजिक विकास में अपनी भागीदारी दे सकते हैं जिसके पदाधिकारी प्रो. उत्तम कुमार हैं। महाविद्यालय परिसर में छात्रों के लिए बेहतर कैंटीन भी कॉलेज परिसर में उपलब्ध है जहाँ उचित मूल्य में बेहतर जलपान किस सुविधा है।

## एक ही रात में आठ घरों में हुई चोरी, गांव में दहशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कल्हाबाद पारटांड में बीते रात आठ घरों में चोरों ने हाथ सफल किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोना-चांदी जैसी जेवरात, हजारो रुपये नगदी,मोबाइल और अन्य घरेलू सामाग्री की चोरी कर ली गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद हैं।उधर, चोरी के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। वंही स्थानीय विधायक के कार्यकर्ताओं ने मौके पर विधायक अमित कुमार यादव को फोन पर घटना की जानकारी दी।जिसके बाद विधायक के निर्देशानुसार तत्काल बरकट्ठा पुलिस प्रशासन सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और रिपोट दर्ज की गई। साथ ही विधायक अमित कुमार यादव नें स्वयं मौके पर पहुंचकर और जिन घरों में चोरी हुई उन सभी घरों में जाकर निरीक्षण किया ।

## इचाक के दर्जनों गांवो में बिजली न होना आजाद भारत के लिए शर्मनाक : डॉ. आर सी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के प्रमंडलीय नेता एवं विधायक उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने इचाक प्रखंड के हदारी पारासी,बरका कला, बरका खुर्द,दरिया पोखरिया, डाढा गांवो का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। केंद्र एवं राज्य सरकारो द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा कि आज देश महंगाई बेरोजगारी महामारी एवं अकाल से गुजर रहा है जो प्रजातांत्रिक देश के लिए अशुभ है । 20% धान रोपनी हुआ।वर्षा के अभाव में धान एवं भदवा फसल सूख रहा है सुखाड़ से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है सरकार अकाल क्षेत्र घोषित करें।डाढा के समाजसेवी मुखिया दयानंद मेहता ने कहा कि सरकार हर गांव में सिंचाई एवं पटवन योग्य आहार नाहर जल मीनार का निर्माण कराये।



## करियातपुर जन आरोग्य समिति का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर हेल्थ सब सेंटर में जन आरोग्यम समिति करियातपुर गठन को लेकर बैठक हुई। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर परिवार कल्याण विभाग दिए जा रहे योजनाओं का लाभ क्षेत्र के रोगियों को दिलाने के लिए जन अरोग्य समिति का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, उपाध्यक्ष अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सचिव आयुष चिकित्सक गजाला प्रवीण को बनाया गया। वही समिति में मुख्य रूप से आयुष योगाचार्य इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, सहिया शांति देवी, सबिता देवी, मालती देवी, मोमात उर्मिला, नगीना देवी एसएस, पार्वती देवी सहिया, रीना वर्मा बीटीटी को बनाया गया। समिति के द्वारा आस पास के ग्रामीणों को रोगों के विषय में जानकारी देना एवं उनको उप स्वास्थ्य केंद्र तक लाना है ताकि उनका नियमित उपचार हो सके।

## पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया शानदार फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड़ बरकट्ठा पंचायत बरकनगांगो के ग्राम छुतहरी कटिया में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बीते 30 अगस्त को फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन हुआ था.जिस खेल मे 30 टीमें भाग ली थी। फाइनल मैच का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर व फुटबॉल को किक मारकर किए। फाईनल मैच यादव सपोर्टिंग क्लब, लोकिया बनाम स्टूडेंट्स क्लब, बेरोगांय के बीच शानदार मुकाबला खेला गया।



फाइनल मुकाबला में मैदान-ए-जंग में निर्णय नहीं निकलने पर कमिटी द्वारा पेनाल्टी शूट ऑउट करवाया गया, जिसमें स्टूडेंट्स क्लब, बेरोगांय की टीम ने 5-3 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर पूर्व विधायक, बरकट्ठा श्री यादव ने अपने संबोधन में खिलाड़ी भाईयों के हौसला अफजाई कर उन्हें और बेहतर तरीके से खेल-खेलने को कहा ताकि भविष्य में स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर इस क्षेत्र के खिलाड़ी पहुँचे व क्षेत्र का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि मैं अपने विधायकी कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र के बरकट्ठा, जयनगर प्रखंड़ के डंडाडीह में व इचाक प्रखंड़ में प्रखंड़ स्तरीय स्टेडियम का निर्माण करवाया, ताकि खिलाड़ियों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा निखारने का अवसर मिले।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना अंतर्गत गया रोड में रेलवे ओवरब्रिज के पास अचानक जानवर के आ जाने से एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। जिस पर सवार बिहार के गया जिला के डुमरिया प्रखंड निवासी राकेश ठाकुर पिता सुरज ठाकुर एवं सलेन्द्र ठाकुर पिता विजय ठाकुर सड़क पर गिर गए। वही पीछे से आ रहे एक ट्रेलर ने राकेश कुमार को अपने चपेट में ले लिया, जिसके कारण उनका दाहिना हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद कांग्रेस सेवा दल बरही के महासचिव अमीत कुमार उर्फ गोल्डी ने अपने निजी वाहन से बरही अनुमंडलीय अस्पताल घायलों को पहुंचाया।

सुचना पाते ही विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग के रिजवान अली भी बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और डॉ. मृत्युनजय कुमार के द्वारा घायलों का इलाज अपने देख रेख में करवाया। वहीं बेहतर इलाज के लिए घायलों को सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। विधायक प्रतिनिधि के द्वारा घायलों को 108 एम्बुलेन्स मांगवा कर हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया।

## श्रीदस स्कूल ने वीरगाथा कार्यक्रम के साथ परीक्षा पे चर्चा का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में वीरगाथा कार्यक्रम आयोजित की गई। जिनमें लेखन, पेंटिग, निबंध एवं कविता पाठन को शामिल किया गया। जिसके बाद पीएम मोदी के आयोजित कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में सफल होने पर शिक्षकों सहित विद्यार्थियों को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति- पत्र दिया गया।




इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा की ज्ञानवर्धन एवं तार्किक शक्ति क्षमता बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित की जाती है। वहीं उन्होंने बताया कि ÷परीक्षा पे चर्चा÷ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि जिन बच्चों के अंदर परीक्षा शब्द मात्र से भय उत्पन्न हो जाता है और बच्चे नर्वस हो जाते हैं।

## रामगढ़ पहुंची मरांडी की संकल्प यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में चल रही संकल्प यात्रा का पड़ाव सोमवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रहा जहां उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संकल्प यात्रा के चौथे चरण में वो रांची सड़क मार्ग से होते हुए रामगढ़ पहुंचने के क्रम में पटेल चौक पर बाबूलाल जी का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मोटरसाइकल जुलूस की शक्ल में महामंत्री रंजन फौजी के नेतृत्व में आगवानी करते हुए छावनी फुटबॉल ग्राउंड स्थित सभास्थल पर लाया गया।



जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा,यात्रा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय,पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, सदर विधायक मनीष जयसवाल , पूर्व बिस सुत्री अध्यक्ष राकेश प्रसाद,जिला प्रभारी शशिभूषण भगत,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह,मंचस्थ हुए एवं मंच संचालन महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी प्रो.खिरोधर साहू तथा धन्यवाद ज्ञायन महामंत्री रंजन फौजी ने किया। छाऊ नृत्य के साथ पुष्प वर्षा करते हुए सभास्थल पर बाबूलाल जी का स्वागत किया गया।उन्होंने सिद्धू कान्हु,भगवान बिरसा मुंडा, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी इत्यादि महापुरुषों की तश्वीरों पर माल्यार्पण के बाद मंच पर उनके स्वागत में 11 ब्राह्मणों के द्वारा शंखनाद के साथ तिलक लगाते हुए उनके हाथ पर कलावा बांधवा कर वैदिक रीति के साथ मां क्षिण्णमस्तीके और भगवान श्रीराम की पवित्र धरती रामगढ़ में उनका स्वागत कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू एवं महामंत्री खिरोधर साहू ने किया।

उन्होंने कहा झारखंड की सत्ता में बैठी हेमंत सरकार में झारखंड तबाह हो चुका है। एक तरफ खान,खनिज,कोयला, लोहा , पत्थर, बालू की लूट मची है,अपराधी बेलगाम हैं,पुलिस प्रशासन वसूली में लगा हुआ है और जनता परेशान है। उन्होंने राज्य संपोषित भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए कहा कि जिस राज्य का मुख्यमंत्री स्वयं राज्य को लूटने और लुटवाने में जुटा है उससे भ्रष्टाचार मिटाने की उम्मीद बेमानी है।

उन्होंने कहा कि राज्य में दलाल बिचौलिए हावी हैं। आम आदमी को घर बनाने केलिए बालू नही मिल रहा लेकिन दलाल और लुटेरे राज्य से बालू को बिहार ,बंगाल ,उत्तर प्रदेश मुंबई भेज रहे और उसके कमीशन का पैसा मुख्यमंत्री तक पहुंच रहा।

## 14 सितंबर को सदर विधायक समेत 6 भाजपा विधायक नमो फुटबॉल उद्घाटन मैच में करेंगे शिरकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल की सोच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से 14 सितंबर से शुभारंभ होनेवाला नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज बड़कागाँव / केरेडारी प्रखंड वासियो के लिए अलग छाप छोड़ जायगा। इसकी तैयारी भी भाजपाइयों ने अलग हटकर करना शुरू कर दिया है। प्रखंड के चौक चौराहों में तोरण द्वार, होर्डिंग, फ्लेक्स तथा भाजपा के झंडे लगाए जा रहे है। प्रखंड में निवास करनेवाले सम्मानित लोगो को निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। गांव गांव जाकर आयोजकों ने स्थानीय लोगो को आमंत्रित कर रहे हैं। वही स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा ताकि उपस्थित लोग खेल के साथ संगीत का भी लुफ्त उठा सके। प्रधानमंत्री के नाम से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की सोच को सबसे पहले सदर विधानसभा व आसपास के प्रखंडो में सफलता पूर्वक आयोजित करानेवाले युवा भाजपा नेता व सदर विधानसभा के चर्चित विधायक मनीष जायसवाल की इन दिनों युवाओं में काफी चर्चा है क्योंकि उन्होंने जिलेभर के अन्य प्रखंडो में भी नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया है। इससे प्रत्यक्ष रूप से पार्टी को फायदा हो रहा है। खेल भावना को निरंतर बढ़ाने के ख्याल से विधायक श्री जायसवाल की पहल को भाजपा के अन्य विधायको ने भी सराहा है। यही वजह है कि 14 सितंबर को बड़कागाँव के उच्च विद्यालय के फुटबॉल मैदान में शुभारंभ होनेवाले नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के मौके पर लगभग 6 विधायको की उपस्थिति रहेगी। वही प्रखंड स्तर के सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में भाजपा नेता अनिल मिश्रा ने बताया कि यह नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन यहाँ के युवाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं के आग्रह पर सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा कराया जा रहा है।

## रामगढ़ शहर की जनता के समस्या का जल्द करे समाधान : आजसू पार्टी प्रतिनिधि मंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी रामगढ़ का एक प्रतिनिधि मंडल आज छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से मिलकर रामगढ़ शहर के मुख्य समस्याओं से अवगत करवाया गया। और मौके पर उनको बुके देकर स्वागत किया गया द्य इस मौके पर आजसू पार्टी के नेताओं ने रामगढ़ शहर के मुख्य समस्याओं से छावनी अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया जैसे(1) रामगढ़ शहर में स्थल चयन कर सोलर मास्क लाइट लगाने के लिए, (2) डेंगू के बढते प्रकोप को रोक थाम करने के लिए प्रचार प्रसार आठों वार्ड में करने के लिए , (3) मलेरिया से बचाव हेतु फॉग मशीन के द्वारा छिड़काव एवम ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने के लिए,



(4) सभी सोचालय में साफ सफाई नियमित रूप से करने के लिए, (5) सभी वार्ड में नाली नियमित रूप से साफ सफाई करने के लिए ,(6) सभी वार्डों में टूटी हुई नाली ओर सड़क को मरमत्ती की करने के लिए,(8) जनता को पीने की स्वच्छ पानी नियमित रूप से मिल सके, (7) वार्ड नं 6 में कचड़ा यार्ड के बाहर सड़कों पर फेला गंदगी की अंबार को हटाने के लिए ओर सड़क पर कचड़ा गिराने के रोक थाम करने के लिए (7) न्यू बस स्टैंड सब्जी मंडी में नियमित साफ सफाई करने के संबध में (8) ओर रामगढ़ की जनता की समस्या के समाधान के लिए एक टोल फ्री नंबर लागू करने के लिए मांग की गई,द्य मौके पर छावनी परिषद अधिशाषी अधिकारी ने सभी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और अस्वस्त किया कि जल्द ही रामगढ़ शहर की मुख्य समस्याओं को समाधान किया जाएगा ।

## विद्यार्थी जीवन बहुमूल्य होता है, इसे संवारने कि आवश्यकता है : रूचि कुजुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** कैथोलिक ईसाई धर्मप्रांतीय के दिवंगत बिशप, सर्व धर्म के संस्थापक और हज़ारीबाग के समाजसेवी, स्व बिशप चार्ल्स सोरेंग के याद में संत रॉबर्ट मध्य विद्यालय, जुलु पार्क में फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सह समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूचि कुजुर, सदस्य झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षक आयोग, झारखण्ड सरकार, विशिष्ट अतिथि नागेश्वर सिंह, बी ई ओ हज़ारीबाग और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद,प्राचार्य फा रेमण्ड,जिला फुटबाल संघ के रोशन दत्त, अविनाश कुमार,अनुप राजेश लकड़ा, प्राचार्य फा अमब्रोज, फा लिवीन नायक, फा सुनील, फा साइमन, फा पौलुस, फा रॉबर्ट, फा अंतोनी इत्यादि उपस्थित थे। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में आर सी मिशन खोड़ाहर, संत जोसफ स्कूल मंडेर, संत जोसफ स्कूल,जमुवारी,संत रॉबर्ट मध्य उच्च विद्यालय, हज़ारीबाग इत्यादि ने भाग लिया और अपने खेल कौशल, प्रतिभा को दिखाया।



प्रतियोगिता रोबिन लीग राउंड आधारित सम्पन्न हुआ। रूचि कुजुर ने अपने सन्देश में कहा कि बिशप चार्ल्स मानवता की सेवा में अपना जीवन बिताया उनका सपना था कि उनके स्कूल के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करें।विद्यार्थी जीवन को सही से सवारें।फाइनल मैच में संत रॉबर्ट विद्यालय हज़ारीबाग ने आर सी मिशन विद्यालय खोड़ाहर को दो के मुकाबले एक गोल से हराकर कर चैंपियन बना।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मरकजी सीरत कमिटी डोरंडा के तत्वाधान में बैठक संपन्न

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आज मरकजी सीरत कमिटी डोरंडा के तत्वाधान में डोरंडा स्थित उर्दू लाइब्रेरी में सीरत कमिटी के अध्यक्ष असरफ अंसारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई, जिसका नेतृत्व सीरत कमिटी के सेक्रेट्री मौलाना मनिरुदीन ने किया जिसमें डोरंडा के तमाम उलेमा के साथ साथ अनेक तंजीम, एदारे, ?पंचायत, मदरसे के प्रमुख प्रतिनिधि के साथ साथ विभिन्न मस्जिदों के इमाम व पदाधिकारीगण बैठक में मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चांद नजर आने के बाद इसी माह के अंत में ईद मीलादुन्नबी के अवसर पर पूरे अकीदत व एहतराम के साथ डोरंडा में जुलुसे मोहम्मदी सुबह 7 बजे मदरसा गौसिया मनीटोला से निकाला जाएगा और पूरे डोरंडा का गश्त करते हुए तमाम मोहल्ला का जुलूस को अपने साथ लेते हुए सीरत मैदान बाजार मोहल्ला 9 बजे पहुंचेगा ।उसके बाद जलसा का पहला दौर सीरत मैदान में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा उसके बाद दुआ सलाम होगा। फिर रांची से जुलुसे मोहम्मदी का जुलूस जो डोरंडा आता है उसके इश्तेकबाल के लिए मरकजी सीरत कमिटी असरफ अंसारी, मौलाना मनिरुद्दीन, मुमताज गद्दी, मोहम्मद इमरान रजा,नसीमुल हक, परवेज राइन और डोरंडा के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे ।जलसा का दूसरा दौर में ख्वातिन्न(महिलाएं) का प्रोग्राम मरकजी सीरत मैदान में शाम के 4 बजे से रात के 9 बजे तक होगा जिसमे आलिमा शाहाना नूरी छत्तीसगढ़ से तसरीफ ला रही है ।जलसा का तीसरा दौर 9:30 बजे रात में शुरू होगा जिसमे हिंदुस्तान के माहे नाग खतीब तसरीफ ला रहे है जिसमे सैयद सबाहत हुसैन रिजवी मुरादाबाद यूपी, हजरत मौलाना सखावत हुसैन बरकाती कोलकाता, शायरे इस्लाम कारी अख्तर काशिफ गिरिडीह , जिसका नेतृत्व विभिन्न क्षेत्र के उलेमा कराम हजरात करेंगे।

## अंबा प्रसाद के प्रयास से पतरातू प्रखंड में हो रहा है सड़क निर्माण

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पतरातू प्रखंड में माननीय विधायक के हर गांव - हर टोला में एक एक सड़क चिन्हित कर सड़क का जाल बिछाने के प्रयास के तहत माननीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद जी की अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड में निम्न दर्जनों गांवो की सड़क, गार्डवाल एवं पुलिया का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा किया जा रहा है7उक्त सड़कों का टेंडर निविदा भी निकल चुकी है और अगले माह से संवेदक द्वारा इस पर कार्य किया जाना है.इतना ही नहीं माननीय विधायक की अनुशंसा से अभी लगभग 40 अन्य सड़ के पतरातू प्रखंड के निर्माण का डीपीआर का कार्य प्रगति पर है. जिसका टेंडर भी जल्द प्रकाशित हो जाएगा। और सारे कार्यों को इसी वित्तीय वर्ष में ही पूर्ण कर लिया जाएगा। तथा ज्ञात हो कि अभी साथ-साथ 22 अन्य सड़कों का कार्य माननीय विधायक की अनुशंसा पर प्रगति पर है. और कुछ कार्य तो पूर्ण भी हो चुके हैं।

## प्रबंधन ने सिरका में 25 अवैध बिजली कनेक्शन काटा, मचा हड़कंप

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल सिरका स्थानीय प्रबंधन के द्वारा एसबीआई सिरका के पीछे सी टाइप व माईनस कॉलोनी के आस-पास सोमवार को 25 अवैध बिजली कनेक्शन को काटा गया। इस अभियान में प्रबंधन सुरक्षा, सीसीएल गार्ड, कर्मचारी शामिल थे। बताया गया कि जिन क्वाटरो में दो ओर से अवैध कनेक्शन लिए गए हैं, उनमें से एक कनेक्शन को काटा गया हैं। कारवाई के बाद से अवैध कनेक्शन लिए लोगों में हड़कंप व्याप्त हैं। मौके पर सुरक्षा सिरका हवलदार गंगा बेदिया, जीएम युनिट हवलदार भैया लाल, कर्मचारी खिरोधर, जीएम ऑफिस के अधिकारी समेत कई प्रहरी उपस्थित थे।

## अरगड्डा क्षेत्र से कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए 24 यूनियन प्रतिनिधि होंगे शामिल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र से 24 ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि आगामी 12 सितंबर से 14 सितंबर 23 तक तीन दिवसीय प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र एचआरडी सीसीएल रांची में कौशल विकास प्रशिक्षण में शामिल होंगे। इसे लेकर प्रबंधन ने पत्र जारी कर दिया हैं। इसमें अरगड्डा क्षेत्र से श्रमिक प्रतिनिधि कन्हैया सिंह, सुशील कुमार सिंह, गौतम बनर्जी, धनेश्वर तूरी, बैजनाथ मिस्त्री, विजेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, अवधेश उपाध्याय, पुरुषोत्तम पांडे, रंजीत पांडे, जन्मजय सिंह, निकेश प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, देवनाथ महली, मदन कुमार, प्रशांत बेल्थरिया, गुड्डू यादव, रामजी सिंह, बिंदेलाल मिस्त्री, कमरुद्दीन खान, अनवर खान, सीपी संतन, मनोकामना सिंह, मुस्तफा खान, राम शब्द राम आदि के नाम शामिल हैं।

## विद्युत विभाग द्वारा आयोजित ऊर्जा मेले में उपभोक्ताओं की समस्याओं का किया गया समाधान

**कुज्जू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कुजू विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण को लेकर सोमवार को विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, कुजू द्वारा विद्युत शक्ति उपकेंद्र बीआरएल,रांची रोड में ऊर्जा मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सहायक विद्युत अभियंता बीरेंद्र उरांव, कनीय विद्युत अभियंता विनोद कच्छप शामिल हुए। इस दौरान 31 दिसंबर 22 तक के बिल में ब्याज माफ़ी, बिजली बिल ब्याज माफ़ी आसान किस्तों में, घरेलू (शहरी व ग्रामीण) श्रेणी 05केडब्लू तक एवं कृषि सिंचाई निजी श्रेणी के उपभोक्ताओं को लाभ,बकायेदार विच्छेदित(एलडी), लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलू उपभोक्ता(शहरी एवं ग्रामीण)को भी योजना का लाभ से संबंधित 20 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका ऊर्जा मेले में त्वरित निपटारा किया गया। ऊर्जा मेले में सहयोगी के रूप में तकनीकी सहायक संजय कुमार, राजू बेदिया, सौरभ कुमार, मानव दिवसकर्मी चेतलाल महतो, भुनेश्वर महतो, अर्जुन कुमार, अजय कुमार, मुजाहिर हुसैन, अमन रव्वानी सहित अनेक उपभोक्ता मौजूद थे।

## अज्ञात मृत युवक की हुई शिनाख्त

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कुजू ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में गत 9 सितंबर को मिले अज्ञात मृतक युवक की शिनाख्त हो गई है ।मृतक की शिनाख्त बड़कागांव निवासी सोमरा मांझी (32वर्ष) पिता स्व. चरकु मांझी जो कुजू कोलियरी में रहकर सीसीएल कुजू न्यू साइडिंग में काम करता था। सीसीएल कर्मी सोमरा मांझी 9 सितंबर को कुजू न्यू साइडिंग से रात्रि डयूटी कर वापस लौटने के क्रम में ट्रांसपोर्ट नगर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया था।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**ROAD DIVISION, GUMLA-835207, E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in**

Letter No. - Gumla, Dated:-

**Very Short Term**

**e-Procurement Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | घाघरा से नेतरहाट पथ का 3,12,14,21,24,26,28,30,44,45 एवं 46 वें कि0मी0 में साधारण मरम्मति कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | Rs.- 7498290.00 (चौहतर लाख अंठानवे हजार दो सौ नब्बे) |
| 3 | बीड सिक्युरिटी (राशि) | Rs.- 150000.00 (एक लाख पचास) |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 Months |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 13.09.2023 from 10.30 A.M. |
| 6 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2023 upto 12.00 Noon |
| 7 | निविदा खुलने का तिथि एवं समय | 21.09.2023 at 12.30 P.M. |
| 8 | निविदा खुलने का स्थान | Chief Engineer (Com)cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004. |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गुमला। |
| 10 | ई–मेल | eercdgumla-jhr@nic.in |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का सहायता दूरभाष संख्या | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

SD/-
**Executive Engineer,**
Road Construction Department,
Road Division, Gumla

PR 306652 (Road) 23-24 (D)


## रामगढ़ छावनी परिषद के असैनिक क्षेत्र को विमुक्त करने के निमित उपायुक्त ने प्रतिवेदन उपलब्ध कराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़** : रामगढ़ छावनी परिषद के असैनिक क्षेत्र को विमुक्त करने के निमित्त अनुमंडल पदाधिकारी सह तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए मंतव्य के आलोक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा राज्य सरकार को निम्न प्रस्तावों के माध्यम से विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है।

1. छावनी क्षेत्र के अन्तर्गत 7777.28 एकड़ भूमि तथा कुल Assets एवं Liabilites का सामंजन E&cision के उपरान्त नगर परिषद अन्तर्गत किया जा सकता है।2. छावनी परिषद् के अन्तर्गत कार्यरत नियमित कर्मियों तथा अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों का सामंजन Jharkhand Muncipal Act, झारखण्ड सेवा संहिता तथा Contractual Staff के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा निर्गत आदेश / संकल्प के आलोक में राज्य सरकार / नगर परिषद में किया जा सकता है।3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, छावनी परिषद, रामगढ़ से प्रस्तावित CEO Residence & Office building रकबा 2.61 एकड़ तथा Trenching Ground रकबा 8.00 एकड़ भूमि को LMA(Local Military Authority) के अन्तर्गत रखा जा सकता है, परन्तु Football Ground रकबा 4.03 एकड़ भूमि का उपयोग खिलाड़ियों, आमजनों के द्वारा खेल प्रतियोगिता, मेला आदि के लिए उपयोग में रहा है। अतः Football Ground को लोकहित में नगर परिषद के अन्तर्गत रखा जाना उचित होगा।

## स्व. टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**कुजू (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के क्रम में सोमवार को बलसगरा स्थित पटेल मैदान में आयोजित मांडू विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनसभा में शामिल होने जा रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी स्थानीय विधायक जेपी पटेल व कार्यक्रम प्रभारी सह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कुजू नयामोड़ फोर लेन चौराहे पर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। उनके स्वागत को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों कार्यकर्ता फूल माला व पार्टी का झंडा बैनर लेकर घंटों पहले से नयामोड़ में जमा थे। जैसे हीं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के वाहनों का काफिला कुजू नयामोड़ पहुंचा, उत्साहित कार्यकर्ताओं में उनके स्वागत के लिए होड़ मच गई। कार्यकर्ताओं ने उनकी जयकार लगाते हुए बूके देकर फूल मालाओं से लाद दिया। बाद में बाबूलाल मरांडी सहित हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा व सदर विधायक मनीष जायसवाल ने टेकलाल बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बाबूलाल जी ने टेकलाल बाबू के त्याग और बलिदान को बेकार न होने देने की बात चलते चलते कही। इस दौरान लगभग एक सौ कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली की शक्ल में उनके वाहन की अगवानी करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गए। स्वागत के मौके पर मनोज गिरी, नीरज झा, संजय शाह, प्रदीप शर्मा, हरिशंकर बिहारी, उमेश चन्द्र पटेल, नवल ठाकुर, संतोष मेहता, महेश मेहता, अमितेश सिंह, अशोक कुमार, रतन प्रसाद, डिंपल प्रजापति, सुखदेव सोनी, जितेंद्र गुप्ता, नवल ठाकुर, प्रेम कुमार, दिनेश सिंह, सुधान सिंह, विजय गिरी, विनोद बिहारी महतो,अमितेश सिंह, सेवा महतो समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।


**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा**

**आम सूचना**

सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक 3732, रॉची दिनांक 09.09.2023 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 10 अक्टूबर, 2023 तक चलों करें आवास पूरा अभियान का आयोजन पंचायत/गॉव/टोला स्तर पर किया जाना है। अभियान के तहत सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी लंबित आवासों को पूर्ण किया जाना है, जिसके लिए पंचायत स्तर पर प्रत्येक वृहस्पतिवार को लाभुक दिवस का आयोजन किया जायेगा। लंबित आवासों को पूर्ण करने के लिए लाभुक/आम जनता की सहभागिता एवं सहयोग अपेक्षित है।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्व० नियोजन
डी०आर०डी०ए० सिमडेगा

PR.NO.306687 Rural Development(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय,लोहरदगा**

**INDIAN AIR FORCE : RECRUITMENT RALLY**

**सूचना**

10 वायु सैनिक चयन केंद्र, वायु सेना स्टेशन, बिहटा, पटना (बिहार) के चयन अधिकारी Wing Commander A Pradeep Reddy के पत्रांक सं0–10ASC/290/2/ST(BM) date 08 August 2023 से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय वायु सेना में (Indian Air Force: Recruitment Rally) के अन्तर्गत Join The IAF as AIRMEN in Group 'Y' (Non-Technical) Medical Assistant Trade for Intake 02/2023 वायु सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थी वायु ऑफिशियल वेब पोर्टल **www.airmenselection.cdac.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन दे सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 306705 Lohardaga(23-24).D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 19/2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 21.09.2023 से 22.09.2023 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन्से 05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 23.09.2023 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 23.09.2023 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, करमा में विविध निर्माण कार्य। | 1430600.00 | 29000.00 | 2500.00 | 4 माह |
| 2 | ईचाक प्रखण्ड अंतर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, दरिया में विविध निर्माण कार्य। | 811400.00 | 16500.00 | 1250.00 | 4 माह |

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से– i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 306647 (Rural Development)23-24*D


## एससी/ एसटी काउंसिल अरगड्डा के सदस्य सेमिनार में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका** : ऑल इंडिया एससी/एसटी/ ओबीसी एम्पलाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल के डकरा सेमिनार में अरगड्डा क्षेत्र से भी सदस्यों ने भाग लिया। बताया कि काउंसिल के सेमिनार वीआईपी ऑफीसर कॉलोनी के प्रांगण में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सीसीएल सीएमडी गोपाल सिंह,एनके एरिया के जीएम संजय कुमार, काउंसिल के महामंत्री बृज किशोर राम, सीसीएल के अध्यक्ष राम शब्द राम, सीसीएल के उपाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल, कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय पासवान उपस्थित हुए। अवसर पर वक्ताओं ने आरक्षण, प्रमोशन, रोस्टर, बैकलॉग, बहाली, विस्थापन, सामाजिक आदि बातों पर अपने प्रभावशाली विचार रखें। साथ ही इस पर आगे मार्गदर्शन करते हुए बढ़ने का संकल्प लिया। मौके पर अरगड्डा क्षेत्र से काउंसिल के वंशी वेदिया, राजेंद्र महतो, विनय राम, शांता कुमार, सरवन कुमार, राजकुमार महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी के रामगढ़ आगमन पर आजसू पार्टी रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ न्यू बस स्टैंड के समीप फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की आगमन पर आजसू पार्टी रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ न्यू बस स्टैंड, बजरंगबली मंदिर के समीप फूल माला पहनकर स्वागत किया गया द्य सभी ने बाबूलाल मरांडी एवं सांसद जयंत सिन्हा को फूल माला पहनकर एवं बुके देकर स्वागत किया द्य मौके पर सभी आजसू नेताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, एनडीए गठबंधन जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, सांसद जयंत सिन्हा जिंदाबाद, सुदेश महतो जिंदाबाद, चंद्र प्रकाश चौधरी जिंदाबाद , मती सुनीता चौधरी जिंदाबाद के नारों से पूरा शहर गूंज उठा द्य इस मौके पर स्वागत करने वालों में अरुण अग्रवाल, उत्तम पासवान, नीरज मंडल, बिट्टू सिंह चंडोक, संजय बनारसी, अनुज तिवारी, बिभन सिंह, नंदू महतो , मनोज तिवारी,जेठू महतो, सतीश गुप्ता, ललन सिंह, अनुपमा सिंह, मीरा देवी, कुंती देवी, नीलम देवी, टिंकू कुशवाहा, जयप्रकाश मंकी, अरुण जी, बबलू मोदी संजय कुशवाहा आनंद झाह सभी ने स्वागत किया।

## सेल के डायरेक्टर इंचार्ज सहित बोकारो के अधिकारियों ने एसआरयू व इफिको प्लांट का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सेल के डायरेक्टर इंचार्ज अतनु भौमिक सहित सेल बोकारो के कई अधिकारियों ने सोमवार को एसआरयू व इफिको रांची रोड प्लाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सबसे पहले एसआरयू प्लांट पहुंचे। जहां अधिकारियों ने प्लांट में हो रहे उत्पादन, रॉ मैटेरियल सहित अन्य कार्यों को देखा। स्थानीय अधिकारियों से जानकारी हासिल करने के बाद उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तत्पश्चात सभी अधिकारी इफिको प्लांट पहुंचे। यहां भी अधिकारियों ने प्लांट के उत्पादन व संप्रेषण से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। मौजूद अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बाद में निरीक्षण दल के अधिकारियों ने इफको के अधिशासी अधिकारी के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की। निरीक्षण दल में डायरेक्टर इंचार्ज अतनु भौमिक के साथ बोकारो सेल के इडी पीके रथ, मुख्य महाप्रबंधक पीएंडई निरंजन कुमार, आदि थे ।


e-Procurement Cell
**Office of the Superintending Engineer**
**Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice (Very Shorty Notice)**
Tender Ref. No.-BCD/SECNC/29/Building Div. No.-1, Ranchi/2023-24-Date:11.09.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Quarter No.-02 (Allotted in the Favour of Hon'ble Justice Mr. Pradip Kumar Srivastava) Opposite Jal Bhawan, Near AG More, Doranda, Ranchi (High Court Pool) for the Year 2023-2024 | Rs. 96,12,500.00 | 6 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.09.2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 23.09.2023 को अपराहन 3:00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 26.09.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 26.09.2023 को अपराहन 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi-834001 | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9304554751/9386802104 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3530790 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.

**Nodal Officer, e-Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer,**
**Building Construction Department**
**Chotanagpur Circle, Ranchi.**

PR 306633 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (23-24)_D



*Office Tel. No. _ 06528-220056 Office e-mail id – electionkhunti@gmail.com*

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी**

(निर्वाचन शाखा)

**आम सूचना**

आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केन्द्रों के शत् प्रतिशत् भौतिक सत्यापन के पश्चात् सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–II कंडिका संख्या –2.11.1 के तहत् प्राप्त शक्तियों के आलोक में निम्नांकित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन की स्वीकृति दी जाती है। नामांकन में यह परिवर्तन विद्यालय/सरकारी भवनों के विलय/उत्क्रमण के कारण हुआ है इसमें भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है।

**मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्त्तन का प्रस्तावः–**

| क्र0सं0 | विधानसभा क्षेत्र सं0 एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या | पूर्व में मतदान केन्द्रों के नाम | मतदान केन्दों का परिवर्तित नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 59–तोरपा (अ0ज0जा0) | 124 | राजकीय मध्य विद्यालय, डोयंगेर | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, डोयंगेर | मतदान केन्द्र भवन के नाम में केवल परिवर्त्तन |
| 2 | | 126 | राजकीय मध्य–सह–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बनई | राजकीयकृत मध्य–सह–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बनई | |
| 3 | | 127 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ईटम | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ईटम | |
| 4 | | 128 | राजकीय मध्य विद्यालय, डिगरी | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, डिगरी | |
| 5 | | 129 | राजकीय मध्य–सह–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तोकेन | राजकीयकृत मध्य–सह–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तोकेन | |
| 6 | | 130 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुल्हई | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुल्हई | |
| 7 | | 131 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टांगरकेला | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, टांगरकेला | |
| 8 | | 134 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बलंकेल | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बलंकेल | |
| 9 | | 138 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, किशुनपुर | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, किशुनपुर | |
| 10 | | 139 | राजकीय मध्य विद्यालय, गढ़सिदम | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, गढ़सिदम | |
| 11 | | 140 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोटांगेर | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोटांगेर | |
| 12 | | 141 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोटांगेर (पश्चिमी भाग) | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोटांगेर (पश्चिमी भाग) | |
| 13 | | 144 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लोवा | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लोवा | |
| 14 | | 146 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हालोम (टोला–ताम्बा) | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हालोम (टोला–ताम्बा) | |
| 15 | | 148 | राजकीय मध्य विद्यालय, रनियाँ | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, रनियाँ | |
| 16 | | 151 | राजकीय मध्य विद्यालय, सरबो | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सरबो | |
| 17 | | 156 | राजकीय मध्य विद्यालय, सोदे | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सोदे | |
| 18 | | 157 | राजकीय मध्य विद्यालय, सोदे (पश्चिमी भाग) | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सोदे (पश्चिमी भाग) | |
| 19 | | 159 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कराकेल | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कराकेल | |
| 20 | | 160 | राजकीय मध्य–सह–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेलकीदुरा | राजकीयकृत मध्य–सह–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेलकीदुरा | |
| 21 | | 161 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खटखुरा | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खटखुरा | |
| 22 | | 162 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खटखुरा (पश्चिमी भाग) | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खटखुरा (पश्चिमी भाग) | |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, खूँटी।

PR 306565 Election(23-24)D

## माह बीत जाने के बाद भी अगस्त माह का राशन नहीं मिलने पर डीएसओ को दिया आवेदन



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखंड के अंतर्गत मन्द्रमो पंचायत के लाभुकों ने अगस्त माह का अनाज नहीं मिलने को लेकर डीएसओ को आवेदन दिया है इस आवेदन में 153 कार्ड धारी ने अपना हस्ताक्षर करते हुए मांग की है कि अगस्त माह अनाज एक माह बीत जाने के बाद भी आज तक हम लोगों को नहीं मिला हम लोगों के सामने खाने की समस्याएं हो रही है जिसे लेकर श्रीमान से निवेदन है कि जांचो परांत हम लोगों को अनाज दिया जाए, आवेदन में चंद्रशेखर मंडल, राजेंद्र मंडल समेत 153 कार्ड धारीओ के हस्ताक्षर है।

## एएसजी आई हॉस्पिटल के द्वारा निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एएसजी आई हॉस्पिटल के द्वारा समाजसेविका सीमा देवी के सौजन्य से निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर बेलगड़ीया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे लगाया गया जिसमें से एएसजी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर संजय कुमार रजक ने लगभग 100 मरीजों का जांच किया। शिविर मे 20 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए जिनका आयुष्मान भारत योजना के तहत एएसजी आई हॉस्पिटल में निश्शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेविका सीमा देवी, उपेंद्र सिंह, अजय रवानी, दिलीप गोराइ, राहुल मिश्रा, रोहित प्रसाद, राहुल प्रसाद एवं एएसजी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर संजय कुमार रजक, मार्केटिंग हेड रवि सिन्हा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## मानस प्रचार समिति का अनंत ब्रह्मांड नायक श्री कृष्ण चंद्र जी की छठी महोत्सव का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर, जगजीवन नगर धनबाद द्वारा अनंत ब्रम्हांड नायक श्री कृष्ण चंद्र जी की छठी महोत्सव का आयोजन सोमवार 11 सितंबर को किया गया। जिसमे इस्कॉन एवं दया व्यास कीर्तन के आमंत्रित सदस्यों द्वारा भजन एवं सोहर की प्रस्तुति दी गई। रात्रि में भंडारे का आयोजन हुआ। चूकि मानस प्रचार समिति एक साहित्यिक एवम सांस्कृतिक संस्था है, समिति के द्वारा तमिलनाडु के नेता उदयनिधि स्टालिन एवं डीएमके नेता ए राजा के सनातन विरोधी बयान की निंदा एवं विरोध की गई। ये सनातन के ही संस्कार है जो ऐसे लोगो के साथ भी सामंजस्य रखती है, जबकि दूसरे संप्रदाय में असहनशील और हिंसात्मक प्रतिक्रिया आती है। कार्यक्रम में अध्यक्ष निरंजन कुमार, सचिव विनोद दुबे, कोषाध्यक्ष निशांत नारायण सहित अजीत गुप्ता, रामप्रवेश शर्मा, राजेश सिंह, मुक्तेश्वर महतो, लालटू,संतोष कुमार, राजेश गुप्ता, सुशील सिंह, धीरज झा, समरेंद्र सिंह, नरेश यादव, किशोरी, बी एम शर्मा, शिवम बीरबल रवानी, मनीष चौबे, निक्कू, आर एल यादव, अरविंद कुमार, योगेंद्र मिश्र, उमेश सिंह, शशि भूषण श्रीवास्तव, साधु शरण पाठक, प्रदीप चौधरी, मनोज झा, अभय झा, विंध्याचल पांडे, एन के ठाकुर, काजल कुमार सहित सभी सदस्य एवं महिला समिति की भी सभी सदस्या और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बाल अधिकार को लेकर के प्रशिक्षण का आयोजन

**बोकारो( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ अभियान को तेज करने के लिए सोमवार को बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी संस्था के सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोकारो के सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष शंकर रवानी तथा सीडब्ल्यूसी सदस्य सह वरीय अधिवक्ता प्रीति प्रसाद ने कहा कि सहयोगिनी संस्था की ओर से बोकारो जिले के कसमार, पेटरवार, जरीडीह समेत अन्य प्रखंड के 150 गांवो में चलाया जा रहा कार्यक्रम बच्चों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इस दौरान बाल विवाह एवं पोक्सो कानून के बारे विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गयी। मौके पर अशोक कुमार महतो , रवि कुमार राय, अनंत सिन्हा, प्रतिभा कुमारी, अंजू कुमारी, मंजू देवी, राजकिशोर शर्मा, विकास गोस्वामी, प्रवीण कुमार, मिनटी कुमारी सिन्हा, पूर्णिमा देवी, पुष्पा देवी, सोनी कुमारी, कुमारी किरण, सूर्यमनी देवी, उस्मान अंसारी, सरोज कुमार के अलावा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# वज्रपात से महिला घायल, एंबुलेंस नहीं मिलने पर हुई मौत

## पुल नही रहने से महिला को खाट पर उठा कर किया गया नदी पार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में रविवार देर शाम को गिरिडीह के गावां थाना क्षेत्र के डाबर गांव की एक महिला सरस्वती देवी उम्र 57 वर्ष पति स्व. लालबिहारी सिंह, डाबर निवासी कि मौत वज्रपात के चपेट में आने हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त महिला नदी किनारे बैठी हुई थी इसी बीच जोरदार बारिश होने लगी, वह दौड़ कर गांव की ओर जाने लगी , इसी दौरान उसके नजदीक वज्रपात हुआ और वह गंभीर हो गई। ग्रामीणों ने बताया की 108 एंबुलेंस में उन्होंने कॉल लगाया तो एंबुलेंस नहीं मिल पाया। उन्होंने एक घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार किया ।

जिसके बाद ग्रामीणों ने खाट पर उठा कर नदी पार करते हुए गावां सीएचसी ला रहे थे इसी दौरान रास्ते में महिला कि मौत हो गई। गावां सीएचसी में डॉक्टर हबीबुल्लाह खान ने महिला की जांच कर मृत घोषित कर दिया।

## महुदा निवासी भवानी की डेंगू से मौत, स्वास्थ्य विभाग रेस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के लालबंगला निवासी की डेंगू से मौत के बाद प्रखंड से लेकर जिला के स्वास्थ्य विभाग की टीम रेस हो गई है। ज्ञात हो कि लालबंगला निवासी भवानी दास की इलाज के दौरान रांची रिम्स में डेंगू बीमारी के कारण मौत हो गई। जिसकी जानकारी मिलने के बाद बाघमारा प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मी डॉक्टर और धनबाद जिला की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने न्यु कॉलोनी लालबनगला का दौरा किया। इस दौरान लोगो को मच्छर दानी प्रयोग करने और पानी को ज्यादा दिन इक्कठा नही करने की लोगो से चर्चा की बाघमारा की डॉक्टर निरोध जोजो ने बताया कि डेंगू का मच्छर ना पनपे इसके लिए हमलोग आवश्यक कदम उठा रहे है। बताया जाता हैं की डेंगू बीमारी को लेकर क्षेत्र के लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## खालसा होटल के गेट पर अपराधियों ने की बमबाजी, दहशत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दिन सोमवार, समय सुबह के 9 बजे अपराधियों की नजर गोविंदपुर की ओर गई और गोविंदपुर के प्रसिद्ध खालसा होटल पर बमबाजी कर दी गई। अपराधियों ने दो बम फोड़े। दो अपराधी एक बाइक पर सवार होकर आए थे। उसके बाद होटल के मुख्य गेट पर बमों का विस्फोट कर चलते बने। अपराधी निश्चित रूप से होटल मालिक को भयभीत करने एवं रंगदारी मांगने के लिए यह विस्फोट किया होगा। घटना की सूचना पाकर डीएसपी व पुलिस इंस्पेक्टर पहुंचे। होटल के बाहर लगे सीसीटीवी में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी होटल के पास बम फेंकते दिख रहे है। पुलिस अपराधियों की पहचान में जुट गई है।

**सीसीटीवी में अपराधियों का स्पष्ट चेहरा नहीं दिख रहा :-** हालांकि सीसीटीवी में अपराधियों का स्पष्ट चेहरा नहीं दिख रहा है। यह होटल प्रसिद्ध व्यवसायी शेरा सिंह का है। 1984 में इस होटल की स्थापना हुई थी। इसके पूर्व यह होटल काका सिंह चलाते थे। सिख दंगे के बाद गुरु चरण सिंह शेरा होटल बेच कर पंजाब चले गए। होटल में पहली बार गोलीबारी या बमबाजी की घटना घटी है। इसके पहले गोविंदपुर में कोयला कारोबारी बंटी सिंह चौधरी एवं बिहारी लाल चौधरी के कपड़े की दुकान पर प्रिंस खान के गुर्गों ने फायरिंग की थी। दोनों मामलों में प्राथमिक दर्ज हुई लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## धनबाद जिला फुटबॉल टीम की हुई घोषणा कालीचरण मरांडी बने कप्तान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गरवा में होने वाली अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले रही धनबाद जिला फुटबॉल टीम की घोषणा आज सिजुआ स्टेडियम में कर दी गई। उक्त बातों की जानकारी देते हुए संघ के महासचिव मृदुल बोस ने बताया की दस दिनों तक चली कैंप में खिलाड़ियों का प्रदर्शन के आधार पर टीम में चयन किया गया। टीम की घोषणा संघ के प्रेसिडेंट शब्बीर आलम ने किया। संघ के कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन ने खिलाड़ियों को किट प्रदान किया। इस अवसर पर संघ के चेयरमैन श्याम पांडे, उपाध्यक्ष डॉ विकास रमन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, उदय मिश्रा, सुनील मिश्रा, सतीश सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दी। टीम इस प्रकार है - सुदर्शन महतो, जाबिर अख्तर, कालीचरण मरांडी, एजाज कुरैशी, मो साहिल, शिवचरण महतो, सुभाष बरुआ, शुभम शर्मा, राजकुमार मुर्मू, राकेश चौधरी, बिरसा टुडू, लक्ष्मण सिंह, डेविड हेंब्रम, अजय किस्कु, बुद्धेश्वर मुंडा, भंदमान, विजय हेंब्रम, सूरज तिवारी, नितेश प्रध्या, कन्हाई गोप, रवि लाल हेंब्रम। स्टैंड बाई में अजय कुमार महतो, राजेश मरांडी, जॉन मरांडी, रोहित कुमार महतो, मो फिरोज अंसारी को रखा गया। टीम के कोच अजय झा असिस्टेंट कोच विजय गुरुंग व मैनेजर प्रदीप नियोगी को बनाया गया।

## ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने किया पदभार ग्रहण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने पदभार ग्रहण किया। इससे पुर्व वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। वही अपने कार्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने बताया कि अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। आम लोगों से मिलकर बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था कायम रखने और ग्रामीण इलाकों में अपराधीक गतिविधियां पर मजबूत पकड़ का कार्य रहेगा। बता दे कि पूर्व मे कपिल चौधरी चक्रधरपुर मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे और करीब 20 महीने नक्सल प्रभावित इलाकों में उन्होंने कार्य किया। मूलतः वो राजस्थान के रहने वाले हैं। झारखंड कैडर में उनकी नियुक्ती हुई और प्रोन्नति के बाद धनबाद के ग्रामीण एसपी के रूप में पहली बार पदस्थापना हुई।

## सिहोडीह की सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे, बारिश के बाद बढ़ी राहगीरों की परेशानी



पप्पु कुमार@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के गिरिडीह-देवघर मुख्य मार्ग स्थित नया पुल से लेकर टोल टैक्स सिहोडीह तक सड़क की हालत जर्जर है। वहीं बरसात के कारण पूरे सड़क में गढा बना हुआ है वही जलभराव होने और सड़कों पर कीचड़ और गड्ढों के कारण राहगीरों और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है वही सोमवार को एक ऑटो फंस गई जिससे उसे धक्का देकर बाहर निकाला गया । साथ ही कई टोटो रिक्शा भी फास रहे हैं और पलटी भी हो रही है । इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मरम्मत का कार्य भी कराया गया था लेकिन चंद दिनों में ही सड़कें जस की तस हो गईं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण वाहन भी पलट जा रहे हैं।

### रोज फंस रहे हैं छोटे बड़े वाहन

बारिश के कारण समस्या और भी भयावह हो गई है। कारण कि बारिश का पानी जमा होने के कारण कई स्थानों पर तो पता ही नहीं चल रहा कि कहां सड़क है कहां गड्ढा। वही राहगीर अंजनी प्रसाद ने बताई कि सड़कों में बने गड्ढे गहरे होने के कारण उनमें वाहन पलट रहे है। साथ ही दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर है। इस पर प्रशासन जनप्रतिनिधियों के ध्यान आकर्षित नही है । उन्होंने बताया कि इसी रास्ते से विधायक, मंत्री, डीसी, एसपी व अनेक स्कूलों की बस, टेंपू भी गुजरती है ।

## मधवाडीह पंचायत सचिवालय में समीक्षात्मक बैठक आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड की मधवाडीह पंचायत सचिवालय में सोमवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता मुखिया सदीक अंसारी ने किया। मौके पर पंचायत सचिव अनुज सिन्हा , रोजगार सेवक संतोष त्यागी, पसस प्रतिनिधि हेमराज साव, लियाकत खान, रसीद अंसारी, मेराज खान, ताजमुल अंसारी, टिंकु तुरी, इसतेखारअंसारी, सहित कई थे। मुखिया ने कहा इस बैठक में कई विभाग के लोग उपस्थित हुए और विभाग वार हमने समीक्षा किया। बैठक में वन विभाग के अधिकारी व बैदाडीह सरकारी मदरसा के हेड मोलवी बैठक में अनुपस्थित रहे जबकि मुखिया ने समीक्षात्मक बैठक मे चौथी बार सूचना दिया बावजूद भी बैठक में शामिल नहीं हुए। इस मामले को लेकर मुखिया ने कहा जिस भी विभाग के लोग बैठक में उपस्थित नहीं हुए उसकी शिकायत पंचायती राज विभाग को सरकार के आदेशानुसार लिखित सुचना देने की बात उन्होंने कही। उक्त बैठक में नल जल योजना का भी मामल उठा वहीं नल जल योजना में सुधार करने की बात उन्होंने की ।

## लायंस क्लब ऑफ कैपिटल कोल का द्वितीय स्थापना समारोह संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लायंस क्लब ऑफ कैपिटल कोल के द्वितीय पदस्थापना समारोह का आयोजन शगुन बैंक्विटहॉल, कोलाकुसमा में सम्पन्न हुआ। पदस्थापना समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे धनबाद के जानेमाने व्यवसायी एम.जे.एफ लायन आइ.एम मेनन, इनस्टलेशन अधिकारी के रूप मे ऐम.जे. एफ. लायन मधुकर सिन्हा, इनडेक्शन अधिकारी लायन एल. सि. राठी, कीनोट स्पीकर के रूप मे आर. पी. सरिया उपस्थित थे। इनके अलावा रीजनल चेयरपर्सन लायन एम.जे.एफ. लायन मदन मोहन तथा जोनल चेयरपर्सन लायन रोशन अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थिति थे। क्लब के मेन्टर के रूप मे लायन प्रशान्त पाण्डेय एवं लायन सुनिल कुमार सिंह उपस्थित थे। क्लब के पुर्व अध्यक्ष लायन प्रज्ज्वल भट्टाचार्य ने अपने स्वागत भाषण मे मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथि एव सभी क्लब से आये हुए आमंत्रित सदस्यो, मित्रो एवं नये सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। उन्हे गुलदस्ता, शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग आठ नये सदस्यों को क्लब का सदस्यता शपथ दिलाया गया। चाटर्ड प्रेसिडेंट प्रज्जवल भट्टाचार्य ने अपने कार्यकाल 2022-23 में सभी का सहयोग के लिए क्लब के सभी लायन मेम्बरो का आभार वयक्त किया।

## बाघमारा की जनता परिवर्तन चाहती है : सूरज महतो




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** जन शक्ति दल का धनबाद नगर निगम क्षेत्र के 1 से 5 तक का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सोमवार को कांको स्थित प्रधान कार्यालय में किया गया। जिसमें 1 से 5 वॉर्ड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जनशक्ति दल के सुप्रीमो सुरज महतो ने कहा बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बाघमारा को बर्बाद कर रहे हैं। बाघमारा में बेरोजगारों की फौज खड़ी है। यहां कोई भी जनप्रतिनिधि द्वारा आज तक यहां के औद्योगिक विकास में कोई अहम भूमिका नहीं निभाई गई। बाघमारा को सब मिलकर लूटने का काम कर रहे हैं। बाघमारा किसी की जागीर नहीं है बाघमारा को यूं ही लूटने नहीं देंगे। बाघमारा में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। यहां कोलियरी क्षेत्र है और यहां लोगों को रोजगार दिलाया जा सकता है।

लेकिन यहां के युवक विभिन्न प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि की इच्छा शक्ति की कमी के कारण युवक यहां से पलायन हो रहा है। बाघमारा की जनता अब ऊब चुकी है। बाघमारा की जनता परिवर्तन चाहती है। मौके पर जनशक्ति दल के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुलाम मुर्तजा आलम के नेतृत्व में नगर आयुक्त से मिले जन अधिकार पार्टी के प्रतिनिधिमंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को जन अधिकार पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष गुलाम मुर्तजा आलम के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से उनके कार्यालय में मिल कर वासेपुर स्थित मटकूरिया रोड की जर्जर स्थिति के संदर्भ मे वार्ता की और समस्या के शीघ्र समाधान का आग्रह किया। गुलाम मुर्तजा आलम ने बताया की वासेपुर के आरा मोड़ से मटकूरिया बस्ती की ओर जाने वाली रोड की स्थिति करीब 15 वर्षों से बदतर स्थिति मे है। रोड मात्र नाम का है जबकि रोड पर जगह जगह छोटे बड़े गड्ढे हैं जो आए दिन दुर्घटना का कारण बनते हैं। इस रोड के आस पास करीब 15000 की घनीआबादी बस्ती है और इसी रोड में तीन प्राइवेट स्कूल, सरकारी स्कूल, काली मंदिर, शिव मंदिर सहित दर्जनों दुकानें भी है। इस जर्जर रोड पर लोगों के आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों मे स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सारी बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात नगर आयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को बुला कर इस रोड को दुरुस्त करने की दिशा निर्देश दिए और समस्या के शीघ्र समाधान के प्रति प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मंडल मे गुलाम मुर्तजा आलम, समाजसेवी पारो खान, शाहरुख खान, नियाजुल आलम, फिरोज, जियाउल, डॉ परवेज, राजा, अंजुम परवेज आदि मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार हेमंत सरकार के संस्कार हैं, अधिकारियों को उनके मूल कार्य से भटका दिया गया है : सुदेश महतो

## सैकड़ों की संख्या में दूसरे दल को छोड़कर युवा आजसू में शामिल हुए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आजसू पार्टी के द्वारा लोहरदगा प्रखंड कार्यालय स्थित अवंतिका सभागार (टाउन हॉल) में आयोजित ग्राम प्रभारी सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह में हजारों की संख्या में उपस्थित आजसू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए पार्टी सुप्रीमो केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने वर्तमान झारखंड सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचार हेमंत सरकार की संस्कार बन गई है। ना तो बिना चढ़ावा दिए जिला अनुमंडल एवं प्रखंडों में पदाधिकारियों की पदस्थापना होती है और ना गरीब जनता से घुस लिए बिना पदाधिकारी के यहां कोई काम होता है। चढावा चढ़ाने पर ही एक टेबल से दूसरे टेबल की ओर फाइल सरकता है । उन्होंने कहा कि सरकार प्रशासनिक पदाधिकारी को उनके मूल कार्य से भटका दी है जो राज्यहित में बिल्कुल उचित नहीं है। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने की बारी आ गई है। जनता टकटकी लगाए आजसू की ओर देख रही है क्योंकि उसे पता है कि यह पवित्र कार्य झारखंड में अगर कोई पार्टी कर सकती है तो सिर्फ और सिर्फ आजसू पार्टी हीं कर सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहासुदेश कुमार कि आप ग्राम स्तर के अ ही पार्टी का असली नींव हैं। आप मजबूत बने तभी पार्टी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगी। कमल किशोर भगत के विषय में उन्होंने कहा कि लोहरदगा के आप सभी स्तर के कार्यकर्ता भाग्यशाली हैं कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत के नेतृत्व एवं सानिध्य में आपको कार्य करने का मौका मिला और आपने उनके साथ काम करके अपनी क्षमता का निरंतर विकास किया है जिसका सुखद परिणाम हमें 2024 के विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से देखने को मिलेगा। आजसू पार्टी की नेत्री लोहरदगा विधानसभा प्रभारी और स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नेहरू शांति भगत ने कहा कि आने वाले चुनाव में आप मुझे मौका दें। मैं निश्चित रूप से कमल किशोर भगत जी के अधुरे सपनों को पूरा करूंगी और इस क्षेत्र की सेवा में अपना तन-मन ही नहीं बल्कि सारा जीवन समर्पित कर दूंगी। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष तथा लोहरदगा जिला प्रभारी हसन अंसारी ने ग्रामवार,पंचायतवार और प्रखंडवार संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की और सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने की जबकि सफल संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि एवं महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू के द्वारा किया गया।

## राजाबासा के डांडपानी गांव में श्रमदान से ग्रामीणों ने बनाया सड़क, झापा नेता ने दी मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के राजाबासा पंचायत अंतर्गत डांडपानी गांव में सोमवार को ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान करते हुए गांव की खराब सड़क का मरम्मत किया। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौके पर पहुंचे एवं उन्होंने ग्रामीणों को सड़क मरम्मती हेतु आर्थिक मदद दी। मौके पर ग्रामीणों ने झारखंड पार्टी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जर्जर सड़क की जानकारी पंचायत एवं प्रखंड प्रशासन को जनता दरबार एवं सरकार आपके द्वार के माध्यम से दी गई थी लेकिन किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई तब जाकर बारिश के दिनों में होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने मिलकर सड़क को मरम्मत करने का निर्णय लिया और सड़क को मारा मत किया झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा कि बहुत दुख की बात है किस क्षेत्र में आज भी लोगों की समस्याओं को कोई सुनने वाला नहीं है लेकिन झारखंड पार्टी आपकी समस्या को अपनी समस्या मानती है इसलिए आने वाले दिनों में इस प्रकार की सभी समस्याओं को दूर करने का काम करेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, आशीष सिंह, मारियानुष बागे, नवल हैरेंज, ललित समद, संध्या डांग, चिराग बाड़ा, अमन खेस आदि मौजूद रहे।

## सीडीपीओ नदी रानी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ हुई बैठक



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभागार भवन में सोमवार को सीडीपीओ नदी रानी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। बैठक में केंद्र संचालक,साफ-सफाई, पोषाहार वितरण, टीकाकरण के अलावे पोषण माह को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर सीडीपीओ नदी रानी ने कहा कि एक सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने आंगनबाड़ी में अब तक किए हुए कार्यों के बारे में विशेष जानकारी लेते हुए डोर टू डोर लोगों को पौष्टिक खान-पांच, साफ-सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी देने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित टीकाकरण, गर्भवती व धातृ महिलाओं के बीच पोषाहार वितरण सहित कई बिंदु पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर पर्यवेक्षिका नीलम कुमारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को छूटे हुए किशोरी समृद्धि योजना के आवेदन जमा करने का निर्देश दिया है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सुमित्रा टोप्पो, नीलम कुमारी, बबीता उरांव सहित सहायिका मौजूद थी।

## दिशा एनजीओ दे रहा है वार्ड सदस्यों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 सितंबर सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार मे पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर दिशा एनजीओ के द्वारा प्रखंड के वार्ड सदस्यों को दिया जा रहा है 03 दिवसीय प्रशिक्षण। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रभारी प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी गुहा उराँव, डिस्ट्रिक्ट कोडिनेटर कुमार प्रणय सिंह,दिशा के मास्टर ट्रेनर मनोज टूडू के द्वारा प्रखंड के सभी पंचायत के वार्ड सदस्यो का 11से 13 सितंबर तक 03 दिवसीय दिया जा रहा है प्रशिक्षण। मास्टर ट्रेनर मनोज टुडू ने बताया कि झारखण्ड सरकार के तरफ से पंचायत को शसक्त बनाने के उद्देश्य से वार्ड सदस्यों का 03 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई है। प्रशिक्षण मे वार्ड सदस्यों के कार्यो उनके दायीत्यो के विषय मे स्क्रीन के माध्यम से प्रशिक्षण मे बताया गया। उन्होने कहा कि जबतक पंचायत ससक्त नहीं होगा तबतक पंचयातो का सर्वांगीण विकास असम्भव है। मौके पर कैरो पंचायत के मुखिया वीरेन्द्र महली, सढाबे उप-मुखिया जगबन्धन भगत, वार्ड सद्स्य राजु महली, रुपा उराँव, अमृता मिंज, उज्ज्वला तिग्गा, शाहीन प्रवीण, गोविंद महतो, अनिल हजाम, नौसाद अली, इत्यादि वार्ड सद्स्य प्रशिक्षण मे उपस्थित थे।

# करम पूर्व संध्या समारोह कार्यक्रम 24 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी कर्मचारी समिति, लोहरदगा का विशेष बैठक समिति के अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में की गई। आज के बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष करम पूर्व संध्या समारोह कार्यक्रम दिनांक 24.09.2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मिडिया प्रभारी ने कहा कि झारखंड सरकार से निवेदन करता हूँ कि दीपावली, दशहरा पूजा मे पदाधिकारी एवं कर्मियों को मासिक वेतन का भुगतान किया जाता है उसी तरह झारखण्ड मे भी माह सितंबर 2023 को करम पूजा से पहले वेतन भुगतान किया जया साथ ही करमा पूजा मे दो दिन छोट्टी घोषित किया जाए साथ ही साथ सभी सदस्य गण ससमय अपना अपना सहयोग राशि जमा करेंगे। सहयोग राशि प्राप्त करने हेतु विभाग बार निम्न पदधारियों को जिम्मेवारी दी गई 1, जिला मुख्यालय-धनंजय भगत,अरविंद उरांव, सुखदेव उरांव 2, कुडू प्रखंड = किशोर उरांव एवं ज्योति उरांव 3, सेंहा प्रखंड = बिफाई उरांव एवं अंजू कुजूर, रेखा उरांव 4, किस्को प्रखंड,= अभिषेक एक्का एवं कुलदीप उरांव 5, पेशरार प्रखंड = सुनील मिंज एवं इंद्रजीत उरांव 6, लोहरदगा प्रखंड = सत्यदेव भगत एवं बलेश्वर भगत 7, भंडारा प्रखंड = दिनेश उरांव 8, कैरो प्रखंड= रघुनाथ मुंडा। अगला बैठक16/9/2023 दिन शनिवार को रखा गया है अपराहण 3 बजे। बैठक में मुख्य रूप से बिफाई उरांव, बिनोद उरांव, अभिषेक एक्का, धनंजय भगत, सुश्री अंजू कुजूर, रेखा उरांव, अजय भगत, अरविंद उरांव, कुलदीप केर केट्टा, अनुप उरांव, तारामणि टाना भगत, सुखदेव उरांव,भरत कुमार मलाई, दिनकर भगत,राजेंद्र उरांव, बुद्धदेव उरांव, सुशील कुमार भगत, बिक्रम उरांव, सुधीर उरांव इत्यादि उपस्थित थें।

# सिमडेगा को खेल हब के रूप में विकसित करना झारखंड पार्टी का एकमात्र उद्देश्य : संदेश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत कोलेबिरा से प्लस टू उच्च विद्यालय स्टेडियम में झारखंड पार्टी द्वारा आयोजित स्वर्गीय मरांग गोमके जयपाल सिंह जोड़ा टूर्नामेंट का सेमी फाइनल मैच कदम टांड व कोलेबिरा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक अवधि में दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर सकी। तत्पश्चात पेनाल्टी शूटआउट में 3 -1 से कदम टांड की टीम ने विजय हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया वहीं दूसरे सेमीफाइनल बम्बोटोली व शिवनाथपुर के बीच खेला गया इस मैच में भी निर्धारित समय अवधि को दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर सकी और अंततः पेनल्टी शूटआउट में शिवनाथपुर की टीम ने 5-4 से विजय हासिल किया । फाइनल मैच शिवनाथपुर और कदम टांड के बीच खेला गया, जिसमें दोनों ही टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और इस कांटे के मुकाबले में कदम टांड की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 1-0 से विजय हासिल करते हुए इस फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया । इससे पूर्व झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री व झारखंड पार्टी युवा अध्यक्ष विभव संदेश एकका के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात खेल मैदान में बॉल को हिट कर फाइनल मैच की शुरुआत की गई । झारखंड पार्टी युवा अध्यक्ष संदेश एकका ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी हमेशा से ही खेल को बढ़ावा देते आई है और हमारे क्षेत्र मे प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अभावों के बीच रहते हुए भी सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने एक मुकाम हासिल की है। खेल के माध्यम से अपनी जिंदगी बनानी है तो किसी भी परिस्थिति में मन लगाकर खेलिए इसके माध्यम से भी रोजगार के अवसर मिलते हैं।

## ओम प्रकाश सिंह ने निवर्तमान पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार को पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को, निवर्तमान आरक्षी अधिक्षक श्री आर. रामकुमार को भाजपा तथा सेवा भारती के द्वारा अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए बताया कि लोहरदगा में उनकी पदस्थापना के समय जिला साम्प्रदायिक तनाव के दौर से गुजर रहा था,विश्वास की कमी तथा सन्देह का वातावरण व्याप्त था, किन्तु एक पुलिस कप्तान के तौर पर उन्होंने लोगों के अन्दर विश्वास जगाया और एक कुशल पुलिक अधिकारी के रूप में जिला में डर के माहौल को समाप्त करने में सफलता प्राप्त किया। जिला में उन्होंने उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण के साथ समन्वय बनाकर युवाओं को खेल तथा रचनात्मक कार्यो से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जिला में उग्रवाद के उन्मुलन के लिये भी ठोस रणनिती अपनाई, जिससे जिला में उग्रवाद पर अंकुश लग सका, निवर्तमान आरक्षी अधीक्षक श्री आर. रामकुमार को सम्मानित करने के अवसर पर ओम प्रकाश सिंह के अलावा, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,भाजपा नेता अजय पंकज, सेवा भारती के उपाध्यक्ष शशिभूषण सिंह तथा अतुल कुमार आदि शामिल थे।

## सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई तरह की योजना चला रही है : रेणुका तिग्गा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा भौंरो मोड़ स्थित स्वयं सहायता आजीविका क्लस्टर भवन में सोमवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन भंडरा क्लस्टर से जुड़ी महिला समुह दीदियों को ऑडिटर का गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक बीएपी रेणुका तिग्गा ने कहा कि सरकार स्वयं सहायता आजीविका समूह के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए कई तरह के योजना चला रही है। महिला दीदी सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का लाभ लेकर अपने आर्थिक स्थिति को मजबूती दें सकते है। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस संस्था द्वारा महिलाओं को योग्यता व कार्य क्षमता अनुसार रोजगार से जोड़ा जा रही है। जिसमें मुर्गी पालब, मशरूम, खेती, आटा चक्की,टेंट हाउस सहित कई तरह के काम के लिए ऋण मुहैया कराया जाता है। इसके माध्यम से भी महिलाएं रोजगार से जुड़ सकती है। इस दौरान प्रशिक्षण में बैठक पंजी, बैठक के दौरान ऋण वितरण, ब्याज राशि जमा लेना, महिलाओं को रोजगार से जोड़ने को लेकर प्रशिक्षित किया गया। मौके पर पीआरपी लिली पुष्पा, सीएलएफ किरण देवी, अमन मिश्रा, चांदमुनी देवी सहित स्वयं सहायता आजीविका समुह की दीदी मौजूद थी।

## इन्टरनेशनल स्पोर्ट्स जयपुर में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हाई स्कूल जिंगी के खिलाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** हमारे खिलाड़ियों मे कराटे का बहुत जुनून है, अभी और पदक जीतेंगे हम अपने प्रधानाध्यापक की कल कही गई बात स्वरूप आशीर्वाद को आज चरितार्थ कर दिखाया है प्रखंड क्षेत्र स्थित रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के छात्र-छात्राओं ने। आज विद्यालय की रानी कुमारी (कक्षा दसवीं) ने इंटरनेशनल स्पोर्ट्स लिमिटेड ऑफ जयपूर, राजस्थान के तत्वाधान में आयोजित खेल कराटे लीग चैंपियनशिप 2 में गोल्ड मेडल और रौशनी कुमारी ने ब्रांज मेडल पर कब्जा जमा लिया है। सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर, राजस्थान मे आयोजित इस कराटे चैंपियनशिप में कल रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी के कराटे खिलाड़ियों ने एक गोल्ड मेडल सहित कुल चार मेडल जीतने में सफल हुए थे।अब तक यह आंकड़ा दो गोल्ड सहित कुल छ मेडल जीतने का हो चुका है। विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने मौके पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए सभी खिलाड़ियों और उनके कोच देवंती कुमारी एवं विनय कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के शानदार प्रदर्शन कर कई पदक जीतने से विद्यालय सहित कुडू प्रखंड और लोहरदगा जिला का नाम राष्ट्रीय फलक पर रौशन हुआ है।

# प्रखंड यूथ कांग्रेस कमिटी का बैठक हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कॉंग्रेस कार्यालय में सोमवार को विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के सेन्हा प्रखंड विधानसभा कमिटी के तहत कॉंग्रेस कार्यकारणी का बैठक बिशुनपुर विधानसभा यूथ अध्यक्ष इमरान आजाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित विधान सभा प्रभारी संदीप कुमार, महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष बॉबी भगत और माइनॉरिटी कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष जयनाथ साहु को पौधा दे कर सम्मानित किया गया। प्रभारी संदीप कुमार द्वारा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिये कार्यकर्ता तैयारी में लग जाएं वर्ष 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव है। कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं के बिना चुनाव जितना सम्भव नही है। वही प्रखण्ड कमिटी,पंचायत कमिटी व बूथ कमिटी गठन करने का भी निर्देश दिया गया। महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष बॉबी भगत ने कहा कि देश मे कॉंग्रेस की सरकार बनेगी जनता का रुझान कॉंग्रेस पार्टी की ओर है। इसके लिये कार्यकर्ताओ को मेहनत करने की आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी का विचारधारा से जनता को अवगत कराने की जरूरत है।

## जन-भावना फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ हेल्थ केयर कार्ड व बालिका समृद्धि योजना को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा प्रखंड के कुलुकेरा पंचायत सचिवालय में जन भावना फाउंडेशन (NGO)के तत्वधान में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों के आखिरी जन तक विकास व बदलाव हो सके।इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है अच्छी शिक्षा, स्वस्थ व रोजगार पहुंचना।वर्तमान में जन भावना फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के सम्बन्ध में लोगों को बताया जा रहा है और लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए पहल कर रहे हैं साथ ही साथ बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना,बालिकाओं को सशक्त व समृद्ध बनाना है। आपका सहयोग हमारा प्रयास के साथ हर हाथ हुनर जन-जन को रोजगार है। पंचायत को स्मार्ट गांव बनाना है, इस फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले दिनों में स्मार्ट मार्ट, स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लिनिक,नशा मुक्ति, मशरूम ट्रेनिंग, मत्स्य पालन ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग,सिलाई ट्रेनिंग, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, बालिका विकास योजना, माइक्रो फाइनांस, खेल कूद, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग, कौशल विकास सहित सभी किसान लोगों कोभी लाभ दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में कुलुकेरा पंचायत की मुखिया श्रीमति हीरामुनी देवी, JBF के PH मीना किंडो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोहरदगा डालसा के पहल पर मजदूरों का हुआ श्रम विभाग में निबंधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 11 सितंबर 2023 को हुगली जिला, पश्चिम बंगाल से डालसा के प्रयास से रेस्क्यू कराये गए मजदूरों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार से मुलाकात की । आज उपस्थित 12 मजदूरों ने अपनी आपबीती प्राधिकार के सचिव को सुनाया और कहा कि उन लोगों का अब भी कुल 2,04648/-रुपया बकाया है। जिसे उन लोगों को भुगतान नहीं किया गया है। बकाये राशि के भुगतान के लिए मजदूरों ने एक लिखित आवेदन प्राधिकार के सचिव को दिया। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने हुगली जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव समिष्टा घोष को दूरभाष से संपर्क किया जिससे जानकारी मिली कि इन मजदूरों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हुगली के सचिव से संपर्क स्थापित नहीं किया। और उनकी बातों को बिना सुने समझे, त्योहार मनाने अपने घर भंडारा वापस आ गए जिस कारण उनका भुगतान नहीं किया जा सका। प्राधिकार के सचिव ने उन लोगों को भरोसा दिलाया कि उनका प्रयास रहेगा कि उन सभी का बकाये राशि का भुगतान अविलंब हो जाए। इससे पूर्व 22 मजदूरों को डालसा के प्रयास से रेस्क्यू कराया गया था जिसमें मजदूरों का कुल 6, 11, 548 रूपये का भुगतान हुआ था।मजदूरों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने इस बात पर बल दिया कि कोई भी मजदूर काम करने के लिए जब बाहर जाता है तो श्रम विभाग में उसका निबंध अवश्य करवाएं । श्रम विभाग द्वारा निबंधन कराए जाने को लेकर मजदूरों के बीच जागरूकता का अभियान चलाया गया। इसके लिए स्वयं लोहरदगा श्रम अधीक्षक दिनेश भगत उपस्थित थे उन्होंने मजदूरों को श्रम विभाग में निबंधन कराने के फायदे बताए उन्होंने कहा कि आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में श्रमिक को यदि वह निबंधित है तो सरकार से उसे ? 200000/- की सहायता राशि प्रदान की जाती है। आज उपस्थित सभी श्रमिकों का डालसा सचिव के निर्देश पर श्रम विभाग लोहरदगा में निबंधन भी कराया गया। श्रम विभाग जो समाहरणालय स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के बगल में जिसका कार्यालय है, में निबंधन बिल्कुल निःशुल्क की जाती है। उपस्थित श्रमिकों को यह कहा गया कि अगल-बगल के गांव में जितने भी श्रमिक जो काम करने बाहर जाते हैं वह श्रम विभाग में अपना निबंधन कराएं और यदि उन्हें किसी तरह का परेशानी होती है तो पीएलवी से संपर्क करें या डालसा कार्यालय लोहरदगा से संपर्क करें।

# संकल्प यात्रा व मेरी माटी मेरा देश को लेकर सिमडेगा-कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा एवं मेरी माटी मेरा देश के निमित्त भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक कोलेबिरा के नगर भवन एवं सिमडेगा विधानसभा का जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि संकल्प यात्रा को लेकर क्रमवार कार्यकर्त्ताओं को जिम्मेवारी सौप दी गयी है, सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेवारी में लग जाए और ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर संकल्प यात्रा को सफल बनाएं । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी राकेश भास्कर ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा से राज्य की दशा और दिशा बदलने वाली है पूरे राज्य में संकल्प यात्रा को लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है,सिमडेगा एवं कोलेबिरा में भी संकल्प यात्रा ऐतिहासिक हो ये हम सब को प्रयास करना है संकल्प यात्रा के जिला संयोजक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता सक्रिय होकर संकल्प यात्रा का प्रचार प्रसार करें,और बूथ तक के कार्यकर्ता शामिल हों ये प्रयास करें,साथ ही मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त हर घर से मिट्टी संग्रह करें । भाजपा जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की जिन्हें भी कार्यक्रम की जिम्मेवारी दी गई है वह अपने-अपने कार्यों में लग जाए साथ ही भाजपा के जितने भी कार्यकर्ता है जिला स्तर मंडल स्तर बूथ स्तर सभी सक्रिय होकर संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लें, संकल्प यात्रा को लेकर सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है उस उत्साह को भीड़ में बदलनी है। साथ ही मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रीय कार्यक्रम है यह कार्यक्रम सैनिकों के सम्मान के लिए है कार्यकर्ता घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी का संग्रह करें वह मिट्टी दिल्ली में अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी, अमृत कलश दिल्ली ले जाने के लिए स्वयंसेवक का भी चयन करना है जो दिल्ली तक जाएंगे जिन्हें प्रधानमंत्री जी संबोधित करेंगे। पूर्व बिद्यायक निर्मल कुमार बेसरा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सैनिकों के सम्मान के लिए चलाए जा रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी की अच्छी सोच का परिणाम है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

विविध

रांची, मंगलवार, 12 सितंबर 2023 | पेज 12


**चलते चलते एक नजर**

## किसानों के अधिकारों के लिए वैश्विक संगोष्ठी मंगलवार से, राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन

**नई दिल्ली :** किसानों के अधिकार को लेकर चार दिवसीय वैश्विक सम्मेलन मंगलवार से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। 12 से 15 सितंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. त्रिलोचन महापात्रा ने कहा कि भारत की ओर से कृषकों के अधिकारों पर आयोजित यह पहली वैश्विक संगोष्ठी आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर, एनएएससी काम्प्लेक्स, नई दिल्ली में होगी। इस वैश्विक संगोष्ठी में 500 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय संधि के राष्ट्रीय केंद्र बिंदु सहित 86 देशों के प्रतिनिधि, दुनिया भर के किसान निकाय, नीति निर्माता, वैज्ञानिक, अनुसंधान विद्वान, उद्योग प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, अंतर सरकारी और गैर-सरकारी संगठन, कानूनी विशेषज्ञ और नागरिक समाज शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह में पौधों की किस्मों और किसानों के अधिकार संरक्षण (पीपीवीएफआर) अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के अनुसार पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण (पीपीवीएफआर) प्राधिकरण द्वारा स्थापित कृषक पुरस्कार दिया जाएग। पात्रा ने कहा कि भारत अपने पीपीवीएफआर अधिनियम, 2001 के माध्यम से पौधा किस्म पंजीकरण के माध्यम से कृषकों के अधिकारों को शामिल करने वाला दुनिया का पहला देश है। अब तक, पीपीवीएफआर प्राधिकरण ने 2,073 कृषक किस्मों सहित 5,293 पौधा किस्मों को पंजीकृत कर सुरक्षा प्रदान की है। पात्रा ने बताया कि संगोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय संधि के अनुच्छेद 9 में निर्धारित कृषकों के अधिकारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर पांच अलग-अलग तकनीकी सत्रों, दो पैनल चर्चाओं और तीन विशेष सत्रों में विचार-विमर्श किया जाएगा। कृषक मंच पर एक विशेष सत्र में कृषकों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। पात्रा ने कहा कि इस गोष्ठी में कृषक अधिकारों का दिल्ली फ्रेमवर्क होगा, जो कृषकों के अधिकारों के कार्यान्वयन के लिए संभावित मार्ग प्रशस्त करेगा।

## जी 20 शिखर सम्मेलन में भारत की तकनीक के साथ आर्थिक ताकत भी प्रदर्शितः जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन ने भारत की तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ आर्थिक ताकत को भी प्रदर्शित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी के संयोजन को एक संस्था के रूप में स्थापित किया है। हमारे पास पारंपरिक ज्ञान पुस्तकालय था, जिसे अब टीकेडीएल (ट्रेडिशन अंडर प्राइमल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी) के नाम से जाना जाता है। सोमवार को सीएसआईआर--नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च (सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर), के वन वीक वन लैब (ओडब्ल्यूओएल) कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत मंडपम के साथ नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा निर्मित कुछ नवीनतम स्मारक में पारंपरिक विरासत के साथ नवीनतम वैज्ञानिक कौशल, प्रौद्योगिकी और वास्तुकला के संयोजन को देखा जा सकता है।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सीबीएसई का मुख्य उद्देश्य : अविनाश






प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगरः** दुनिया के बढ़ती आबादी के बीच मंजिल के दौड़ में खुद को स्थापित करना बड़ा ही कठिन कार्य है। किंतु इसी प्रतिस्पर्धा के भीड़ में क्षमतावान प्रतिभाशाली प्रतिभागी बेतहासा दौड़ लगा रहे हैं। मंजिल पाने का सबसे सस्ता सूत्र है शिक्षा, पर यह इतना तरल है कि इसे रोकना बड़ा मुश्किल है। शिक्षा के जो कच्चा माल है वह हैं बच्चे जिनके अंदर पेवश करना देश की जिम्मेदारी है। कोई भी देश अलग अलग विभागों के लिए एक बोर्ड बना रखा है और वह बोर्ड उस विभाग के उन्नति के लिए रात दिन शोध करते रहता है। भारत में नामचीन शैक्षिक जो बोर्ड है वह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड है। देश भर के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर शोधात्मक कार्यशाला चलाते रहता है। विश्व बिरादरी में भारत के बच्चे बहुमुखी प्रतिभा के धनी कैसे बने,भारत का परचम प्रतियोगिता के दौर में ऊँचा कैसे बना रहे इसके लिए सी बी एस ई जी तोड़ कोशिश कर रही। इन्ही सब बिंदुओं के मद्देनजर संत मरियम विद्यालय में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पटना से आये प्रशिक्षक रामरक्षा प्रसाद बच्चों के बौद्धिक विकास,पकड़ क्षमता,प्रतियोगी दिमाग,निडर मुकाबले के गुण बच्चों में विकसित करने के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन कर ÷क्रिटीकल एंड क्रिएटिव थिंकिंग विषय शिक्षकों के बीच रखे। रिसॉर्स पर्सन रामरक्षा प्रसाद,चिंसु सिंह, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किये। पुष्पगुच्छ देकर सबों को स्वागत किये। सैकड़ो बच्चे सैकड़ो सवाल,अलग अलग प्रकृति अलग अलग हरकत मकसद एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। दो दिनों के गहन मंथन के बाद 10 सितंबर की शाम शिविर की समापन की गई। प्रशिक्षण का जो निचोड़ निकला पारिवारिक सामाजिक आर्थिक वस्तुगत स्थिति के मद्देनजर बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए मस्तिष्क को मजबूत करने पढ़ाने में अपनी तकनीकी ऊर्जा को लगाते महती भूमिका निभाएं। समापन में पर्यावरण स्वच्छता को ख्याल रखते सबों को मिट्टी का जलपात्र देकर विदा किये।

# यूपी में बारिश का कहर, दो की मौत

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जगह-जगह भारी जलभराव की समस्या बन गई है. नदी-नाले उफान पर हैं और कई जगह पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया है. मौसम विभाग की चेतावनी के बाद लखनऊ के डीएम ने रविवार को स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी है..बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर भारी बारिश की वजह से रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है. लोगों के घरों में पानी घुसने के बाद अब प्रशासन रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है. शहर के घंटाघर मोहल्ले में जमुरिया नाला का पानी घुस गया है. यहां दो दिनों से एक घर में फंसे आठ लोगों को पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला है. मृतकों के नाम कल्लू (13) और अवनीश (17) हैं.वहीं, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बारिश से प्रभावित जिलों में तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है. साथ ही पीड़ितों के बीच राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने फसलों के नुकसान का आकलन कर अधिकारियों को जानकारी देने का आदेश दिया है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि दी जा सके.

# सीसीएल का तीन दिवसीय कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कन्वेंशन सेंटर, सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची में तीन दिवसीय कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस (8-10 सितंबर 2023) का आयोजन किया गया। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर का चिकित्सा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मेडिकल कॉन्फ्रेंस में करीब 200 डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कोल इंडिया के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद ने किया और इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2023 का विषय ÷एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली - तकनीकी नवाचार था।देश के प्रसिद्ध विषेशज्ञ चिकित्स्कों जैसे पद्मश्री डॉ. एन. के. पाण्डेय एवं अन्य ने विभिन्न विषयों पर सम्बोधन किया और विस्तार से चर्चा किया। सीसीएल और कोल इंडिया के अन्य सहायक कंपनियों के डॉक्टर चार अलग-अलग वैज्ञानिक सत्रों में अपने पेपर प्रस्तुत किये - फ्री पेपर सत्र (17 पेपर), चेयरमैन अवार्ड सत्र (5 पेपर), केस प्रेजेंटेशन सत्र (22 पेपर) और डीएनबी सत्र (12 पेपर)।कोल इंडिया मेडिकल कांफ्रेंस का समापन 10 सितम्बर को हुआ जिसमें कोल इंडिया के निदेशक (पी/आईआर), विनय रंजन मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम की सफलता पर सीसीएल को बधाई एवं शुभकामना दी।

इस विशेष अवसर पर निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मिश्र ने कार्यक्रम के सफल होने के साथ-साथ कार्यक्रम के माद्यम से होने वाले नॉलेज शेयरिंग के विषय में अपना विचार प्रकट किया और आगे भी इस तरह के आयोजन के लिए सभी डॉक्टरों को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के दौरान अतिथिगण ने विभिन्न श्रेणी में विजेता चिकित्सकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। डॉ. उत्पला चक्रबर्ती, सीएमएस एवं विभागाध्यक्ष (नेत्र) ने धन्यवाद ज्ञापन की।

**विजयी चिकित्सकों का श्रेणीवार नाम निम्नलिखित हैं**

**डीएनबी सत्र**

प्रथम : डॉ. नरेश कोलिपक्का, डीएनबी रेसिडेंट, सीसीएल

द्वितीय : डॉ. अनुश्री डीके, डीएनबी रेसिडेंट, सीसीएल

**चेयरमैन अवार्ड सत्र**

प्रथम : डॉ. नीता प्रकाश, एमएस, एमसीएल

द्वितीय : डॉ. कन्दुकुरी ची., डिप्टी. एमएस, डब्ल्यूसीएल; डॉ. के. सी. सूर्यनारायण, डिप्टी. एमएस, डब्ल्यूसीएल

तृतीय : डॉ. अरिंदम बनर्जी, एमएस, ईसीएल

**फ्री पेपर सत्र**

प्रथम : डॉ. जीतेन्द्र कुमार, एमएस, सीसीएल

द्वितीय : डॉ. अंशुल कुमार, एमएस, बीसीसीएल; डॉ. संजय कुमार केडिया, सीएमओ, सीसीएल

तृतीय : डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, सीनियर एमओ, बीसीसीएल

सांत्वना पुरस्कार : डॉ. सत्राजीत रॉय, एमएस, ईसीएल

**केस प्रेजेंटेशन सत्र**

प्रथमः डॉ. महेंद्र कुमार साहू, सीनियर एमओ, एमसीएल

द्वितीय : डॉ. सोनम जैन, एमएस, डब्ल्यूसीएल; डॉ. अनीता कुमारी, एमएस, सीसीएल

तृतीय : डॉ. सुमन पाल, एमएस, एसईसीएल

सांत्वना पुरस्कार : डॉ. खुसबू सावन, एमएस, सीसीएल

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरी दुनिया में मनेगा दीपोत्सव



एजेंसी

**अयोध्या :** विश्वहिंदू परिषद के देश भर के शीर्ष पदाधिकारी दो दिन से अयोध्या में जुटे हैं। विहिप की केंद्रीय टोली की बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई, महोत्सव को भी ऐतिहासिक बनाने पर मंथन हुआ। जिस दिन रामलला अपने नए मंदिर में विराजेंगे उस दिन पूरी दुनिया में दीपोत्सव मनेगा। मठ-मंदिर, घर-घर में अनुष्ठान होगा। पूरा विश्व महोत्सव का साक्षी बन सके इसलिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपूर्ण विश्व में आनंदोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। देश ही नहीं विदेशों में निवास करने वाले भी इस महोत्सव में सहभागी हों। बैठक में संघ के पूर्व सह सर कार्यवाह भैयाजी जोशी, विहिप के महामंत्री मिलिंद परांडे, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, डॉ अनिल मिश्र, कामेश्वर चौपाल, विहिप के उपाध्यक्ष जीवेश्वर, संयुक्त मंत्री कोटेश्वर समेत कई प्रांतों के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

### रामराज्याभिषेक जैसा होगा माहौल : भैयाजी

संघ के पूर्व सह सर कार्यवाह भैयाजी जोशी ने कहा, राममंदिर के उद्घाटन पर रामराज्याभिषेक जैसा माहौल होगा। देश-विदेश के रामभक्त मंदिर के उद्घाटन पर अयोध्या आने को आतुर हैं। विश्वास है कि लाखों लोग रामलला के दर्शन को आएंगे, बिना बुलाए आएंगे।

### दिखेगी 120 देशों की सांस्कृतिक छटा

प्राण प्रतिष्ठा के लिए 120 देशों के कलाकारों को भी आमंत्रित करने की तैयारी है। ये देश ऐसे हैं जहां राम व रामलीला की संस्कृति आज भी कायम है। इन देशों के कलाकारों को महोत्सव में आमंत्रित करने पर विचार जल रहा है। हर देश से दस-दस कलाकारों की टीम बुलाई जा सकती है। ये सांस्कृतिक मंचों पर अपनी संस्कृति के अनुरूप राम गाथा प्रस्तुत करेंगे।

### बांकेबिहारी मंदिर के लिए 505 करोड़ की कार्ययोजना तैयार

बांके बिहारी मंदिर में लगातार बढ़ रहे श्रद्धालुओं को देखते हुए वहां की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन पर सरकार काफी फोकस कर रही है। इसी के तहत विकास कार्य व कॉरिडोर निर्माण को लेकर ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने 505 करोड़ का विस्तृत प्लान तैयार किया है।

## सऊदी अरब ने मीडिया ओएसिस में दिखाई अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं की झलक

**नई दिल्ली :** भारत की अध्यक्षता में राजधानी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर सऊदी अरब के मीडिया मंत्रालय की तरफ से राजधानी के ओबरॉय होटल में मीडिया ओएसिस का आयोजन किया गया। 'डिस्कवर सऊदी अरबियाड़ विजन 2030' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में सऊदी अरब में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सऊदी अरब के विकास और प्रगति की रूपरेखा को डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से पेश किया गया। इसमें सऊदी अरब के सांस्कृतिक मंत्रालय और खेल मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं के अलावा निवेश, अर्थव्यवस्था और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के ड्रीम प्रोजेक्ट 'नियोन सिटीः दि लैण्ड ऑफ फ्यूचर' आदि पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।

# दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला, इस साल भी दीपावली पर नहीं जलेंगे पटाखे




एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में हर साल दीपावली पर हवा प्रदूषित हो जाती है. इसको देखते हुए दिल्ली सरकार ने पिछले साल दीपावली पर पटाखों को जलाने और बेचने पर रोक लगा दी थी. अब केजरीवाल सरकार ने फिर ऐलान किया है कि इस साल भी दीपावली में पटाखे नहीं जलेंगे. दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि सर्दियों में बढ़ने वाले प्रदूषण को लेकर ऐसा निर्णय लिया गया है.पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि दिल्ली में सर्दियों में प्रदूषण का लेवल बढ़ जाता है. जनवरी से लेकर अगस्त तक दिल्ली का एवरेज, ्त्क्ष्ठ काफी कम रहता है. लेकिन, ज्यों-ज्यों सर्दी बढ़ती है, हवा प्रदूषित होने लगती है. गोपाल राय ने कहा कि इस साल भी दिल्ली में सभी तरह के पटाखे बनाने, बेचने, भंडारण और इस्तेमाल करने पर पूरी तरह से रोक रहेगी.गोपाल राय ने कहा कि दीपावली के मौके पर दीयों के साथ पटाखे चलाने की परंपरा चली आ रही है. लेकिन इससे दीपावली के अगले दिन दिल्ली में चारों ओर धुएं की चादर बिछ जाती है. बता दें कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य पंजाब और हरियाणा में किसान सर्दियों में खेतों में पराली जलाते लगते हैं, जिसका असर दिल्ली के हवा की गुणवत्ता पर भी पड़ता है.

इसको लेकर खुद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरावल ने पंजाब और हरियाणा के किसानों को खेतों में पराली नहीं जलाने की अपील की है.

गोपाल राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 23 अक्टूबर 2018 को आदेश देकर ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की बात कही थी. लेकिन उसकी आड़ में जहरीले पटाखे बनाए गए. इसके बाद 1 दिसंबर 2020 को एनजीटी ने आदेश दिया कि जहां-जहां हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में है, वहां पर पटाखों को बैन किया जाए.

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर लगेगा आयुष्मान मेला : मांडविया



एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री का जन्मदिन 17 सितंबर को हैं और इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. कई राज्य इस अवसर पर जनकल्याण कार्यक्रम करने की योजना बना रहे हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयुष्मान भवः कैंपेन के जरिए आयुष्मान मेला लगाया जाएगा और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया,आयुष्मान भवः एक अभियान है और प्रधानमंत्री मोदी जी मानवता की सेवा के लिए सिर्फ देश में ही नहीं दुनियाभर में जाने जाते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया. आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये की मुफ्त इलाज की गारंटी दी. आज प्रधानमंत्री मोदी ने शोषितों के लिए काम किया. वंचितों के लिए काम किया, वंचितों के लिए काम किया. ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर ( 17 सितंबर) पर हमने तय किया कि एक पखवाड़ा तक आयुष्मान भवः अभियान चलाएंगे.

### सभी सेंटर पर आयुष्मान मेला लगाया जाएगा

मनसुख मांडविया ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत आरोग्य लक्ष्य सेवा के प्रति जागरुकता फैलाई जाएगी. देशभर में इस समय 1 लाख 17 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर काम कर रहे हैं. मंत्रालय ने तय किया है कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत इन सभी सेंटर पर आयुष्मान मेला लगाया जाएगा. इसमें सभी गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का उपचार होगा. भारत सरकार के जो भी कार्यक्रम चल रहे हैं, उनका मिशन मोड में कार्यान्वयन हो उस उद्देश्य के साथ हमने आयुष्मान भवः अभियान को लॉन्च किया है.

## चीन को सीमा पर बुनियादी ढांचे के मामले में पछाड़ देगा भारत

**नई दिल्ली :** भारत आने वाले दो से तीन वर्षों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचा का विकास करने के मामले में चीन को पछाड़ देगा। यह दावा करते हुए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि भारत अब लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचे लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को जम्मू के देवक पुल से बीआरओ की 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि चीन के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरा जोर दिया जा रहा है। चीन सीमा से 50 किमी. से कम दूरी पर भारत ने लद्दाख के हवाई क्षेत्र को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। इसके लिए न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) पर लड़ाकू अभियानों के लिए 2.7 किमी लंबा कंक्रीट रनवे बनाया जा रहा है।

# शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से पंडालों का निर्माण कार्य शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। नवरात्र को लेकर राजधानी रांची में कई जगहों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाए जाते हैं। कई पूजा पंडालों में कार्य शुरू हो गया है। इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है। यह बहुत ही शुभ है। वर्षा और कृषि के लिए उत्तम है। जबकि 23 अक्टूबर को माता का गमन भैंसा पर हो रहा है। यह शुभ नहीं है। 23 को श्रवण नक्षत्र होने से इसी दिन माता का गमन होगा। पंडित मनोज पांडेय ने सोमवार को बताया कि शशिसूर्ये गजारूढा शनिभौमे तुरंगमे। गुरौ शुक्रे दोलायां बुधे नौका प्रकीर्तिता । इस श्लोक का अर्थ है कि रविवार और सोमवार को प्रथम पूजा यानी कलश स्थापना होने पर मां दुर्गा हाथी पर आती हैं। शनि और मंगलवार को कलश स्थापना होने पर माता घोड़े पर आती हैं। इस साल की नवरात्रि 15 अक्टूबर रविवार से शुरू होगी और 23 अक्टूबर सोमवार को इसका समापन होगा। 24 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा विजयादशमी मनाई जाएगी। 15 अक्टूबर अश्विन माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होगी। शारदीय नवरात्रि जो पूरे नौ दिनों की होगी। उन्होंने बताया कि देवी पुराण के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार और रविवार को शुरू होती है ,तो मां दुर्गा का वाहन हाथी पर होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है।

मंगलवार और शनिवार से नवरात्रि की शुरुआत होने पर मां घोड़े पर सवार होकर आती है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। गुरुवार और शुक्रवार से नवरात्रि शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती है, जो रक्तपात, तांडव जन-धन की हानि का संकेत देता है। उन्होंने बताया कि बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत शुभ मानी जाती है। इसमें मां नाव पर सवार होकर आती है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो तो मां दुर्गा भैंस पर सवार होकर जाती है। यह सवारी देश में शोक और रोग बढ़ाती है। शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां दुर्गा मुर्गा पर सवार होकर जाती है। मुर्गा की सवारी दुख और कष्ट बढ़ाने वाली है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि का समापन होने पर मां हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करती है, जो अधिक वर्षा का संकेत देता है। इसका समापन गुरुवार को हो तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती है। जो सुख और शांति बढ़ाने वाला होता है।